


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





03 भाजपा को फिर लगा झटका, रमेश पहलवान पार्षद पत्नी कुसुम लता ...

अमेरिकी रिपब्लिकन 'डेलाइट सेविंग टाइम' को रद्द करने के लिए दबाव ... 12



वर्ष : 15 | अंक : 240 | नई दिल्ली, सोमवार, 16 दिसंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# डल्लेवाल मजबूत इरादों वाले किसान नेता, हमारे भविष्य के लिए लड़ रहे लड़ाई : विनेश फोगाट

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। खनौरी बॉर्डर पर माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। पिछले 20 दिन से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल अनशन तोड़ने को तैयार नहीं हैं। उनसे मिलने पहुंची जुलाना विधायक और पहलवान विनेश फोगाट ने कहा ये बड़ी बात है कि वो हमारे लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। विनेश फोगाट अपने पति सोमबीर राठी के साथ किसान नेता का हालचाल जाने खनौरी बॉर्डर पहुंची। फोगाट ने कहा कि इससे बड़ा कोई दुख नहीं है। डल्लेवाल मजबूत इरादों के किसान नेता है। उन्हें सरकार ने ऐसी हालत में छोड़ दिया है। उनकी जरूरत हमें है। बात करने और अमल में लाने में अंतर है। आज एक बुजुर्ग वह व्यक्ति वहां भूखा बैठा है, कैंसर से पीड़ित है और उसने अपनी पत्नी को भी खो दिया है, फिर भी वह हमारे भविष्य के लिए लड़ रहा है और बहुत संघर्ष कर रहा है। ये बड़ी बात



है। बता दें, पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने केंद्रीय गृह मंत्रालय में निदेशक मयंक मिश्रा के साथ अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मुलाकात की और उनसे बातचीत की। डल्लेवाल से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार हम अनशनकारी नेता को तत्काल चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाने आए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि डल्लेवाल बहुत महत्वपूर्ण किसान नेता और वरिष्ठ नागरिक हैं। ऐसे में सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हें चिकित्सा सुविधा मिले, क्योंकि खेती-किसानी के मुद्दों के लिए जीवन बहुत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री भगवंत मान का संदेश डल्लेवाल तक पहुंचाया है। सीएम का कहना है कि डल्लेवाल का जीवन कीमती है। उन्होंने आगे कहा कि धरना स्थल पर एंबुलेंस और अन्य उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं और पंजाब सरकार के अलावा प्रशासनिक अधिकारी भी किसानों के संपर्क में हैं। हम यहां किसानों से राज्य सरकार के साथ समन्वय करके मानवीय आधार पर चिकित्सा देखभाल सुविधाओं को स्वीकार करने की अपील करने आए हैं। डीजीपी ने यह भी कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने केंद्र सरकार के साथ चैनल खोले हैं और प्रदर्शनकारी किसानों के साथ बातचीत फिर से शुरू करने को लेकर बातचीत की जा रही है। वहीं गृह मंत्रालय में निदेशक मयंक मिश्रा कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार उनकी मांगों को सुनने आए हैं।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 36°C

न्यूनतम तापमान 28.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 71,105 |
| चांदी | 81,500 |
| सेंसेक्स | 78,886 |
| निफ्टी | 24,117 |

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह ने राजस्थान के मुख्यमंत्री को जन्मदिन की बधाई दी



जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित तमाम नेताओं ने रविवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को उनके जन्मदिन की बधाई दी। शर्मा ने मुख्यमंत्री के रूप में अपने पहला साल भी रविवार को ही पूरा किया। प्रधानमंत्री मोदी ने शर्मा को जन्मदिन की बधाई देते हुए एक्स पर पोस्ट कर कहा, भाजपा के कर्मठ और कर्तव्यनिष्ठ नेता एवं राजस्थान के लोकप्रिय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई। जमीनी स्तर पर कार्य करने का उनका लंबा अनुभव राज्य के चहुंमुखी विकास में बहुत उपयोगी साबित हो रहा है।

## महत्वपूर्ण खबर



### हम 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करेंगे : किरेन रिजिजू

नई दिल्ली, एजेंसी। लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी की टिप्पणी पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने पलटवार किया। उन्होंने वायनाड सांसदी की समझ पर सवाल उठाते हुए कहा पीएम का मंत्र किसी एक दल या ग्रुप के लिए नहीं था। रिजिजू ने कहा, ह्यकांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी को अभी समझ में नहीं आया होगा। वह अभी नई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए 11 मंत्र दिए हैं।

### पाटीदारों के बीच हुई हिंसक झड़प दो लोगों की मौत, एक की हालत नाजुक

समस्तीपुर, एजेंसी। समस्तीपुर जिले में मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र के हेमनपुर गांव में पाटीदारों के बीच शनिवार रात आपसी रंजिश में हुई गोलीबारी और मारपीट की घटना में दो लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए पटना के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान तपेश्वर सिंह के पुत्र नवीन सिंह (50), अजय कुमार सिंह के पुत्र गौरव सिंह (35) के रूप में हुई है।

# उपराष्ट्रपति धनखड़ ने ग्वालियर में किया देश के पहले जियो साइंस म्यूजियम का उद्घाटन

## पृथ्वी एवं मानव जाति की उत्पत्ति और विकास की अनूठी जानकारियां उपलब्ध हैं म्यूजियम में, डायनासोर का अण्डा भी देखा जा सकता है म्यूजियम में

प्रात : किरण/ एजेंसी

ग्वालियर, एजेंसी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को ग्वालियर में देश के पहले जियो साइंस म्यूजियम (भू-विज्ञान संग्रहालय) का उद्घाटन किया। ग्वालियर के ऐतिहासिक महाराज बाड़ा पर हैरीटेज बिल्डिंग विक्टोरिया मार्केट में स्थापित अत्यधुनिक जियो साइंस म्यूजियम के उद्घाटन अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय संचार व पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केन्द्रीय कोयला व खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, ग्वालियर जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट एवं सांसद भारत सिंह कुशवाह भी मौजूद थे।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने पट्टिका का अनावरण कर एवं म्यूजियम के प्रवेश द्वार पर फीता काटकर देश के पहले अत्यधुनिक जियो साइंस म्यूजियम का उद्घाटन किया। साथ ही ग्वालियरवासियों को इस अनूठी सौगात की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी अतिथियों के साथ म्यूजियम की विभिन्न गैलरियों में दर्शाए गए भू-विज्ञान से संबंधित चित्रों, कलाकृतियों एवं जानकारियों को देखा एवं म्यूजियम की सराहना की।

म्यूजियम के उद्घाटन के बाद उप राष्ट्रपति धनखड़ ने महाराज बाड़ा पर स्थित वास्तु



शिल्प के उत्कृष्ट नमूनों के रूप में खड़ीं ऐतिहासिक इमारतों को भी देखा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, केन्द्रीय मंत्री सिंधिया एवं विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने उप राष्ट्रपति को महाराज बाड़ा की इमारतों के शिल्प एवं शैलियों से अवगत कराया। राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद द्वारा ग्वालियर नगर निगम के सहयोग से तैयार किए गए देश के इस पहले अत्यधुनिक एवं अद्भुत जियो साइंस म्यूजियम में पृथ्वी की उत्पत्ति, मानव जाति व मानव सभ्यता का विकास व ब्रम्हाण्ड से जुड़ीं अनूठी जानकारियाँ समाहित हैं। म्यूजियम में डायनासोर का अण्डा सहित कीमती वस्तुएँ पर्यटकों को देखने के लिये उपलब्ध हैं। यह म्यूजियम भू-विज्ञान से संबंधित बच्चों से लेकर बड़ों तक की जिज्ञासाओं का समाधान उपलब्ध है। साथ ही वैज्ञानिक दृष्टि से भी यह संग्रहालय ज्ञानवर्धक है। पृथ्वी विज्ञान से संबंधित दुर्लभ भू-वैज्ञानिक नमूनों को मल्टीमीडिया डिस्प्ले के जरिए म्यूजियम में दिखाया गया है।

**संग्रहालय में दो गैलरियाँ, एक गैलरी में पृथ्वी की उत्पत्ति व विकास की जानकारी :** जियो साइंस म्यूजियम में दो गैलरियों के माध्यम से भू-विज्ञान के बारे में लाइट इफेक्ट के साथ आकर्षक ढंग से जानकारी संजोई गई है। एक गैलरी में पृथ्वी के विकास को दशार्या गया है, जिसमें उल्लेख है कि पृथ्वी अपने मूल स्वरूप में किस प्रकार आई और कौन-कौन सी चीजों से मिलकर पृथ्वी बनी है। वर्तमान में जो पृथ्वी है, असल में वह कैसी दिखती है। पृथ्वी के भीतर लावा किस तरह से तैयार होता है और ज्वालामुखी फूटने से किस तरह पर्वतों का निर्माण होता है। यह सब जानकारियां बखूबी ढंग से संग्रहालय में दशार्यी गई हैं। यहाँ आने वाले पर्यटन भूकम्प का अनुभव भी कर सकेंगे। इसके अलावा वायु मण्डल और महासागर के बारे में भी वर्णन है। लाइट इफेक्ट और अत्यधुनिक मशीनी तकनीक से बड़े बखूबी ढंग से यह सब प्रदर्शित किया गया है।

मानव सभ्यता के विकास की गाथा बयां कर रही है दूसरी गैलरी-जियो साइंस म्यूजियम की दूसरी गैलरी में मानव जाति और मानव सभ्यता के विकास को बड़े बखूबी ढंग से प्रदर्शित किया गया है। इसमें यह भी दशार्या गया है कि धरती पर डायनासोर की उत्पत्ति व विलुप्ति हुई। साथ ही मानव की उत्पत्ति कैसे हुई और कैसे उसका जीवनक्रम आगे बढ़ा। मानव सभ्यता की जीवन शैली में आए बदलाव का यह वर्णन भी दर्शनीय है।

**कार्यक्रम में इनकी भी रही मौजूदगी:** जियो साइंस म्यूजियम के उद्घाटन कार्यक्रम में भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के महानिदेशक असित साहा, संभाग आयुक्त मनोज खत्री, पुलिस महानिरीक्षक अरविंद सक्सेना, कलेक्टर रुचिका चौहान, पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, नगर निगम आयुक्त अमन वैष्णव एवं जियो लॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के अधिकारीगण भी मौजूद थे।

# जम्मू-कश्मीर में लेफ्टिनेंट गवर्नर के साथ सत्ता शेयर करना विनाश की रेसिपी की तरह

## सीएम उमर ने कहा-जल्द से जल्द जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किया जाए

प्रात : किरण/ एजेंसी



नई दिल्ली। सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में लेफ्टिनेंट गवर्नर के साथ सत्ता शेयर करना विनाश की रेसिपी की तरह है। उन्होंने कहा कि डबल पावर सेंटर सिस्टम कभी काम नहीं करेगा। उमर ने यह बात एक साक्षात्कार में कही। सीएम उमर ने कहा कि मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि किसी भी जगह डबल पावर सेंटर होना आपदा का कारण बन सकता है। अगर कई पावर सेंटर हैं तो कोई भी संगठन ठीक से काम नहीं कर सकता है। यही कारण है कि हमारी खेल टीम में एक कप्तान होता है, दो नहीं। उमर ने केंद्र सरकार से अपना वादा निभाने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किया जाए। केंद्र सरकार ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर के स्पेशल स्टेटस को खत्म कर दिया था। इस दौरान इसे दो केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया गया था। उमर अब्दुल्ला ने दिल्ली का उदाहरण देते हुए कहा कि यहां कि सरकार लेफ्टिनेंट गवर्नर के साथ पावर शेयर करती है। ये कड़वा और विवादास्पद अनुभव है। दिल्ली छोटा राज्य है, जबकि जम्मू और कश्मीर एक बड़ा और रणनीतिक एरिया है। उन्होंने कहा कि पिछले दो महीनों में जब से मैं सीएम बना हूँ मुझे अभी तक एक भी ऐसा उदाहरण नहीं मिला जहां जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश होने से कोई लाभ मिला हो। ऐसा एक भी उदाहरण नहीं है जहां शासन या विकास का काम जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश होने के कारण मिला हो।

सीएम उमर ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव केवल सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के कारण ही हो सके। हमारे लिए दुर्भाग्य की बात है कि जम्मू-कश्मीर राज्य का दर्जा के सवाल पर सुप्रीम कोर्ट ने जितना अस्पष्ट फैसला दिया। अब्दुल्ला ने स्वीकार किया कि जम्मू-कश्मीर के हाइब्रिड राज्य बने रहने की स्थिति में उनके पास एक बैकअप योजना है। उन्होंने कहा कि मेरे पास बैकअप योजना नहीं होगी तो यह मूर्खता होगी।

# विदेश में तैनाती: वियतनाम तटरक्षक जहाज 16 दिसंबर को पहुंचेगा कोच्चि

प्रात : किरण/ एजेंसी

कोच्चि। वियतनाम तटरक्षक जहाज सीएसबी 8005 भारत में चल रही विदेशी तैनाती के हिस्से के रूप में 16 दिसंबर को कोच्चि पहुंचने वाला है, जिसका उद्देश्य दोनों बलों के बीच समुद्री सहयोग और अंतर-संचालन को बढ़ाना है।

यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार चार दिवसीय यात्रा के दौरान वीसीजी जहाज का चालक दल समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया (एमपीआर), समुद्री खोज एवं बचाव (एम-एसएआर), और समुद्री कानून प्रवर्तन पर ध्यान केंद्रित करते हुए पेशेवर बातचीत में शामिल होगा। वहीं, गतिविधियों में क्रॉस-डेक प्रशिक्षण, विषय वस्तु विशेषज्ञ आदान-प्रदान, सामाजिक संपर्क, मार्ग अभ्यास (पीएएसएसईएक्स), प्रमुख अग्निशमन अभ्यास, विजिट बोर्ड सर्च एंड सीजर



(वीबीएसएस), काउंटरड्रग्स इंटरडिक्शन और भारतीय तटरक्षक के साथ तेल प्रदूषण प्रतिक्रिया प्रदर्शन शामिल हैं। इस यात्रा का उद्देश्य न केवल वियतनाम तटरक्षक और भारतीय तटरक्षक के बीच संबंधों को मजबूत करना है, बल्कि जहाज निर्माण में भारत की तकनीकी उन्नति को प्रदर्शित करना भी है, जो 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' की अवधारणा का समर्थन करता है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारतीय तटरक्षक और वियतनाम तटरक्षक के बीच एक मौजूदा समझौता ज्ञापन (एमओयू) है, जिसने दो समुद्री एजेंसियों के बीच सहकारी जुड़ाव को संस्थागत रूप दिया है। वीसीजी जहाज का यह दौरा एमओयू के प्रावधानों के अनुरूप है और इसलिए, यह विदेशी मित्र देशों (एफएफसी) के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने के लिए भारतीय तटरक्षक की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। वीसीजी जहाज की यात्रा प्रमुख समुद्री साझेदारों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण है, जो समकालीन समुद्री चुनौतियों का समाधान करते हुए क्षेत्र में समुद्रों की सुरक्षा, संरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। समुद्री सुरक्षा पहलू पर आईसीजी का बढ़ता फोकस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास' (सागर) के दृष्टिकोण के अनुरूप भारत की वैश्विक नेतृत्व स्थिति को मजबूत करने में एक लंबा रास्ता तय करेगा।

# राजस्थान: डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने देसूरी नाल में खतरनाक मोड पर हो रहे हादसों का निरीक्षण किया

प्रात : किरण/ एजेंसी

पाली। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी रविवार को देसूरी नाल पहुंची और खतरनाक मोड पर हो रहे हादसों का निरीक्षण किया। हाल ही में स्कूली बस हादसे में तीन बच्चियों की मौत हो गई थी, जिसके बाद उन्होंने अधिकारियों को जयपुर से बुलाकर सड़क के सुधार और हादसों से बचने के उपायों पर चर्चा की। उपमुख्यमंत्री ने यह सुनिश्चित करने की दिशा में काम करने की बात की कि इस रास्ते पर भविष्य में हादसे न हों। इसके बाद, दिया कुमारी मुंडारा पहुंची, जहां उन्होंने पंचायत राज और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री ओटाराम देवासी जी की माताजी के देवलोक गमन पर श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवारजनों को ढांढस बंधाया। उपमुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा कि मैंने खतरनाक मोड पर हो रहे हादसों का निरीक्षण किया। सभी अधिकारियों को भी जयपुर से बुलाया। डीएम समेत यहां के अधिकारी भी आए। वहां सेफ्टी के लिए जो दीवार बनानी पड़ेगी और बैरिकेड लगाने हैं, वह तुरंत किया जाएगा। नेशनल हाईवे को राजस्थान राज्य सड़क विकास निगम (आरएसआरडीसी) के तहत ट्रांसफर करने की प्रक्रिया भी जल्द शुरू कर दी गई है। इसके अलावा, जो मुख्य समस्या ओवरलोडिंग की है, उस पर प्रशासन और पुलिस को ध्यान देना होगा। ओवरलोडिंग रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि रोड को चौड़ा करने और अन्य आवश्यक उपायों पर काम किया जाएगा। यह नेशनल हाईवे को ट्रांसफर किया जाएगा, तब वहां एलिवेटेड रोड बनाने की संभावना भी होगी। हम लोग पूरी तरह से लगे हुए हैं। समय खराब नहीं होगा, क्योंकि वह एक्सीडेंट जोन है।

# मोदी को कभी चायवाला नहीं कहा: अय्यर

प्रात : किरण/ एजेंसी



नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा है कि उन्होंने नरेन्द्र मोदी को कभी चायवाला नहीं कहा और भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) नेता के प्रधानमंत्री पद के लिए अनुपयुक्त होने संबंधी उनकी धारणा का चाय बेचने के उनके अतीत से कोई लेना-देना नहीं था। अय्यर ने 2014 के आम चुनावों से पहले अपनी टिप्पणियों से उपजे विवाद का जिक्र अपनी पुस्तक ह्यए मैवरिक इन पॉलिटिक्स में किया है, जिसे जगरनॉट द्वारा प्रकाशित किया गया है। अय्यर (83) ने पुस्तक में कहा है कि 2014 में भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार मोदी को आगामी आम चुनावों में स्पष्ट विजेता के रूप में प्रचारित किया जा रहा था।

उन्होंने पुस्तक में लिखा, मैं इस बात से बहुत भयभीत था कि जिस व्यक्ति की छवि गुजरात में 2002 में मुसलमानों के नरसंहार के कारण दागदार है, वह महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू के भारत का नेतृत्व करने की आकांक्षा रख सकता है। अय्यर ने कहा कि इसलिए, जनवरी 2014 में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के पूर्ण अधिवेशन के दौरान एक साक्षात्कार में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह अपमानजनक है कि एक ऐसा व्यक्ति जो यह नहीं जानता कि सिकंदर कभी पाटलिपुत्र नहीं आया था या तक्षशिला पाकिस्तान में था, वह उस पद पर आसीन होने की कोशिश कर रहा है, जिस पर कभी जवाहरलाल नेहरू आसीन थे।

अय्यर ने कहा, मैंने कहा था किभारत के लोग यह कभी स्वीकार नहीं करेंगे। फिर मैंने मजाक में कहा था कि अगर चुनाव हारने के बाद भी मोदी चाय परोसना चाहते हैं, तो हम उनके लिए कुछ व्यवस्था कर सकते हैं। अय्यर ने अपनी पुस्तक में लिखा, तब से लेकर अब तक यह कहा जा रहा है कि मैंने कहा था कि मोदी इसलिए प्रधानमंत्री नहीं बन सकते क्योंकि वह चायवाले थे। मैंने कभी मोदी को चायवाला नहीं कहा और न ही कभी यह कहा कि चायवाला होने की वजह से वह कभी प्रधानमंत्री नहीं बन पाएंगे। उन्होंने लिखा कि वास्तव में अपने आपको चायवाला कहने वाले खुद मोदी थे।

**मुकाबला** आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा भी इस मैत्रीपूर्ण मुकाबले का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा, यह एक अच्छी पहल है।

# सांसदों पर चढ़ा क्रिकेट का बुखार: राज्यसभा सभापति और लोकसभा अध्यक्ष एकादश के बीच मुकाबला

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। रविवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट मुकाबला ब्रिसबेन में खेला जा रहा है। वहीं लोकसभा और राज्यसभा सांसदों के बीच भी क्रिकेट का बुखार चढ़ गया। दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में राज्यसभा चेयरमैन-11 और लोकसभा स्पीकर-11 के बीच एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस मुकाबले में भाजपा के नेता, केंद्रीय मंत्रियों के साथ साथ कांग्रेस के भी सांसद शामिल हैं। इस मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का एकमात्र उद्देश्य टीबी मुक्त भारत और फिट इंडिया है। आज इस मैत्रीपूर्ण मुकाबले को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के सांसदों ने प्रतिक्रिया दी। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने इस मैत्रीपूर्ण मुकाबले को लेकर मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, हमारे कई सांसद समकक्ष यहां फिटनेस के उद्देश्य से खेलने आए हैं। खेल के माध्यम से लोगों में जोश भरने के लिए इसका आयोजन किया गया है। मुझे यकीन है कि सभी भरपूर ऊर्जा के साथ खेलेंगे। हमारा मंत्र टीबी इंडिया और फिट इंडिया मूवमेंट का है। बिना फिटनेस के आप देश के लिए कुछ नहीं कर सकते हैं। आपको मानसिक और शारीरिक रूप से फिट होना पड़ेगा। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा, पीएम मोदी ने 2025 तक टीबी मुक्त भारत बनाने का लक्ष्य दिया है। वैश्विक लक्ष्य 2030 का है। अगर आप 2015 से अबतक देखेंगे तो टीबी से होने वाली मौतों में 38 प्रतिशत की गिरावट हुई है। नए मामलों में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। विश्व स्तर पर



यह संख्या आठ फीसदी है। भारत पूरी दुनिया से बेहतर कर रहा है। लेकिन भारत की जनसंख्या बहुत अधिक है। इसका इलाज है। सरकार मुफ्त दवाएं उपलब्ध कराती है। इसके लिए 1000 रुपये प्रदान करती है। मामलों को भी ट्रैक किया जाता है। भाजपा सांसद राजीव प्रसाद रूडी ने कहा, टीबी मुक्त भारत की दिशा में सांसदों का यह अनोखा



प्रयास है। हमारे टीम के कप्तान अनुराग ठाकुर हैं। वे खेल मंत्री भी रह चुके हैं। यह सांसदों का दूसरा चेहरा है। क्रिकेट विश्व का सबसे दिलचस्प खेल है। राज्यसभा की टीम का नेतृत्व संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू कर रहे हैं। भाजपा सांसद मनोज तिवारी भी इस मुकाबले में शामिल हुए। उन्होंने कहा, ₹हम संदेश देना चाहते हैं कि हम सांसद हैं, फिर भी हम मैदान पर दौड़ेंगे। यह मैच खेलेंगे और टीबी के खिलाफ जागरूकता पैदा करने का प्रयास करेंगे। टीवी को हराया जा सकता है। आज का मैच कौन जीतता है ये अलग बात है लेकिन हमें टीबी को हराना है और देश को जिताना है।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, ₹पीएम मोदी ने बताया कि पिछले 70 वर्षों में और कांग्रेस के लगभग छह दशकों के शासन के दौरान कैसे संविधान के प्रावधानों को कमजोर किया गया। इसे संशोधित किया गया और कांग्रेस ने इसे अपने हितों के अनुरूप बदल दिया। प्रधानमंत्री ने यही कहा है और यह कुछ ऐसा है जिस पर पीएम मोदी ने अपनी राय नहीं दी बल्कि उन्होंने तथ्य बताया है।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹भारत के प्रधानमंत्री केवल एक पार्टी के लिए नहीं हैं। पीएम पूरे देश के लिए हैं। पीएम का विजन पूरे देश के लिए है। मैं सभी विपक्षी सांसदों से आग्रह करता हूं कि वे पीएम के संदेश की भावना को समझें और अभियान में शामिल हों। केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू किंजरपु ने कहा, ₹टीबी बनाम भारत मुकाबले में हिस्सा लेकर खुशी हो रही है। मैं आज एक शानदार कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सभी आयोजकों को बधाई देना चाहता हूं। पीएम ने बहुत प्रतिबद्धता से कहा है कि हमें 2025 तक टीबी को हराना है। इसे देखते हुए कार्यक्रमों की लंबी श्रृंखला की गई है और आज, देश में अधिक जागरूकता पैदा करने और सभी लोगों को इसमें एक साथ लाने के लिए एक कदम आगे बढ़ाया जा रहा है। टीबी के खिलाफ लड़ाई के लिए हम यह क्रिकेट मैच आयोजित कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पालिका और पंचायतों के आरक्षण में बड़े उलटफेर

**देहरादून, एजेंसी।** शहरी विकास विभाग की ओर से जारी अनंतिम अधिसूचना के हिसाब से ही पूरी प्रक्रिया शुरू हुई है, जिस पर आपत्तियों की सुनवाई के बाद अंतिम अधिसूचना जारी हो जाएगी। एकल सदस्यीय समर्पित आयोग की रिपोर्ट के हिसाब से मेयर ही नहीं नगर पालिका और नगर पंचायतों में भी अध्यक्ष पद पर आरक्षण के बड़े उलटफेर हुए हैं। इस बदलाव से दावेदारी की समीकरण भी बदल जाएंगे। 2018 के निकाय चुनाव में जो पद सामान्य थे, उनमें से ज्यादातर अब आरक्षित हो गए हैं। जो आरक्षित थे, उनमें भी बदलाव हो गया है। शहरी विकास विभाग की ओर से जारी अनंतिम अधिसूचना के हिसाब से ही पूरी प्रक्रिया शुरू हुई है, जिस पर आपत्तियों की सुनवाई के बाद अंतिम अधिसूचना जारी हो जाएगी।

### 10 वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़ कर परिजनों को पीटा, आरोपी गिरफ्तार

**देहरादून/हरिद्वार, एजेंसी।** पथरी थाना क्षेत्र में 10 साल की बच्ची से छेड़छाड़ करने के बाद युवक ने अपने पिता-भाई के साथ मिलकर उसके परिजनों से मारपीट कर दी। पुलिस ने मारपीट, पॉक्सो एक्ट सहित प्रभावी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने शिकायत देकर बताया कि बृहस्पतिवार को उसकी 10 वर्षीय पुत्री से सावेज ने छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकतें कर दी। बच्ची ने घर पहुंचकर इसकी जानकारी उन्हें दी, तब सावेज से इस बारे में पूछा गया तो उसने अपने पिता जमील, भाई शोएब के साथ मिलकर घर में घुसकर गाली-गलौज करते हुए परिजनों से मारपीट कर दी। आरोप है कि कानूनी कार्रवाई करने पर हत्या कर देने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत पर तीनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने सावेज को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

### दुकान में घुसकर धारदार हथियार से हमला किया, केस

**देहरादून/हरिद्वार, एजेंसी।** हरकी पैड़ी से सटे रामघाट के पास बाजार में एक दुकानदार पर धारदार हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक, नितिन शर्मा पुत्र मुकेश कुमार निवासी बद्री बावला हवेली हरिद्वार की रामघाट पर दुकान है। पुलिस को दी गई तहरीर में नितिन शर्मा ने बताया कि बात 12 दिसंबर की शाम वह दुकान पर बैठा था। इसी बीच विभु निवासी रामघाट अचानक दुकान पर आकर अभद्र भाषा बोलने लगा। फिर उसने गाली गलौज शुरू कर दी। उसने व पड़ोसियों, दुकानदारों ने उसे समझाया, लेकिन व माना नहीं। आरोप है कि हत्या कर देने की धमकी देते हुए वह दुकान में घुस गया और नितिन पर धारदार हथियार से वार कर दिए, जिससे वह घायल हो गया। ये घटनाक्रम दुकान पर सीसीटीवी कैमरे भी कैद हो गया। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि आरोपी विभु के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शीतकाल के लिए बंद हुए लाटू मंदिर के कपाट

**गोपेश्वर, एजेंसी।** चमोली जिले के देवाल के वाण गांव में स्थित राजराजेश्वर नंदा के धर्म भाई और क्षेत्र के अराध्य भगवान लाटू मंदिर के कपाट पूजा विधान के साथ शीतकाल के लिए बंद किए गए हैं। इस मौके पर सैकड़ों भक्तों ने ढोल-नगाड़ों और पंच स्वरों के साथ देवता के जयकारे लगाए। शनिवार को मार्गशीर्ष की शुक्ल पूर्णिमा के दिन मंदिर के पुजारी खीम सिंह और प्रताप सिंह ने लाटू मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश किया और भगवान लाटू का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना किया। उसके बाद मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए। इस अवसर पर जिपंस कृष्णा बिष्ट,लाटू मंदिर समिति के अध्यक्ष कृष्णा बिष्ट, उपाध्यक्ष हीरा सिंह पहाड़ी, पूर्व डिप्टी रेंजर तिलोक बिष्ट, नारायण सिंह, हीरा गढ़वाली आदि मौजूद थे।

# हरिद्वार-ऋषिकेश पैसेंजर में यात्रियों से लूटपाट, पांच गिरफ्तार, जीआरपी के सामने हाथ जोड़ते नजर आए बदमाश

**हरिद्वार, एजेंसी।**
हरिद्वार-ऋषिकेश पैसेंजर ट्रेन में पांच बदमाशों ने फिरोजाबाद के यात्रियों को डरा-धमकाकर लूटपाट कर डाली। जीआरपी थाने में मुकदमा दर्ज कर एक टीम ने बदमाशों को गिरफ्तार कर लूटा गया मोबाइल, नकदी बरामद कर ली। आरोपितों ने ऋषिकेश के श्यामपुर क्षेत्र में भी दुकानों की चोरी को अंजाम दिया था। पांचों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

जीआरपी के सीओ स्पप्निल मुयाल ने बताया कि प्रभव शुक्ला निवासी गली नंबर-6 महावीर नगर फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश अपने दोस्त के साथ शुक्रवार को हरिद्वार-ऋषिकेश पैसेंजर ट्रेन में सफर कर रहे थे। मोतीचूर के समीप ट्रेन में कुछ युवकों ने राड, पिस्टल से डरा-धमकाते हुए मोबाइल फोन, पर्स, आइडी लूट ली और मोतीचूर के पास ट्रेन रुकते ही कूदकर जंगल में फरार हो गए।

मुकदमा दर्ज कर जीआरपी थानाध्यक्ष अनुज सिंह के नेतृत्व में जीआरपी व एसओजी की टीम गठित की गई। गाजियाबाद रेलवे स्टेशन से शुक्रवार रात में मुखबिर की सूचना पर पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं जीआरपी की टीम जब उन्हें



निशानदेही के लिए ले गई तो आरोपी हाथ जोड़ते हुए नजर आए।

पांचों ने पूछताछ में अपने नाम अंश शर्मा निवासी गौतमबुद्ध पार्क किरायेदार राहुल का मकान थाना मझौला जिला मुरादाबाद, दीपक शर्मा निवासी ग्राम पलड़ा थाना हस्तिनापुर जिला मेरठ, प्रदीप पाल निवासी ग्राम भोला थाना सिसोली जिला बरेली, विवेक भाटी निवासी डकिया भूड थाना गजरौला जिला अमरोहा, सागर निवासी ग्राम स्योहारा थाना स्योहारा जिला बिजनौर बताए। आरोपितों ने कुबूल किया कि उन्होंने ट्रेन में लूटपाट की थी। इससे पहले 11 दिसंबर को रात में श्यामपुर, ऋषिकेश क्षेत्र में भी चार दुकानों के शटर तोड़कर चोरी की थी। विकास खंड कालसी के ग्राम पंचायत काहा नेहरा पुनाहा के तीन गांव भोडा, बालनू और असाईयाता आजादी दशकों बाद भी सड़क सुविधा से वंचित हैं। ग्रामीणों को लगभग पांच किमी की पैदल दूरी तय करने के बाद वाहन सुविधा मिलती है। ऐसे में ग्रामीण पीठ पर सामान ढोने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने गांव को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए एक बार फिर जिलाधिकारी देहरादून को ज्ञापन भेजा है। जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल को भेजे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि तीन गांव भोडा, बालनू व असाईयता सड़क सुविधा से पूर्णतया वंचित हैं। ग्रामवासियों ने इससे पूर्व भी सरकारों को विभिन्न माध्यमों से अवगत कराया है। ग्रामीणों ने कहा कि तीनों गांवों के लोग काहा नेहरा पुनाहा थैना मोटर मार्ग से गांव के लिए सड़क की मांग कर रहे हैं, लेकिन शासन प्रशासन समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा है।

# बिजली-पानी के लिए हायतौबा, आठ ट्यूबवेल ठप रहने से 35 हजार लोगों को नहीं मिला जल

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
हल्द्वानी में शुक्रवार को बिजली व पानी के लिए हायतौबा मची रही। घंटों बिजली ठप होने से छह से ज्यादा ट्यूबवेल भी नहीं चल पाए। इस वजह से बड़ी आबादी क्षेत्र में पेयजलापूर्ति नहीं हो पाई।

हल्द्वानी शहर में शुक्रवार को बिजली व पानी के लिए हायतौबा मची रही। घंटों बिजली ठप होने से छह से ज्यादा ट्यूबवेल भी नहीं चल पाए। इस वजह से बड़ी आबादी क्षेत्र में पेयजलापूर्ति नहीं हो पाई। बिजली व जल संस्थान के अधिकारियों के बीच सामंजस्य होता तो विद्युत कटौती से पहले ओवरहेड टैंक भरकर पानी की सप्लाई की जा सकती थी। ऐसा न होने के कारण ही 40 हजार लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्हें बिजली और पानी दोनों तरह की समस्याओं से जूझना पड़ा। बिजली और पानी दोनों से जूझते लोगों ने फोन घुमाए तो पता चला कि शनिवार सुबह ही पेयजल मिल पाएगा।

यूपीसीएल की ओर से लालडांठ चौराहे में विद्युत पोल व ट्रांसफार्मर शिफ्ट करने के लिए सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक बिजली बाधित की गई थी। इस वजह से कमलुवागांजा बिजलीघर के मुखानी, कठघरिया के पीलीकोठी फीडर से जुड़े 10 हजार उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। इन फीडरों के बंद होने से ऊंचापुल, पीलीकोठी, आरटीओ रोड, खड़िया फैक्ट्री मुखानी, हिम्मतपुर तल्ला व मल्ला, ब्लॉक के ट्यूबवेल भी ठप हो गए। इसके कारण ओवरहेड टैंकों में पानी नहीं भरा जा सका। इन टैंकों से रोजाना 35 हजार उपभोक्ताओं को पेयजलापूर्ति होती है। शेड्यूल पूर्व में जारी किया गया था। शुक्रवार को सुबह से ही बिजली ठप होने के कारण जल संस्थान के ओवरहेड टैंकों में पानी नहीं भरा जा सका। इस कारण शाम को कुसुमखेड़ा, ऊंचापुल, ब्लॉक, आरटीओ रोड, मुखानी के उपभोक्ताओं को पेयजलापूर्ति नहीं हो पाई। अब शनिवार सुबह ही सप्लाई होगी। शुक्रवार को शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक आपूर्ति बाधित रही। विद्युतीकरण कार्य के चलते 13 बीघा बिजलीघर में सुबह 11 से शाम 4ः30 बजे और रामपुर रोड फीडर की बिजली सुबह 10ः50 से सायं 4ः50 बजे तक गुल रही।

# स्मार्ट मीटर को लेकर विद्युत विभाग के खिलाफ व्यापारियों का प्रदर्शन, जताया रोष



**हरिद्वार, एजेंसी।** व्यापारियों ने शनिवार को उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन के खिलाफ प्रदर्शन कर रोष जताया। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि बिलों में अतिरिक्त चार्ज जोड़ कर जनता पर अनावश्यक भार डाला जा रहा है।

महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी ने कहा कि बिजली के बिलों में भारी कमियां है, जिसकी वजह से आम जनता हो या व्यापारी सभी त्रस्त है। बिलों में अनावश्यक चार्जेस, अतिरिक्त यूनिट चार्जेस जोड़ विभाग जनता का शोषण कर रहा है। सुनील मनोचा पंकज माटा ने कहा कि जब पहले इलेक्ट्रॉनिक मीटर लगा दिए गए तो अब स्मार्ट मीटर की क्या आवश्यकता है। भूदेव शर्मा एवं प्रीत कमल ने कहा कि उत्तराखंड जैसे राज्य में जहां बिजली-पानी का उत्पादन होता हो उस राज्य में बड़े बिल, अनावश्यक चार्जेस जनता पर थोपकर विभाग सरकार को बदनाम कर रहा है। रोष जताने वालों में नाथीराम सैनी, मुकेश अग्रवाल, राकेश सिंह, अनिल कोरी, रवि बांगा, सोनू चौधरी, पवन पांडेय, नंदकिशोर पांडेय आदि हैं।

# बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में आईटीबीपी की तैनाती, शीतकाल में सुरक्षा व्यवस्था सख्त

**गोपेश्वर, एजेंसी।**
सुरक्षा को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के जवानों को बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में तैनात कर दिया गया है। दोनों धामों में आईटीबीपी की एक-एक प्लाटून शीतकालीन अवधि में सुरक्षा का जिम्मा संभालेगी। इसके अलावा स्थानीय पुलिस और बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के कर्मचारी भी सुरक्षा कार्य में सहयोग करेंगे।

बीकेटीसी के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि 2022 में केदारनाथ धाम के गर्भगृह में सोने की परतें चढ़ाने के बाद शीतकाल में सुरक्षा के महत्व को देखते हुए बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से धामों में आईटीबीपी की तैनाती का



अनुरोध किया था। इसके बाद हर वर्ष कपाट बंद होने के बाद धामों में जवानों की तैनाती की जाने लगी।

इस वर्ष भी धामों के कपाट बंद होने के साथ आईटीबीपी ने सुरक्षा का मोर्चा संभाल लिया है। इस कदम से मंदिरों की सुरक्षा को लेकर श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में भरोसा बढ़ा है।

### दहेज उत्पीड़न में बेटा और उसकी मां दोषमुक्त

**छछरौली, एजेंसी।** वन विभाग प्रधान मुख्य वन संरक्षक जगदीश चंद्र ने वीरवार को करीब आधा दर्जन नर्सरियों का दौरा किया। उन्होंने नर्सरी का दौरा करने के बाद वन विभाग कर्मचारी को निर्देश दिया की नर्सरी में पेड़ पौधों की ज्यादा से ज्यादा किस्मों को बढ़ावा दिया जाए। मुख्य प्रधान वन संरक्षक जगदीश चंद्र ने छछरौली रेंज की कोट, डारपुर व साढौरा बिलासपुर नर्सरी का दौरा कर आम, डेहू, सहिजना व फलों के अच्छी किस्मों के पौधों की ज्यादा नर्सरी तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जब यह पौधे तैयार होंगे, तो इन सभी पौधों का फल मनुष्य व उसके साथ जंगलों में जीव जंतुओं को भी मिलेगा। अगर ज्यादा से ज्यादा फलदार पौधों का पौधरोपण किया जाए तो जंगल में घूम रहे जीव जंतु खाना मिलेगा। उन्होंने कहा कि नर्सरी में तैयार पोपलर को भी आवंटित करने के लिए आने वाले दिन में उनके वन विभाग द्वारा मूल्य निर्धारित कर दिए जाएंगे। उसके बाद किसानों को कम रेटों पर अच्छी वेरायटी के पोपुलर के पौधे मिलेंगे। इस बार वन विभाग ने जिले के सभी नर्सरियों में पोपलर के साथ अन्य किस्मों के करीब 12 लाख पौधे तैयार किए हैं।

# हरिद्वार के बास्केटबॉल खिलाड़ी हैदराबाद में दिखाएंगे दम, एसोसिएशन ने टीम को किया रवाना



**हरिद्वार, एजेंसी।** राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हरिद्वार से बालक एवं बालिका वर्ग के लिए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। बालक वर्ग में सक्षम शर्मा, वेदांत तिवारी, आरव खान, मृत्युंजय, प्रतीक चौधरी और बालिका वर्ग में आरोही चौधरी, पाखी रावत, सिद्धि दीक्षित का चयन हुआ है।

बास्केटबाल में हरिद्वार के खिलाड़ी हैदराबाद में दम दिखाने निकल गए हैं। खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देकर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने रवाना किया। जिला बास्केटबाल एसोसिएशन के सचिव संजय चौहान ने बताया कि सब जूनियर अंडर ङ्क13 बास्केटबाल खिलाड़ियों का चयन उत्तराखंड की टीम के लिए किया गया है।

ये राष्ट्रीय प्रतियोगिता 16 दिसंबर से 21 दिसंबर तक हैदराबाद में होगी। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हरिद्वार से बालक एवं बालिका वर्ग के लिए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है।

बालक वर्ग में सक्षम शर्मा, वेदांत तिवारी, आरव खान, मृत्युंजय, प्रतीक चौधरी और बालिका वर्ग में आरोही चौधरी, पाखी रावत, सिद्धि दीक्षित का चयन हुआ है।

जिला बास्केटबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित नैयर ने खिलाड़ियों को विदा किया। इस मौके पर एसएनएल दानी, एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष विकास तिवारी, भाजपा खेल प्रकोष्ठ के जिला संयोजक योगेश शर्मा, कोच वैभव चौधरी, को-ऑर्डिनेटर अविनाश झा आदि मौजूद रहे।

# 511 नौले-धारों और नदियों को जीवन देगा सारा, सूखते जल स्रोतों का बचेगा अस्तित्व

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** पिथौरागढ़ जिले में सूख चुके या सूखने के कगार पर पहुंच चुके नौले-धारों और नदियों को नया जीवन मिलेगा इसकी पहल शुरू हो चुकी है। स्प्रिंग एंड रिवर रिज्युविनेशन अथॉरिटी (सारा) परियोजना के तहत इन जल स्रोतों का वास्तविक प्रवाह लौटेगा। पिथौरागढ़ जिले में सूख चुके या सूखने के कगार पर पहुंच चुके नौले-धारों और नदियों को नया जीवन मिलेगा इसकी पहल शुरू हो चुकी है। स्प्रिंग एंड रिवर रिज्युविनेशन अथॉरिटी (सारा) परियोजना के तहत इन जल स्रोतों का वास्तविक प्रवाह लौटेगा। पहले चरण में जिले भर में 511 जल स्रोतों और सहायक नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए चुना गया है। सारा परियोजना के तहत सीमांत जिले में जलागम ने ग्राम पंचायत, विकासखंड और जिला स्तर पर ऐसे प्राकृतिक जल स्रोतों को चिन्हित किया है जिनका पूर्व में अस्तित्व मिट चुका है या फिर सूखने के कगार पर पहुंच चुके हैं। जलागम के मुताबिक 498 नौले-धारे और 22 सहायक नदियां ऐसी हैं जो पूरी तरह सूख चुकी हैं या 70 प्रतिशत से अधिक जल प्रवाह घटने से अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही हैं। इन जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के साथ ही इनका वास्तविक प्रवाह लौटाया जाएगा इसमें सिंचाई, लघु सिंचाई, वन सहित अन्य विभागों की भागीदारी होगी। इन जल स्रोतों और सहायक नदियों के आसपास चाल-खाल, सिंचाई पिट, कच्चे तालाब, चैक डाम निर्माण के साथ ही पौधरोपण होगा। जलागम विभाग का दावा है कि अगले तीन साल के भीतर सूख चुके जल स्रोत फिर से अस्तित्व में आएंगे और सूखने की कगार पर पहुंच चुके स्रोतों और सहायक नदियों में फिर से जलधारा बढ़ेगी। सारा के तहत इसके लिए बजट मिलेगा। जलागम के तकनीकी विशेषज्ञ सुनील सती ने कहा कि लंबे समय से जल स्रोतों के सूखने और इनका प्रवाह कम होने के कारण तलाशे जा रहे थे।

# सरकारी कार्य में बांधा पहुंचाना पड़ा भारी, छह हिरासत में

**हरिद्वार, एजेंसी।** सरकारी काम में बांधा पहुंचाने के आरोप में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया दरअसल, गत रोज जनपद के भगवानपुर में एसडीएम के आदेश पर राजस्व विभाग एवं बुग्गावाला पुलिस की संयुक्त टीम के साथ अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चला कर अवैध कब्जा हटाया गया। भगवानपुर निवासी विरमपाल व उनके 05 साथियों ने सरकारी कार्य में बांधा उत्पन्न करने की कोशिश की। पुलिस ने सभी को समझाने का प्रयास किया किन्तु वह पुलिस के साथ भी दुर्व्यवहार करते हुए शांतिभंग करने पर आमादा रहे। पुलिस ने नायब तहसीलदार के आदेश पर सभी को धारा 170 बीएनएसएस के तहत हिरासत में ले लिया। पकड़े गए आरोपितों में विरमपाल (59), सीमा (20), निर्मला (30), डिंपल (25), शुभम (21) व रोनू उर्फ रविंद्र निवासीगण तेलपुरा थाना बुग्गावाला जनपद हरिद्वार हैं।

### बाइक रपटने से हल्द्वानी के वन दरोगा की मौत, ड्यूटी के बाद लौट रहे थे

**हल्द्वानी, एजेंसी।** रामपुर रोड टांडा के जंगल में बाइक रपटने से हल्द्वानी निवासी वन दरोगा की मौत हो गई। वह शुक्रवार देर शाम टांडा जंगल से ड्यूटी के बाद बाइक से हल्द्वानी लौट रहे थे, राहगीरों के मुताबिक, बेलबाला से करीब दो किलोमीटर पहले अचानक बाइक अनियंत्रित होकर रपट गई।

रामपुर रोड टांडा के जंगल में बाइक रपटने से हल्द्वानी निवासी वन दरोगा की मौत हो गई। जज फार्म निवासी ललित मोहन जोशी (55) पुत्र गोविंद बल्लभ जोशी शुक्रवार देर शाम टांडा जंगल से ड्यूटी के बाद बाइक से हल्द्वानी लौट रहे थे।

# एडवोकेट के घर को बनाया निशाना, महिला से भी ठगे जेवरात, चार आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार, एजेंसी।**
कोतवाली गंगनहर क्षेत्र में चोरी व जालसाजी के दो अलग-अलग मामलों में शनिवार को शातिर चोर गिरोह के चार आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से चोरी के कुछ जेवरात पुलिस ने बरामद कर लिए हैं। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक 16 नवंबर को मनमीत सिंह पुत्र सरदार रविंद्र सिंह एडवोकेट निवासी 464 आवास विकास कॉलोनी रुड़की ने अपने घर से अज्ञात द्वारा 25 हजार चोरी कर लिए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं बीती 10 अक्टूबर को



मूसा पुत्र अबुल कयूम निवासी तेलीवाला पाडली गुर्जर रुड़की ने भी तहरीर देकर बताया कि थ्री व्हीलर में बैठे अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी बहन (शाबरी) को बातों में उलझाकर सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए गए।

पुलिस ने घटनास्थल के करीब लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर आरोपितों को चिन्हित किया। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मामले में लिप्त चार आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुछ जेवरात बरामद किए हैं।

# झलतोला में बनी मिनी झील ने बढ़ा दी 50 स्रोतों में जलधारा

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** गंगोलीहाट के झलतोला में बनी मिनी झील ने सूखते जल स्रोतों को नया जीवन दिया है। 88 मीटर लंबी और 25 मीटर चौड़ी झील में पानी भरा तो इससे आसपास के 50 जल स्रोतों में जलधारा बढ़ गई इसकी हर तरफ चर्चा हो रही है।

झलतोला की निवर्तमान प्रधान ममता बोरा ने अपने कार्यकाल में अपने गांव के आसपास सूख रहे जलस्रोतों को नया जीवन देने के साथ ही स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मिनी झील का निर्माण किया। उनकी यह पहल रंग लाई है।

88 मीटर लंबी, 25 मीटर चौड़ी और 1.50 मीटर गहरी मिनी झील में 3300 क्यूबिक मीटर पानी भरा तो इसने आसपास के 50 सूखते जल स्रोतों में नई जान फूंक दी। इन जल स्रोतों का झील बनने से जलस्तर बढ़ गया है जो हर तरफ चर्चा का विषय बने हैं। निवर्तमान प्रधान ममता बोरा ने कहा कि जल संरक्षण को लेकर उनका यह प्रयास सफल रहा है।

पिथौरागढ़। निवर्तमान प्रधान ममता बोरा ने बताया कि यह झील बहुउपयोगी साबित हो रही है। बताया कि पूर्व में पालतू जानवरों के लिए पानी की व्यवस्था करना भी मुश्किल हो रहा था। झील बनने के बाद पालतू जानवरों के लिए पर्याप्त पानी मिल रहा है तो जंगली जानवर भी इससे अपनी प्यास बुझा रहे हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, सोमवार, 16 दिसंबर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली पुलिस की मुठभेड़ में बदमाश गिरफ्तार, 20 मिनट में झपटी थी दो चेन

नई दिल्ली। सात दिसंबर को अमन विहार थाना क्षेत्र में 20 मिनट के भीतर चेन स्नेचिंग की दो वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश को पुलिस मुठभेड़ के बार गिरफ्तार कर लिया है। भागने के प्रयास के दौरान बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग की, जवाबी फायरिंग में उसके पांव में गोली लगी। इसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया। घटनास्थल से चार खाली कारतूस मिले हैं। पुलिस ने आरोपित से एक पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस व चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद की है। मुठभेड़ कल देर रात अमन विहार में सेंट्रल पार्क के पास हुई। रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि हाल ही में अमर विहार क्षेत्र में 20 मिनट के अंतराल पर स्नेचिंग की दो वारदात हुई थीं, इसके बाद पुलिस ने रोहित उर्फ दातला निवासी सुल्तानपुरी को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान उसने अपने साथी राजकुमार उर्फ राज का नाम बताया। इसके बाद पुलिस ने राजकुमार के बारे मे जानकारी जुटाई। कल सूचना मिली कि राजकुमार उर्फ राज अपने साथी से मिलने के लिए देर रात अमन विहार की सेंट्रल पार्क में आएगा। इसके बाद पुलिस ने क्षेत्र अपना जाल बिछाया, देर रात मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति पार्क की ओर आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे पकड़ने की कोशिश की, इसी दौरान उसने भागने के लिए पुलिस पर गोली चला दी। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पुलिस ने हवा में गोली चलाते हुए आत्मसपर्णण करने के लिए कहा।इसके बाद भी उसने पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस ने आत्मरक्षा में एक गोली चलाई जो उसके दाहिने पैर में लगी। इसके बाद आरोपित को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद क्राइम टीम और एफएसएल टीम घटनास्थल पहुंची और सुबूत जुटाए। अमन विहार थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। उन्होंने बताया कि चोरी और स्नेचिंग के चार मामलों में राजकुमार शामिल रहा है। उसने 10वीं तक पढ़ाई की है और 2015 से अपराध में शामिल हो गया।

### 31 लाख मूल्य के नशीले पदार्थ बरामद, एक गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस के नारकोटिक्स स्क्वाड ने 271 ग्राम हेरोइन के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि बाजार में हेरोइन की कीमत 31 लाख रुपये आंकी जा रही है। पुलिस ने आरोपित को जहांगीरपुरी क्षेत्र में नशीले पदार्थो का मुख्य आपूर्ति कर्ता बताया है। आरोपित की 10 आपराधिक मामलों में संलिप्तता सामने आई है। उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि पुलिस ने जहांगीरपुरी से मोनुद्दीन नामक व्यक्ति को लगभग 271 ग्राम हेरोइन/स्मैक बरामद की। आरोपित पिछले कुछ सालों से नशीले पदार्थों की तस्करी में लिप्त था और उसने उत्तर-पश्चिम जिले के इलाके में अपना नेटवर्क स्थापित कर लिया था। वह विभिन्न ग्राहकों को मांग पर प्रतिबंधित पदार्थ की आपूर्ति करता था। वह पहले 10 आपराधिक मामलों में शामिल पाया गया था।

### गुरचरण सिंह द्वारा लिखी पुस्तक जगत गुरु बाबा का विमोचन

नई दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका ने प्रमुख हस्तियों के साथ मिलकर सरदार गुरचरण सिंह द्वारा लिखी पुस्तक जगत गुरु बाबा का विमोचन किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सरदार हरमीत सिंह कालका ने कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि गुरु नानक देव जी की उदासियों पर शोध करके यह पुस्तक तैयार की गई है, जिसके लिए गुरचरण सिंह बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी ने एक ओंकार शब्द के साथ सिखी की शुरूआत की, फिर गुरु अर्जन देव जी ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब की रचना की, जिसे पूर्ण करके गुरु गोविंद सिंह साहिब जी ने खालसा पंथ की साजना की और पंथ को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के साथ जोड़ा।सरदार हरमीत सिंह कालका ने कहा कि दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के पास एशिया का सबसे बड़ा डिजिटल नेटवर्क है, जिसके माध्यम से हम छोटी-छोटी वीडियो के जरिए गुरु इतिहास को लोगों तक पहुंचाते हैं।

### खोड़ा प्राचीन शिव शक्ति दुर्गा मंदिर सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा भव्य कलश यात्रा

नईदिल्ली। प्राचीन शिव शक्ति दुर्गा मंदिर सेवा समिति ट्रस्ट खोड़ा हिमालय एंक्लेव द्वारा मंदिर प्रांगण में श्री मद भागवत कथा का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई, समिति के मीडिया प्रभारी श्री संतोष मिश्रा जी ने बताया कि कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर हिमालय एंक्लेव, प्रेम विहार, सेक्टर 62, पवन विहार, साधना एंक्लेव, इतवार बाजार होते हुए मंदिर प्रांगण में आकर संपन्न हुई।

# केंद्र सरकार बसाए गए सभी रोहिंग्याओं की लिस्ट व पते की जानकारी दिल्ली सरकार, उपराज्यपाल और पुलिस को मुहैया कराए : सीएम आतिशी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने रोहिंग्या के मुद्दे पर रविवार को कई मोर्चों पर भाजपा और केंद्रीय गृहमंत्री आमित शाह की घेराबंदी की। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अमित शाह से प्रश्न किया कि रोहिंग्या को दिल्ली कौन लाया ? उन्हें दिल्ली में बीजेपी सरकार क्यो बसा रही है ? बीजेपी सरकार दिल्ली के लोगों का हक और सुविधाएं छीन कर उन्हें क्यो दे रही है ? उन्होंने आगे कहा कि देश के गृहमंत्री न तो दिल्ली में अपराध रोक पा रहे हैं और ना ही बॉर्डर पर घुसपैठ रोक पा रहे हैं। अमित शाह जी कह रहे हैं कि बॉर्डर की सुरक्षा भी राज्य सरकार को ही करनी है। अमित शाह जी यह क्या कह रहे हैं ? तो क्या अब केंद्र सरकार देश के बॉर्डर सुरक्षित रखने में अपनी नाकामी कबूल कर रही है ? उधर, दिल्ली की सीएम आतिशी ने अमित शाह को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने केंद्र सरकार से दिल्ली में बसाए गए रोहिंग्याओं की लिस्ट व पते की जानकारी दिल्ली सरकार, एलजी और पुलिस को मुहैया कराने की मांग की है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि इंडो-बांग्लादेश बॉर्डर की निगरानी करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है, मीडिया के इस सवाल के जवाब में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैंने अमित शाह जी का यह बयान सुना नहीं है। लेकिन मैं आशा करूंगा कि कोई भी केंद्रीय गृह मंत्री ऐसा बयान शायद न दे कि देश के बॉर्डर की सुरक्षा करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। इंडो-बांग्लादेश बॉर्डर चार हजार किलोमीटर है। मुझे बताया गया है कि उस चार हजार किलोमीटर में से तीन हजार किलोमीटर बॉर्डर बाड़ से घिरी हुई है और एक हजार किलोमीटर बाड़ रहित है। लेकिन जो रोहिंग्या और बांग्लादेशियों का भारत के अंदर घुसना हो रहा है, वह हर तरफ से हो रहा है। जो बाड़ रहित बॉर्डर है, वहां से भी हो रहा है। जहां बाड़ लगी हुई है, वहां दो तख्ती लगाकर उसके ऊपर से कूदकर लोग आ जा रहे हैं। भारत सरकार क्या कर रही है ? क्या भारत सरकार खुलेआम यह स्वीकार कर रही है कि वह देश के बॉर्डरों की सुरक्षा करने में नाकाम है ? अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि पहली चीज तो यह है कि रोहिंग्या और बांग्लादेशी बॉर्डर क्रॉस कैसे कर रहे हैं ? दूसरी चीज यह है कि वो बंगाल और असम से दिल्ली कैसे पहुंच रहे हैं ? केवल दिल्ली ही नहीं इन्होंने कहा है कि झारखंड में भी रोहिंग्या रह रहे हैं। क्या उनको सुनियोजित तरीके से वहां से ट्रांसपोर्ट करके देश के अलग-अलग भागों में बसाया जा रहा है ? अगर बसाया जा रहा है तो इन लोगों को पता है कि कहां बसाया जा रहा है। दिल्ली के अंदर 2022 में हरदीप सिंह पुरी ने बयान दिया था कि बक्करवाला के ईडब्ल्यूएस फ्लैटों में रोहिंग्यों को बसाया जाएगा। क्या वो ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स दिल्ली के लोगों के नहीं थे ? क्या उनके ऊपर दिल्ली के लोगों का अधिकार नहीं है ? सरकारों ने वो फ्लैट्स दिल्ली के गरीब लोगों के लिए बनाए थे। अगर हमारे हक के फ्लैट, बिजली-पानी, नौकरियां बांग्लादेश से लाकर अवैध अप्रवासियों को दिए जाएंगे तो दिल्ली की जनता कहां जाएगी ? उधर, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने रोहिंग्या के मुद्दे पर केंद्रीय गृहमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में कहा है कि भाजपा शासित केंद्र सरकार ने दिल्ली की जनता और सरकार को अंधेरे में रखकर बड़ी संख्या में अवैध रोहिंग्या शरणार्थियों को दिल्ली के विभिन्न इलाकों में बसाया है। ऐसा लगता है कि यह पिछले कई सालों से चल रहा है। 17 अगस्त, 2022 को केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी ने दो ट्वीट किए थे। पहला, भारत ने हमेशा उन लोगों का स्वागत किया है, जिन्होंने देश में शरण मांगी है। एक महत्वपूर्ण फैसले में सभी रोहिंग्या शरणार्थियों को दिल्ली के बक्करवाला इलाके में ईडब्ल्यूएस फ्लैटों में बसाया जाएगा। उन्हें बुनियादी सुविधाएं, यूएनएचसीआर आईडी और 24 घंटे दिल्ली पुलिस की सुरक्षा प्रदान की जाएगी। जबकि दूसरा ट्वीट में कहा है कि जिन लोगों ने भारत की शरणार्थी नीति को जानबूझकर सीएए से जोड़कर इस पर झूठ फैलाना अपना करियर बनाया है, वे निराश होंगे। भारत 1951 के यूएन शरणार्थी समझौते का सम्मान करता है और सभी को शरण देता है, चाहे उनकी जाति, धर्म या विश्वास कुछ भी हो। सीएम आतिशी ने पत्र में कहा है कि हरदीप पुरी के इन ट्वीट से से साफ पता चलता है कि इन शरणार्थियों को दिल्ली में बसाना भाजपा सरकार की सोची-समझी नीति और फैसला है। यह भी बताया गया है कि भाजपा सरकार ने इन्हें सिर्फ दिल्ली में ही नहीं, बल्कि देश के कई अन्य हिस्सों में भी बसाया है। इस पत्र के माध्यम से मैं भाजपा सरकार द्वारा उठाए गए इस कदम के खिलाफ दिल्ली के लोगों की पीड़ा को व्यक्त करना चाहती हूं। ये प्रवासी न केवल दिल्लीवासियों के लिए कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा करेंगे, बल्कि उनकी नौकरियां भी छीन लेंगे और शहर के सीमित संसाधनों पर दबाव डालेंगे। हरदीप पुरी के ट्वीट से ऐसा लगता है कि इन प्रवासियों को बक्करवाला के ईडब्ल्यूएस फ्लैटों में बसाया गया था। ये फ्लैट दिल्ली के गरीब लोगों के लिए थे। ऐसा लगता है कि दिल्ली के लोगों के अधिकार और सुविधाएं प्रवासियों को दी जा रही हैं। दिल्ली के लोग इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने आगे कहा है कि यह अप्रवासी भारत-बांग्लादेश सीमा कैसे पार कर गए ? हाल ही में एक प्रमुख टीवी चैनल द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में दिखाया गया कि हजारों की संख्या में लोग हर दिन बिना किसी रोक-टोक के भारत-बांग्लादेश सीमा पार कर रहे हैं। यह दिखाता है कि भाजपा सरकार हमारी सीमाओं की रक्षा करने में पूरी तरह विफल रही है। अगर यह स्थिति जारी रही, तो क्या हमारा देश इतने बड़ी संख्या में शरणार्थियों को संभाल सकता है ? इसका जवाब है या नहीं। फिर, भाजपा सरकार इस अवैध प्रवास को रोकने के लिए कुछ क्यों नहीं कर रही है ? दिल्ली किसी भी अंतर्राष्ट्रीय सीमा के नजदीक नहीं है और बांग्लादेश सीमा से हजारों किलोमीटर दूर है। इसलिए यह हैरान करने वाली बात है कि हमारी सीमाओं को पार करने के बाद, ये अप्रवासी कई राज्यों को पार करते हुए बिना पकड़े गए दिल्ली कैसे पहुंच गए ? ऐसे में इस स्थिति को लेकर कई सवाल उठना स्वाभाविक है।

# भाजपा को फिर लगा झटका, रमेश पहलवान पार्षद पत्नी कुसुम लता के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल

## अरविंद केजरीवाल ने मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी मुहैया कराकर सभी दिल्लीवालों के सपनों को पूरा किया है- रमेश पहलवान

**नई दिल्ली, एजेंसी**




नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा को एक बार फिर झटका लगा है। रविवार को भाजपा से पार्षद कुसुम लता और उनके पति रमेश पहलवान आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने उन्हें पटका और टोपी पहनाकर अपनी पार्टी में शामिल में शामिल कराया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रमेश पहलवान और पार्षद कुसुम लता को वापस आम आदमी पार्टी में शामिल कराकर मुझे बेहद खुशी हो रही है। इनके आने से हमारी पार्टी को और मजबूती मिलेगी। वहीं, रमेश पहलवान ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी मुहैया कराकर सभी दिल्लीवालों के सपनों को पूरा किया है। जबकि कुसुम लता ने कहा कि पूरे देश में एकमात्र आम आदमी पार्टी है जो सबके हितों के बारे में सोचती है। बता दें कि इससे पहले, एंबुलेंस मैन से प्रख्यात जितेंद्र सिंह शंटी, ब्रह्म सिंह तंवर और बीबी त्यागी जैसे बड़े नेता भाजपा को छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हो चुके हैं।

रविवार को पार्टी मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मुझे रमेश पहलवान और अपने इलाके की काउंसलर कुसुम लता को आम आदमी पार्टी में वापस शामिल कराने में बेहद खुशी हो रही है। 2012 में हमारी पार्टी बनी थी और 2013 में रमेश पहलवान आम आदमी पार्टी में शामिल हुए थे। वह 2017 तक आम आदमी पार्टी में रहे। आज सात साल बाद इनकी घर वापसी हो रही है। मैं तहे दिल से दोनों का स्वागत करता हूं। रमेश पहलवान और कुसुम लता 24 घंटे कस्तूरबा विधानसभा में अपने लोगों के बीच में रहते हैं। किसी का भी सुख-दुख हो, हर एक के सुख-दुख में सबके आगे रहते हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि रमेश पहलवान रेसलिंग और स्पोर्ट्स के क्षेत्र में कई संस्थाओं के अध्यक्ष और सदस्य हैं। इन्होंने दिल्ली के स्तर पर काफी अहम भूमिका निभाई है। कुसुम लता दो बार पार्षद रही हैं। बीच में पांच साल एससी सीट के कारण वह लड़ नहीं पाई लेकिन उसके बावजूद उनको दोबारा भारी समर्थन मिला। इसी से जाहिर है कि यह अपने क्षेत्र में कितनी लोकप्रिय हैं। इनके आने से आम आदमी पार्टी को उस क्षेत्र में काफी मजबूती मिलेगी। दिल्ली के सारे अच्छे-अच्छे लोग आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। मेरा एक सपना है कि एक दिन दिल्ली के दो करोड़ लोग, (कांग्रेस, भाजपा वाले भी) आम आदमी पार्टी में शामिल होंगे। आप विधायक दुर्गेश पाठक ने कहा कि आज आम आदमी पार्टी के लिए बहुत खुशी का दिन है। आज कस्तूरबा नगर विधानसभा से बहुत मजबूत चेहरे रमेश पहलवान और उनकी पत्नी कुसुम लता आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। कुसुम लता पिछले दो बार से लगातार काउंसलर रही हैं। भाजपा के विभिन्न पदों पर उन्हें जिम्मेदारी मिली है। इस दौरान रमेश पहलवान ने कहा कि मेरी आज दोबारा घर वापसी हो रही है। अरविंद केजरीवाल दिल्ली के दिल की धड़कन हैं। वह गरीब और असहाय सबके साथ हर समय खड़े रहने वाले शख्सियत हैं। दिल्ली को पूरी दुनिया देखती है कि दिल्ली में कितना सुधार हुआ है। चाहे शिक्षा का मामला हो या छात्रों को विदेश भेजने का मामला हो। विदेश जाने का मामला इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि अगर आज सरकारी स्कूल का बच्चा फ्रांस जाता है और फ्रेंच सीखकर आता है और पूरे विश्व के पटल पर खड़े होकर अपनी बात रखता है, फ्रेंच में बात करता है तो इसका सारा श्रेय अरविंद केजरीवाल को जाता है। दिल्ली के स्वास्थ्य, शिक्षा, मुफ्त पानी-बिजली की बात हो, अरविंद केजरीवाल ने सभी दिल्ली वालों के सपने को पूरा किया है। मैं दोबारा से सही जगह आया हूं। इनका आशीर्वाद हम पर हमेशा बना रहेगा। हम क्षेत्र की सेवा भी करेंगे। इनके नेतृत्व में दिल्ली आगे बढ़ रही है और निरंतर आगे बढ़ती रहेगी।

इस मौके पर कुसुम लता ने कहा कि मैं दूसरी बार निगम पार्षद हूं। मेरा कार्यकाल 2012-17 तक रहा है। उसके बाद मैंने 2022 का इलेक्शन भाजपा से लड़ा था। मैं अपने आप को सौभाग्यशाली और खुशनसीब समझती हूं कि मैं अरविंद केजरीवाल की विचारधारा से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी जॉइन कर रही हूं। पूरे देश में आम आदमी पार्टी सच में एक आम आदमी पार्टी है, जो सबके हितों के बारे में सोचती है।

# 'आप' ने जारी की चौथी लिस्ट

## केजरीवाल नई दिल्ली से, सीएम आतिशी कालका जी से लड़ेंगी चुनाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 38 उम्मीदवारों की रविवार को चौथी और अंतिम सूची जारी की जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को नई दिल्ली और मुख्यमंत्री आतिशी को कालकाजी सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। आप के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप पाठक ने आज दिल्ली विधानसभा के लिए चौथी और अंतिम सूची जारी की जिसमें 38 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई है।

श्री पाठक ने कहा, श्री केजरीवाल को नई दिल्ली, सुश्री आतिशी को कालकाजी और पूर्व मंत्री सत्येंद्र कुमार जैन को शकुर बस्ती विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह बुरारी से संजीव झा, बादली से अजेश यादव, रिठाला से मोहिंदर गोयल, बवाना जय भगवान, सुल्तान पुर माजरा मुकेश कुमार अहलावत, नागलोई जाट से रघुविंदर शौकीन, शालीमारबाग से वंदना कुमारी, त्रिनगर प्रीति तोमर, वजीरपुर से राजेश गुप्ता, मॉडल टाउन से अखिलेश पति त्रिपाठी, सदर बाजार से सोमदत्त, मटिया महल से शोएब इकबाल, बल्लीमारान इमरान हुसैन, करोल बाग से विशेष रवि, मोतीनगर से शिवचरण गोयल, राजोरी गार्डन से धनवती चंदेला, हरि नगर से राजकुमार ढिल्लों, तिलक नगर से जरनैल सिंह, विकासपुरी से महिंद्र यादव, उत्तम नगर से पोश बालियान (पूजा नरेश बालियान), द्वारका से विनय मिश्रा, दिल्ली छावनी से विजेंद्र सिंह कादियान, राजेंद्र नगर से दुर्गेश पाठक, कस्तूरबानगर से रमेश पहलवान, मालवीय नगर से सोमनाथ भारती, आर के पुरम से प्रमिला टोकस, मेहरौली से नरेश यादव और अंबेडकर नगर विधानसभा सीट से अजय दत्त को प्रत्याशी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा संगम विहार से दिनेश मोहनिया, ग्रेटर कैलाश से सौरभ भारद्वाज, तुगलकाबाद से सही राम, ओखला से अमानतुल्लाह खान, कोंडली से कुलदीप कुमार, बाबरपुर से गोपाल राय और गोकलपुर से सुरेंद्र कुमार को प्रत्याशी बनाया है। उल्लेखनीय है कि ह्यआपह्न की चौथी सूची में कस्तूरबा नगर के विधायक मदनलाल का टिकट कटा है और उनकी आज ही पार्टी में शामिल हुए रमेश पहलवान को टिकट दिया गया है। गैंगस्टर से संबंधों के आरोप में जेल में बंद उत्तम नगर से विधायक नरेश बाल्यान की पत्नी पोश उर्फ पूजा नरेश बाल्यान को टिकट दिया गया है। चौथी लिस्ट जारी होने के बाद दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ह्वआज आम आदमी पार्टी ने सभी 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए। पार्टी पूरे आत्मविश्वास और पूरी तैयारी के साथ चुनाव लड़ रही है। भाजपा गायब है। उनके पास ना सीएम चेहरा है, ना टीम है, ना प्लानिंग है और न दिल्ली के लिए कोई विजन है। उनका केवल एक ही नारा है, केवल एक ही नीति है और केवल एक ही मिशन है झ्र केजरीवाल हटाओ। केजरीवाल ने आगे लिखा, उनसे पूछो 5 साल क्या किया, तो वो जवाब देते हैं ह्लकेजरीवाल को खूब गाली दी। हमारी पार्टी के पास दिल्ली वालों के विकास के लिए विजन है, प्लान है और उसे लागू करने के लिए पढ़े लिखे लोगों की एक अच्छी टीम है।

# भाजपा दिल्ली में दूर-दूर तक नहीं दिखाई दे रही है: राघव चड्ढा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर रविवार को आम आदमी पार्टी ने चौथी और अंतिम लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट के साथ आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया है। राज्यसभा सांसद और पार्टी का बड़ा चेहरा राघव चड्ढा के मुताबिक ये लिस्ट पार्टी के जीत के प्रति समर्पण को दशार्ती है।

राघव चड्ढा ने कहा, आम आदमी पार्टी की आज जो लिस्ट आई है। इसमें सभी 70 विधानसभा सीटों पर पार्टी ने प्रत्याशियों को घोषित कर दिया है। आज की यह आखिरी लिस्ट दिखाती है कि आम आदमी पार्टी पूरी तैयारी के साथ दिल्ली विधानसभा चुनाव में जाने के लिए तैयार है। आम आदमी पार्टी की आगामी विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक रूप से भी तैयारी है और जनता के भविष्य की नीति भी तैयार है। राघव चड्ढा ने कहा, यह हमारा आत्मविश्वास दिखाता है कि अभी दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा भी नहीं हुई है और आम आदमी पार्टी ने 70 की 70 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है।

आगे बोले, दूसरी ओर दिल्ली में हमारा मुकाबला भाजपा से रहता है लेकिन अभी तक भाजपा की ओर से एक भी लिस्ट नहीं आई है। भाजपा ने एक भी विधानसभा सीट पर प्रत्याशी का ऐलान नहीं किया है। मैं देख रहा हूं कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा दूर-दूर तक नजर नहीं आ रही है। हम हमारे लिए अच्छी बात है। यह दिखाता है कि आम आदमी पार्टी पूरी तैयारी और रणनीति के साथ चुनावी मैदान में उतर चुकी है। बता दें, रविवार को जारी की गई चौथी और आखिरी लिस्ट से साफ हो गया है कि एक बार फिर नई दिल्ली विधानसभा सीट से पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ताल ठोकेंगे। उनके सामने भूतपूर्व सीएम शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित होंगे। कांग्रेस ने उनको अपना उम्मीदवार बनाया है। केजरीवाल इस सीट से तीन बार चुनाव जीत चुके हैं और वर्तमान में इस सीट से विधायक हैं। वहीं, आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को कालकाजी से विधानसभा चुनाव के लिए टिकट दिया है। आतिशी यहां से साल 2020 में चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंची थी।

# पुलिस ने मुठभेड़ के बाद बदमाश को दबोचा

नई दिल्ली। रोहिणी जिले के अमन विहार थाना पुलिस ने शनिवार को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार बदमाश की पहचान राजकुमार उर्फ राज के रूप में हुई है। मुठभेड़ में आरोपित के दाहिने पैर में गोली लगी है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से एक पिस्टल, दो कारतूस व चोरी की एक बाइक बरामद की है। पुलिस ने मौके से कारतूस के चार खोखे बरामद भी किए हैं। रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल के मुताबिक, गत दिनों 20 मिनट के अंदर झपटामारी की दो वारदातों की जांच में पुलिस ने सुल्तानपुरी निवासी एक बदमाश रोहित उर्फ डाटला को गिरफ्तार किया था। इससे पूछताछ में पुलिस को पता चला कि उसका एक साथी राजकुमार उर्फ राज भी उक्त वारदातों में शामिल था। आरोपित से पूछताछ के दौरान पुलिस ने राजकुमार के बारे में जानकारी जुटानी शुरू की तो शनिवार को पुलिस को राजुकमार के सेंट्रल पार्क, अमन विहार में आने की सूचना मिली। पुलिस ने तत्काल मौके पर जाल बिछाया और थोड़ी ही देर बाद बाइक से आरोपित मौके पर आया। पुलिस ने उसे पकड़ने की कोशिश की तो राजकुमार ने पुलिस पर गोली चला दी और भागने की कोशिश करने लगा।

# दिल्ली में जनता को डबल इंजन की सरकार चाहिए : कैलाश गहलोत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर तमाम राजनीतिक पार्टियां चुनावी अभियान शुरू कर जनता से रूबरू हो रही है। दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश गहलोत भी सुबह-सुबह जनता से मिले। मिलने के बाद दावा किया कि यहां की जनता अब डबल इंजन की सरकार चाहती है।

कैलाश गहलोत ने कहा, इस बार दिल्ली की जनता ने मन बना लिया है कि वह दिल्ली में बदलाव चाहते हैं। दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी को दो बार भारी बहुमत से जिताया। अब लोग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। जो वादे किए थे वह पूरे नहीं हुए।ह्व आगे बोले, दिल्ली की जनता ने 15 साल कांग्रेस का शासन देखा। 10 साल आम आदमी पार्टी का शासन देखा। मैं रोजाना लोगों के बीच में जा रहा हूं। लोगों के मन में है कि उन्हें इस बार ऐसी सरकार चाहिए जो केंद्र सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर दिल्ली का विकास कर सके।

एक सवाल के जवाब में गहलोत ने कहा, देश के विकास के लिए अगर कोई पार्टी काम कर रही है तो वह सिर्फ भारतीय जनता पार्टी है। मैं कहना चाहूंगा कि भाजपा देश की मान और प्रतिष्ठा बढ़ा सकती है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के दिल्ली विधानसभा चुनाव में गठबंधन पर भाजपा नेता ने कहा, गठबंधन तो लोकसभा चुनाव के दौरान भी हुआ था। लेकिन, परिणाम क्या निकला। केजरीवाल तो जेल से बाहर आकर लोगों से अपील कर रहे थे कि अगर वह नहीं चाहते कि जेल जाऊं तो इंडी अलायंस के प्रत्याशी को वोट दें। अब विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल कह रहे हैं कि उन्हें किसी की जरूरत नहीं है। उनकी पार्टी सक्षम है।

**सम्मान** गतक को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने के लिए अमनदीप सिंह स्टीलमैन के प्रयास सराहनीय: हरमीत सिंह कालका, जस्मीन सिंह

# दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी द्वारा विश्व चैंपियनशिप में पदक जीत कर आए गतका खिलाड़ियों और कोच अमनदीप सिंह स्टीलमैन का सम्मान

**नई दिल्ली, एजेंसी**



नई दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा हंगरी में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में 11 गोल्ड सहित कुल 30 पदक जीतने वाले गतक खिलाड़ियों और उनके कोच अमनदीप सिंह स्टीलमैन का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और संयुक्त सचिव सरदार जस्मीन सिंह नोनी की अगुवाई में कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने इन बच्चों का सम्मान किया। इस मौके पर सरदार कालका और सरदार नोनी ने बताया कि मल्ल अखाड़े और गतका की यह विद्या गुरु साहिब की दी हुई है और आज इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सिंह स्टीलमैन का है, जो समालाबाद में स्टीलमैन अकादमी चला रहे हैं।

उन्होंने बताया कि गतक से जुड़े इन बच्चों ने हंगरी में आयोजित वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लिया, जिसमें अकादमी के 11 और भारत से कुल 13 बच्चे गए थे, जिन्होंने 11 और देश का नाम रोशन किया। उन्होंने यह भी बताया कि मौके पर बच्चों ने देश के तिरंगे के साथ-साथ निशान साहिब भी लहराया, जो सिख कौम के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि अमनदीप सिंह का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो जियोग्राफिक चैनल पर भी प्रसारित हो रही है। उन्होंने कहा कि सिखी की इस परंपरा को अमनदीप सिंह और उनकी अकादमी आगे बढ़ा रहे हैं।

उन्होंने इस मौके पर ऐलान किया कि दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी द्वारा इन 11 बच्चों को उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि जो बच्चे सिखी रूप में देश और कौम का नाम रोशन करेंगे, दिल्ली कमेटी उनका सम्मान करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि इन बच्चों को खेलों में आगे बढ़ाने के लिए दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी पूरा समर्थन करेगी। उन्होंने कहा कि मल्ल अखाड़े और गतक की कला सिर्फ सीखने से नहीं आती, बल्कि गुरु साहिब की कृपा से आती है। इस मौके पर अमनदीप सिंह स्टीलमैन ने दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का धन्यवाद किया जिन्होंने विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने पर बच्चों का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि वह सिख संगतों का भी धन्यवाद करते हैं और विदेशों से मदद करने वालों का भी आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने बताया कि वह 250 से अधिक बच्चों को तैयार कर रहे हैं। उनका प्रयास है कि अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में हमारे बच्चे जीतें। उन्होंने बताया कि उनकी अकादमी में 75 खेल सिखाए जाते हैं और यदि कोई भी सिखना चाहता है तो वह उनसे संपर्क कर सकता है। उन्होंने कहा कि खेलों में भाग लेने से विद्यार्थियों का मन भी सही दिशा में जाता है और बच्चों का भविष्य बनता है।

उन्होंने कहा कि सिखी का प्रचार अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में जाकर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब बच्चे नशों की ओर जा रहे होते हैं, तो उन्हें रोकने का एकमात्र तरीका उन्हें खेलों से जोड़ना है। उन्होंने यह भी कहा कि वह चाहते हैं कि हर शहर में खालसा अकादमी बने ताकि बच्चे सिखी रूप में रहते हुए खेलों से जुड़ सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### गैंगस्टर एक्ट में पांच पर कार्रवाई

ग्रेटर नोएडा। सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने लूट समेत अन्य घटनाओं को अंजाम देने वाले पांच आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है। गिरोह का सरगना नीरज प्रजापति उर्फ भोलू निवासी ग्राम नंदपुर हापुड़ है। उसके साथ गिरोह के चार अन्य सदस्य ब्रजेश शर्मा, वीशू उर्फ बंटी त्यागी, मानव नेगी और उमेश कुमार भी गिरोह में शामिल हैं। गिरोह लूटपाट और अन्य अपराधों को अंजाम देता था। गैंग के सदस्यों के खिलाफ पहले से ही विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं।

### बच्चे को ढूंढकर परिजन को सौंपा

ग्रेटर नोएडा। सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने गुमशुदा बच्चे को सकुशल तलाश कर परिजन के सुपुर्द किया है। रविवार को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि एक तीन साल का बच्चा निवासी कस्बा सूरजपुर कही गुम हो गया है। काफी तलाश करने पर भी नहीं मिल रहा है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किए। स्थानीय लोगो की सहायता से बच्चे को ढूंढने का प्रयास किया गया। काफी तलाश करने के उपरांत बच्चे को सकुशल तलाश कर उसके परिजन के सुपुर्द कर दिया गया।

### पति समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नोएडा। कासना थाना क्षेत्र की एक महिला ने पति पर ड्रग्स के नशे में कुकर्म करने, अतिरिक्त दहेज की मांग करने और न मिलने पर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है। पीड़िता ने डीसीपी महिला सुरक्षा के आदेश पर महिला थाने में पति समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह नवंबर 2020 में पूर्वी दिल्ली निवासी एक युवक से हुआ था। शादी में पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग उस दहेज से खुश नहीं थे। वह अतिरिक्त दहेज में थार गाड़ी, 100 गज का प्लॉट और पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर मारपीट व प्रताड़ित करने लगे। यही नहीं पति आए दिन ड्रग्स के नशे में उसके साथ कुकर्म करने लगा। विरोध करने पर मारपीट करता था। पीड़िता ने अक्तूबर 2021 में एक पुत्री को जन्म दिया। इससे ससुराल पक्ष के लोग और नाराज हो गए। उन्होंने बच्ची को अपने पास रख लिया और दहेज की मांग पूरी होने पर ही बच्ची वापस करने की धमकी दी। इसकी जानकारी मायके पक्ष के लोगों को दी। उन्होंने काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन आरोपी नहीं माने। पीड़िता को उसके मायके भेज दिया और पति से साथ ले जाने से इन्कार कर दिया। पीड़िता का कहना है कि पति अखाड़ा का संचालन करता है। वह पहलवानों से परिवार के लोगों की हत्या कराने की धमकी दे रहा है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर पति, सास, ससुर, देवर, ददिया सास और तीन अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### आठ बदमाशों के खिलाफ गैंगस्टर ऐक्ट की कार्रवाई

नोएडा। थाना फेज-तीन पुलिस ने गिरोह बनाकर वाहन चोरी करने वाले आठ बदमाशों के खिलाफ गैंगस्टर ऐक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। जल्द ही पुलिस अवैध कार्यों से अर्जित की गई आरोपियों की संपत्ति को चिह्नित करेगी। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई करेगी। थाना प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने दर्ज कराई एफआईआर में बताया कि गाजियाबाद के भोजपुर निवासी दानिश कुरैशी, गाजियाबाद के फरीदनगर निवासी राधे, फैजान कुरैशी, रोहित उर्फ निप्पल, गाजियाबाद के नंदग्राम निवासी रिजवान मलिक, मेरठ के नौचंदी निवासी बिलाल मलिक उर्फ सुल्तान, गाजियाबाद के डासना निवासी शहजाद, दिल्ली भजनपुरा निवासी साकिव रजा उर्फ इरशाद मलिक ने गिरोह बना रखा है।

# दिल्ली विधानसभा में सीएजी रिपोर्ट पेश करने के लिए विपक्ष ने की विशेष सत्र बुलाने की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता और भाजपा विधायकों द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर याचिका के बाद, जिसमें सीएजी रिपोर्ट को विधानसभा में प्रस्तुत करने के निर्देश मांगे गए थे, जिसके बाद दिल्ली सरकार ने आनन-फानन में 497 दिनों के बाद रिपोर्ट्स को उपराज्यपाल को सौंप दिया है। विपक्ष का आरोप है कि अदालत में सुनवाई से ठीक एक दिन पहले सरकार द्वारा इन रिपोर्ट का प्रस्तुत करना यह स्पष्ट दशार्ता है कि वे जवाबदेही से बचने और वित्तीय गड़बड़ियों को जनता की नजरों से छिपाने का प्रयास कर रहे हैं। विपक्ष ने विशेष सत्र तुरंत बुलाने की मांग कीः इन घटनाओं को देखते हुए विपक्ष के नेता ने दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र तुरंत बुलाने की मांग की है, जिसमें 14 सीएजी रिपोर्ट को न केवल प्रस्तुत किया जाए, बल्कि इन पर विस्तार से चर्चा हो।

इसके अलावा, रिपोर्ट के निष्कर्षों की जांच के लिए विशेष समितियां बनाई जाएं और इस अभूतपूर्व देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। सीएजी रिपोर्ट जानबूझकर दबाए रखने का लगाया आरोपः विजेंद्र गुप्ता ने कहा है कि दिल्ली की जनता को यह जानने का पूरा हक है कि उनके पैसे का उपयोग कैसे हुआ। सीएजी रिपोर्ट को दबाने का यह जानबूझकर किया गया प्रयास वित्तीय कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार को छिपाने की साजिश है। उन्होंने



आगे कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार ने सीएजी की अहम रिपोर्ट को 497 दिनों तक जानबूझकर दबाए रखा और केवल दिल्ली उच्च न्यायालय के संभावित प्रतिकूल आदेशों के दबाव में इन्हें प्रस्तुत किया। इन रिपोर्ट्स को आखिरी क्षण में प्रस्तुत करना साफ दिखाता है कि सरकार जवाबदेही से बचने और वित्तीय गड़बड़ियों को छिपाने के प्रयास में लगी थी। बकौल गुप्ता यह है कि 497 दिनों से लंबित 14 सीएजी रिपोर्ट की सूची, जिन्हें आप सरकार की वित्त मंत्री/मुख्यमंत्री आतिशी द्वारा उपराज्यपाल सचिवालय में प्रस्तुत किया गया है। 14 में से 11 रिपोर्ट्स केजरीवाल के मुख्यमंत्री काल के: विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि रिपोर्ट्स को दबाने का यह मामला इसलिए और गंभीर हो जाता है क्योंकि इनमें से 14 में से 11 रिपोर्ट्स उस समय की हैं जब अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री थे। ये रिपोर्ट सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन, दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की कार्यप्रणाली, दिल्ली में शराब की आपूर्ति और नियमन, राज्य के वित्तीय मामलों और राजस्व, आर्थिक, सामाजिक और सामान्य क्षेत्रों से संबंधित अहम मुद्दों को कवर करती हैं। कुछ रिपोर्ट अगस्त 2023 से ही मंत्रियों की मेज पर धूल फांक रही हैं, जो संविधानिक दायित्वों और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति पूरी लापरवाही को उजागर करती है।

दिल्ली की शासन व्यवस्था में वित्तीय जवाबदेही पूरी तरह ठपः यह चिंताजनक है कि इन रिपोर्ट्स में मोहल्ला क्लीनिक और सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना का विस्तृत ऑडिट, डीटीसी की कार्यप्रणाली, राज्य के सार्वजनिक उपक्रमों की परफॉर्मेंस और वाहनों से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम और कमी जैसे मुद्दे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि 497 दिनों की अभूतपूर्व देरी ने यह दिखा दिया है कि दिल्ली की शासन व्यवस्था में वित्तीय जवाबदेही पूरी तरह ठप हो चुकी है।

# हमने पार्टियों को मुद्दे पर बात करने के लिए मजबूर किया : केजरीवाल

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली,एजेंसी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आप नेता जैस्मीन शाह की पुस्तक 'द दिल्ली मॉडल' का विमोचन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन मौजूद रहे। बता दें, यह पुस्तक दिल्ली सरकार के केजरीवाल मॉडल और पार्टी की राजनीतिक यात्रा पर लिखी गई है।

इस मौके पर अरविंद केजरीवाल ने कहा, "जैस्मिन शाह की पुस्तक जरूर पढ़िएगा। इसमें हमारी राजनीतिक यात्रा का विस्तृत विवरण मिलेगा। हमने लोगों की दिन-ब-दिन की जिंदगी की मूलभूत समस्यास्यों को सुलझाने की कोशिश की है। जब मैं सरकारी सेवा में था, तब मैंने भ्रष्टाचार खूब देखा और उससे निपटने की प्रण लिया। इनकम टैक्स में डिप्टी कमिश्नर रहने के दौरान परिवर्तन वेबसाइट बनाई। इसमें



भ्रष्टाचार की शिकायत की जा सकती थी। मनीष सिसोदिया पहले शख्स थे, जिन्होंने लॉगिन किया। उन्होंने कहा कि फिर जब हम सरकार में आए। बिजली, पानी पर काम करना शुरू किया। झुग्गियों में काम करने के दौरान लोगों की मुश्किलें समझी। तब हम सुनते थे कि सरकार स्कूल नहीं चला सकती, लेकिन हमने साबित किया। सरकार स्कूल चला सकती है, अस्पताल चला सकती है। हमने पार्टियों को मुद्दे की बात करने के लिए मजबूर किया। पीएम को गुजरात में स्कूल का मॉडल बनाना पड़ा और जाना पड़ा। केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी ने शाहीन बाग को मुद्दा बनाने की कोशिश कि लेकिन जनता ने उन्हें हरा दिया। हम तीन बार जीत चुके हैं और चौथी बार सरकार बनाने जा रहें हैं। सरकार चलाने के लिए ईमानदारी एक महत्वपूर्ण मॉडल है। ईमानदारी से पैसा बचाया और लोगों को सुविधाएं दीं। 65 साल में 62 फ्लाईओवर बने थे। लेकिन हमने 10 साल में 38 फ्लाइओवर बनाए। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया के अंदर सीसीटीवी की डेंसिटी दिल्ली में सर्वाधिक है। सारा पैसा टॉप के कॉर्पोरेट को देना चाहते हैं। आम आदमी की जेब में पैसा डालो, यह हमारा मॉडल है। देश की बिजली फ्री की जा सकती है। 1 लाख 80 हजार करोड़ का खर्च आएगा। 5 लाख करोड़ में देश के अस्पताल ठीक हो सकते हैं। लेकिन इस सरकार की नीयत सही नहीं है।

## शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए सबको मिलकर करने होंगे प्रयास : वेदिता



नई दिल्ली,/एजेंसी

दिल्ली की सरगम सामाजिक संस्था शमां एजुकेशनल एंड पॉलिटेक्निक सोसायटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने महासचिव डॉक्टर फहीम बेग की अध्यक्षता में दिल्ली शिक्षा निदेशालय की निदेशक वेदिता रेड्डी से मिलकर स्कूलों में छात्र छात्राओं के ड्रॉप आउट, शिक्षा में अनुरूचि, गुमराह होकर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त, छात्रों और छात्राओं में मानसिक व्यवहार को बेहतर बनाने हेतु तथा अन्य विषयों पर एक ज्ञापन सौंपा। डॉक्टर फहीम बेग, डॉक्टर सैय्यद एहतेशाम, सैय्यद शाहिद राहत, शिफा मिर्जा, दिनारिया शकील भी उपस्थित रहे। वेदिका रेड्डी निदेशक शिक्षा दिल्ली सरकार ने कहा कि आपके द्वारा दिए गए सुझाव अमूल्य हैं और इन पर कार्य करने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा जो भी नियम अनुसार कदम हैं वो उठाए जाएंगे और हम सबको मिलकर अपनी नई पीढ़ी के शैक्षिक उत्थान के लिए मिलकर काम करना होगा। प्रतिनिधि मंडल की ओर से निदेशक को पुष्पगुच्छ भेंट किए गए।

## ऑटो वालों को एक बार फिर से गुमराह कर रहे हैं केजरीवाल : गुरमीत सिंह सूरा

नई दिल्ली/ एजेंसी

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को हर चुनाव से पहले ऑटो चालकों की याद आती है लेकिन चुनाव बीत जाने के बाद वे उनसे किये तमाम वादे भूल जाते हैं। यह कहना है भारतीय जनता पार्टी शाहदरा जिले के वरिष्ठ नेता गुरमीत सिंह सूरा का। गुरमीत सिंह कहते हैं अरविंद केजरीवाल नें अपने पहले, दूसरे तथा तीसरे चुनाव में ऑटो वालों से जो वादे किये थे उनमें से ज्यादातर आज भी अधूरे है। विधानसभा चुनाव की आहट से उन्हें फिर ऑटो चालकों की याद आ गई और वे फिर से पहुंच गए एक ऑटो वाले के घर सहानुभूति बटोरने। गुरमीत सूरा कहते हैं दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के बाद, केजरीवाल ने मुद्रास्फीति की दर के अनुसार साल-दर-साल आधार पर ऑटो किराया बढ़ाने, ऑटो चालकों के पुलिस उत्पीड़न को रोकने, ऑटो परमिट चालकों की संख्या बढ़ाने जैसी रियायतों की घोषणा की थी। एक लाख रुपये और राष्ट्रीय राजधानी भर में कम से कम 300 ऑटो स्टैंड का निर्माण करना था लेकिन केजरीवाल ने ऑटो रिक्शा चालकों को धोखा दिया और ऑटो वालों से किया कोई भी वादा पूरा नहीं किया। गुरमीत सिंह कहते हैं अपने 11 साल के शासन में आम आदमी पार्टी ने राजधानी दिल्ली को बदहाल अवस्था में पहुंचा दिया है। जिस दिल्ली को अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी के नेता वर्ल्ड लेवल की राजधानी बताते नहीं थकते आज तक के सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। अरविन्द केजरीवाल जिन सुविधाओं को रेवड़ी कहते हैं वे सरकार के फंड से दी जा रही है ना कि उनके निजी फंड से। और जहां तक सुविधायों का सवाल है मुफ्त पानी के नाम पर दूषित पानी सप्लाई किया जा रहा है जिसे पीकर लोग बीमार हो रहे हैं, लोग पानी की भारी कमी झेल रहे हैं। हाफ बिजली के नाम पर लोगो के साथ धोखा किया जा रहा है बिजली के दाम दोगुने से भी ज्यादा चोर दरवाजे से बढ़ा दिए गए हैं। सडको की हालत खस्ता है, सरकार की तरफ से सडकों के निरिक्षण की नोटंकी की गई और कहा गया था दिवाली तक सभी सडकों की मरम्मत करा दी जायेगी लेकिन आज भी अनेक सडके बदहाल हालत में है। सरकारी अस्पतालों तथा मौहल्ला क्लीनिकों में दवाओं की भारी कमी है और जो दवा मिलती भी है वे घटिया किस्म की है जिनसे बीमारियाँ ठीक नहीं होती। प्रदूषण की हालत सबके सामने हैं, दिल्ली जहरीली बन चुकी है। केजरीवाल के 11 साल से अधिक के कुशासन के बाद दिल्ली की यह हालत बदहाल हो गई है।

# नोएडा प्राधिकरण के पूर्व ओएसडी रविंद्र यादव के ठिकानों पर छापेमारी के बाद बड़ा खुलासा, करोड़ों की संपत्ति मिली

## आय से अधिक संपत्ति के मामले में जांच में मिली भारी अनियमिताएं

प्रात : किरण/ एजेंसी

नोएडा। नोएडा विकास प्राधिकरण के पूर्व विशेषाधिकारी (ओएसडी) रविंद्र सिंह यादव के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में शनिवार को विजिलेंस की टीम ने उनके नोएडा स्थित आवास और इटावा के एक स्कूल पर छापेमारी के बाद रविवार को बड़ा खुलासा किया है। इस दौरान कई अहम दस्तावेज और करोड़ों की संपत्ति के प्रमाण जब्त किए हैं। पूर्व में चल रही विजिलेंस जांच में शनिवार को बड़ा खुलासा हुआ था।

एसपी विजिलेंस के मुताबिक, जांच में यह सामने आया है कि रवींद्र सिंह यादव ने एक जनवरी 2005 से 31 दिसंबर 2018 तक 94.49 लाख रुपये की वैध आय अर्जित की, जबकि इस दौरान उन्होंने 2.44 करोड़ रुपये खर्च किए। इसका मतलब है कि उनके खर्च उनकी आय से करीब 1.5 करोड़ रुपये अधिक रहे। रविंद्र यादव अतिरिक्त संपत्ति के स्रोत का



कोई वैध विवरण नहीं दे सके। इससे पहले विजिलेंस की 18 सदस्यीय टीम ने शनिवार को नोएडा सेक्टर-47 में यादव के तीन मंजिला आवास और इटावा के तलोरा नगर स्थित स्कूल पर कार्रवाई की। नोएडा स्थित आवास की अनुमानित बाजार कीमत 16 करोड़ रुपये आंकी गई है। इटावा के स्कूल परिसर की वर्तमान कीमत लगभग 15 करोड़ रुपये है, जिसमें स्कूल के सभी तकनीकी उपकरण और अन्य संसाधनों की कीमत 2 करोड़ रुपये आंकी गई है। जांच में पता चला कि इटावा स्थित स्कूल का संचालन यादव के बेटे द्वारा किया जा रहा है। स्कूल पूरी तरह से अवैध रूप से निर्मित है और इसे बिना किसी वैध स्वीकृति के संचालित किया जा रहा है। स्कूल के संचालन में 10 बसों का उपयोग हो रहा है, जिसकी अनुमानित कीमत 1.04 करोड़ रुपये है। साथ ही, यादव ने मेरठ और नोएडा में एक दर्जन से अधिक प्लॉट खरीद रखे हैं, जिनकी जांच जारी है। विजिलेंस की टीम ने यह भी खुलासा किया है कि यादव ने अपने कार्यकाल के दौरान नोएडा विकास प्राधिकरण में भूखंड आवंटन और सरकारी नियमों का उल्लंघन करते हुए कई बड़े प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी। वर्ष 2007 में ओएसडी के पद पर रहते हुए उन्होंने कई प्राइवेट कंपनियों को आईटी और हाउसिंग प्रोजेक्ट्स में नियमों के खिलाफ फायदा पहुंचाया। विजिलेंस की यह कार्रवाई निदेशक, उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान के निर्देश पर की गई। सभी जब्त दस्तावेजों और संपत्ति से जुड़े रिकॉर्ड्स को अब विस्तृत जांच के लिए शामिल किया जा रहा है।

# गुरुग्राम: बीपीएल महिलाओं को हरियाणा सरकार देगी 500 रुपये में गैस सिलेंडर

प्रात : किरण/ एजेंसी

गुरुग्राम। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से संचालित हर गृह-हर गृहिणी योजना अंत्योदय परिवारों की महिलाओं को रसोई में धुआं रहित स्वच्छ वातावरण देने में कारगर साबित होगी। इस योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवार की महिलाओं को 500 रुपये की रियायती दरों पर एलपीजी सिलेंडर हर महीने दिया जाएगा।

डीएफएससी सुरेंद्र सिंह ने रविवार को बताया कि हरियाणा सरकार ने बीपीएल परिवार की महिलाओं को प्रति माह 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की हर घर-हर गृहिणी योजना शुरू कर दी है। अंत्योदय परिवारों की महिलाएं योजना के आधिकारिक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवा रही हैं। बीपीएल परिवारों को स्वच्छ ईंधन मिले और महिलाओं के जीवन स्तर में



सुधार हो, इसी उद्देश्य से हर गृह-हर गृहिणी योजना का शुभारम्भ किया गया है। अभी तक जिला की हजारों महिलाओं ने सीएससी के माध्यम से इस पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन किया है। कम आमदनी वाले वे घर जो फुल प्राइस पर एलपीजी नहीं खरीद सकते। खाना पकाने के लिए पारम्परिक संसाधनों पर निर्भर थे, उन्हें इस योजना से खासकर फायदा होगा। डीएफएससी ने बताया कि गुरुग्राम जिला में सरकार द्वारा एलपीजी कनेक्शन देने के लिए उज्जवला योजना पहले से शुरू की हुई थी। जिसमें 500 रुपए में गैस कनेक्शन मिल जाता है। अब जिन परिवारों की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपए या इससे कम है, वे महिला उपभोक्ता के नाम से हर घर हर गृहणी योजना का लाभ ले सकते हैं। इस स्कीम के तहत हर महीने 500 रुपये में एलपीजी रिफिल मिलेगा। उन्होंने बताया कि महिलाएं इस योजना का लाभ उठाने के लिए बड़ी संख्या में पंजीकरण करवा रही हैं। जिला में उज्जवला स्कीम के 12 हजार से अधिक कनेक्शन हैं और यहां 58 गैस एजेंसी काम कर रही हैं। इसलिए हर महीने एलपीजी की आपूर्ति में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

## एक भारत, हम भारत पदयात्रा ने दिया एकता और भाईचारे का संदेश




नई दिल्ली। देश में एकता, प्रेम और शांति का संदेश फैलाने के लिए रविवार को लोधी गार्डन से एक भारत, हम भारत पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक यात्रा में 1500 से ज्यादा लोग शामिल हुए. सामाजिक-आध्यात्मिक संगठन मैत्रीबोध परिवार की इस पहल का मकसद भारतीय समाज में प्रेम, एकता और भाईचारे की नई रोशनी जगाना था। यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखना और वसुधैव कुटुंबकम यानी सारा विश्व एक परिवार है की भावना को बढ़ावा देना था। इस दौरान, प्रतिभागियों ने अपने कदमों से यह संदेश फैलाया कि हम सभी एकजुट होकर एक मजबूत और खुशहाल समाज बना सकते हैं। मैत्रीबोध परिवार की प्रवक्ता मैत्रेयी मोहिनी ने इस अवसर पर कहा कि भारत की असली ताकत उसकी एकता में है। उन्होंने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य केवल एकता का संदेश देना नहीं बल्कि यह दिखाना भी है कि प्रेम और भाईचारे से ही हम समाज में समृद्धि और शांति ला सकते हैं। मैत्रीबोध परिवार 2013 से समाज के आध्यात्मिक और सामाजिक सुधार में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। एक भारत, हम भारत यात्रा उसी का एक हिस्सा है। यह यात्रा देशभर में भारत की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने और उसे विश्व में एकजुटता का प्रतीक बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई है।

## सड़कों पर बह रहा है नालियों का पानी : अशोक शर्मा



नई दिल्ली। उपाध्याय ब्लॉक शकरपुर में नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। कन्फेडरेशन ऑफ एनसीआर आरडब्ल्यूए ईस्ट दिल्ली चैप्टर के सचिव अशोक शर्मा का कहना है कि क्षेत्र की गुरुद्वारा सिंह सभा वाली गली, मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 3 व 4 के सामने वाली गली तथा श्री राम मंदिर वाली से लगती हुई गली में नालियों के गंदे पानी की निकासी नहीं होने से सड़कें तालाब बन गई हैं। स्थानीय निवासी दुर्गंध एवं गंदगी के माहौल में जीवन जीने के लिए मजबूर हैं। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि इस गंदगी की वजह से अब लोग बीमार भी होने लगे हैं। तथा पवित्र गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेकने आने वाले स्थानीय निवासियों की आस्था को भी ठेस पहुंचती है। इस समस्या के निदान हेतु जब एमसीडी सफाई विभाग के निरीक्षक जी से जब बात की गई तो उन्होंने इस समस्या के लिए विकास मार्ग के नाले को बंद होना बताया जिसे पीडब्ल्यूडी देखती है।

**सम्मान** — दूसरा और तीसरा स्थान हासिल करने वाली संस्थाओं को आगामी 26 जनवरी को आयोजित समारोह के दौरान पुरस्कार राशि देकर सम्मानित ...

# रैंकिंग प्रतियोगिता के जरिए स्वच्छता के प्रति प्रोत्साहित करेगा ग्रेनो प्राधिकरण

प्रात : किरण/ एजेंसी

ग्रेटर नोएडा। प्राधिकरण ने अधिक मात्रा में कचरा उत्सर्जित करने वाली सोसाइटियों, शिक्षण संस्थानों, औद्योगिक इकाइयों आदि को साफ-सफाई के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए स्वच्छता रैंकिंग प्रतियोगिता शुरू की है। इस पहल में प्रतिभाग करने के लिए 31 दिसंबर तक आवेदन किया जा सकता है। तय मानकों के परीक्षण औप सत्यापन के बाद अलग-अलग श्रेणी में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल करने वाली संस्थाओं को आगामी 26 जनवरी को आयोजित समारोह के दौरान पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा को स्वच्छता के मामले में अव्वल बनाने के लिए प्राधिकरण द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। भविष्य में शत प्रतिशत




कचरे (गीला, सूखा और ई-कचरा) का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण करने के लिए संयंत्र स्थापित करने की तैयारी चल रही है। वहीं, अधिक मात्रा में कचरा उत्सर्जित करने वाली इकाइयों को स्वच्छता के प्रति प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए स्वच्छता रैंकिंग प्रतियोगिता की तैयारी शुरू कर दी गई है। प्राधिकरण अधिकारी के मुताबिक, इस प्रतियोगिता के लिए 20 प्रश्न तैयार किए गए हैं। इसमें आवेदन करने वाले संस्थानों की एक से चार जनवरी तक परीक्षण किया जाएगा। प्राधिकरण की टीम मौके पर भी जाकर सत्यापन करेगी कि कचरे के निस्तारण के लिए क्या व्यवस्था की गई है।

बता दें कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के अनुसार, अधिक मात्रा में कचरा पैदा करने वाली संस्थाओं को उसके निस्तारण की जिम्मेदारी खुद उठानी होती है। स्वच्छता रैंकिंग प्रतियोगिता में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान पर हासिल करने पर क्रमशः 1 लाख, 75 हजार और 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि आगामी 26 को जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दौरान दी जाएगी। इसके साथ ही 25 हजार रुपये की सांत्वना राशि भी दी जाएगी। स्वच्छता प्रतियोगिता के जरिए यह जानने का प्रयास किया जाएगा कि गीला, सूखा और ई-कचरा के निस्तारण के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। इससे पहले भी स्वच्छता रैंकिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा चुकी है। प्राधिकरण का मानना है कि इससे लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरुकता पैदा होगी।

**इन बिंदुओं का ध्यान रखा जाएगा**

प्राधिकरण परीक्षण के दौरान कई बिंदुओं का ध्यान रखा जाएगा। इनमें पार्क में कूड़ेदान रखे हैं या नहीं, हरे कचरे का वैज्ञानिक ढंग से उपचार के प्रबंधन की व्यवस्था, पार्क की स्थिति, अपशिष्ट प्रबंधन पर की गई नवीन पहल, परिसर की समग्र सफाई और रखरखाव सही हो रहा है या नहीं। साथ ही सोसाइटी निवासियों के बीच अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं को प्रोत्साहित करने के लिए समय-समय पर संचालित की जानी वाली गतिविधियां, निवासी शिकायत दर्ज करने के लिए मित्रा ऐप का उपयोग करते हैं या नहीं। वहीं, कर्मचारियों और घरेलू सहायकों के लिए शौचालय की सुविधाएं, कूड़ेदान की प्रतिदिन सफाई, गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन की व्यवस्था है या नहीं। इतना ही नहीं परिसर में गीले कचरे के प्रसंस्करण के लिए किस तकनीक का उपयोग किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### बहराइच हिंसा के तीन आरोपियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए

बहराइच। बहराइच जिले के महाराजगंज कस्बे में अक्टूबर में हुई सांप्रदायिक हिंसा के दौरान एक युवक की हत्या के मामले में जिला प्रशासन ने तीन आरोपियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर उन्हें जब्त कर लिया है। पुलिस की एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी अब्दुल हमीद की उस बंदूक का भी लाइसेंस निरस्त किया गया है जिससे कथित तौर पर गोली मारकर 13 अक्टूबर को राम गोपाल मिश्र (22) की हत्या की गयी थी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) वृंदा शुक्ला ने शनिवार शाम संवाददाताओं को बताया, हरदी थाना क्षेत्र के महाराजगंज कस्बे में 13 अक्टूबर को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान अब्दुल हमीद ने अपने तीन बेटे सरफराज उर्फ रिंकू, तालिब उर्फ सबलू और फहीम के साथ मिलकर अपनी लाइसेंसी 12 बोर सिंगल बैरल बंदूक से गोली मारकर राम गोपाल मिश्र की हत्या कर दी थी।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में हरदी पुलिस थाना में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान हाजी मसूद अहमद तथा हाजी मोहम्मद अहमद की भी संलिप्तता पाई गयी थी। एसपी ने बताया कि जनहित में और भविष्य में सामाजिक सौहार्द खराब होने की आशंक के मद्देनजर पुलिस की संस्तुति पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने इन आरोपियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त और असलहे जब्त करने के आदेश जारी किये। उन्होंने बताया कि शनिवार को अब्दुल हमीद और हाजी मोहम्मद अहमद की एक-एक 12 बोर सिंगल बैरल बंदूक तथा हाजी मसूद अहमद की 12 बोर डबल बैरल बंदूक (कुल तीन शस्त्र) के लाइसेंस निरस्त कर इन असलहों को जब्त कर लिया गया है। हरदी थाना क्षेत्र के महाराजगंज कस्बे में 13 अक्टूबर को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस में डीजे पर गाना बजाने को लेकर हुए बवाल के बीच गोली चलने से गांव रेहुआ मंसूर के निवासी रामगोपाल मिश्र की मौत हो गयी थी। इसके बाद महसी, महाराजगंज तथा बहराइच शहर में 13 और 14 अक्टूबर को सांप्रदायिक हिंसा फैल गई। इस दौरान लोगों ने घरों, दुकानों, शोरूम व अस्पताल आदि में तोड़फोड़ तथा आगजनी कर करोड़ों रुपये की संपत्ति का नुकसान पहुंचाया। घटना में कई लोग घायल हुए।

## यहां फुटबॉल पर किक से निकलती है सरकारी नौकरी, बेटियों ने बदल दी कैथल के इस गांव की पहचान

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



कैथल। जिले का गांव मानस, जहां बेटियां फुटबॉल से कामयाबी की किक लगा रही हैं। खेल सुविधाओं की कमी थी, लेकिन बेटियों के हौसले ने हार नहीं मानी। सरकार और विभाग ने कुछ नहीं किया तो ग्राम पंचायत को ही आगे आना पड़ा।

साल 2011 में गांव की बेटियों ने स्कूल के छोटे से स्टेडियम में फुटबॉल खेलना शुरू किया था। खेलों में लगातार पदक आए तो अब ग्राम पंचायत ने आठ एकड़ जमीन में स्टेडियम बना दिया। इस स्टेडियम में अब फुटबॉल के साथ अन्य खेलों के खिलाड़ी भी अभ्यास कर रहे हैं।

**गांव की 70 लड़कियां खेलती हैं फुटबॉल**

इस समय गांव की करीब 70 लड़कियां फुटबॉल खेलती हैं। अब तक गांव की करीब 50 लड़कियां राष्ट्रीय स्तर और इनके अलावा लगभग सभी लड़कियां राज्य स्तर पर खेल चुकी हैं। एक सप्ताह पहले जम्मू कश्मीर में अंडर-17 राष्ट्रीय स्कूली फुटबॉल स्पर्धा हुई थी। इसमें गांव मानस की बेटी खुशी ने हरियाणा की टीम में भाग लिया था। बेटी ने इस राष्ट्रीय स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया है।

**14 को खेल कोटा से मिली है सरकारी नौकरी**

इसके अलावा इसी साल गांव की 14 बेटियों को भी खेल कोटा में सरकारी नौकरी मिली है। सभी बेटियों का चयन ग्रुप डी में हो चुका है। अब बेटियों को खेलों में पदक के साथ रोजगार भी मिल रहा है।

इसके अलावा सरकार की तरफ से भी पदक जीतने वाली बेटियों को नकद इनाम या अन्य प्रकार की आर्थिक सहायता दी जा रही है। साल 2020 में गुवाहाटी में खेलो इंडिया प्रतियोगिता हुई थी। इसमें भी गांव की दस लड़कियों ने स्वर्ण पदक हासिल किया था।

**गांव में चल रही है फुटबॉल की खेल नर्सरी**

गांव में लड़कियों की फुटबॉल की खेल नर्सरी चल रही है, जिसमें 25 खिलाड़ी अभ्यास करती हैं। नर्सरी कोच सचिन कुमार ने बताया कि वे गांव में खेल नर्सरी चलाते हैं।

इसके अलावा करीब 50 लड़कियां भी उनके पास अभ्यास कर रही हैं। उनके इस कार्य में गांव के सरपंच कर्मबीर भी सहयोग कर रहे हैं। जरूरतमंद खिलाड़ियों का खर्च ये ही उठा रहे हैं।

**सुबह दो और शाम को तीन घंटे करती हैं अभ्यास**

कोच सचिन कुमार ने बताया कि गांव की लड़कियां सुबह-शाम खेल का कड़ा अभ्यास करती हैं। सुबह दो घंटे और शाम को तीन घंटे खेल मैदान में पसीना बहाती हैं। लड़कियों के चार ग्रुप बनाए हुए हैं। इनमें अंडर-14, अंडर-17, अंडर-19 और ओपन के ग्रुप बनाए हुए हैं।

2011 में जब खेलना शुरू किया था तो 20 लड़कियां थी, लेकिन अब यह संख्या 70 तक पहुंच चुकी है। गांव की लड़कियों में फुटबॉल का क्रेज बना हुआ है।

फुटबॉल ऐसा खेल है जिसमें खेलों में पदक के साथ शरीर भी स्वस्थ रहता है। बता दें कि कोच सचिन कुमार भी अपने समय के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे हैं। वे पांच बार सीनियर नेशनल स्पर्धा में खेल कर पदक जीत चुके हैं।

## बंबीहा गैंग के 4 गुर्गों को एसटीएफ ने दबोचा, गैंगवार में हत्या करने आए थे करनाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



करनाल। करनाल एसटीएफ ने चिढ़ाव मोड़ से बोलेरो सवार बंबीहा गैंग के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों के पास से छह पिस्टल और 25 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। बदमाश किसी की हत्या करने के लिए करनाल आए थे।

पुलिस ने बदमाशों को कोर्ट में पेश करके चार दिन के रिमांड पर लिया है। एक बदमाश पर हत्या के प्रयास के दो केस समेत अन्य मामले दर्ज हैं। सभी बदमाश लॉरेंस गैंग से रंजिश के चलते मर्डर करने करनाल पहुंचे थे। जींद पुलिस ने बदमाश पर ईनाम की संस्तुति की थी। बदमाशों के पास से बरामद हुआ हथियारों का जखीरा

करनाल पुलिस सभी बदमाशों से पूछताछ कर रही है। करनाल एसटीएफ प्रभारी इंस्पेक्टर दीपेंद्र राणा ने बताया कि उन्हें शनिवार को कैथल की ओर से बोलेरो में सवार होकर बदमाशों के करनाल आने की सूचना मिली। पुलिस ने चिढ़ाव मोड़ पर नाकाबंदी करके बदमाशों को दबोच लिया। बदमाशों के पास से छह अवैध पिस्तौल, 25 कारतूस के साथ तीन अतिरिक्त मैगजीन बरामद की है।

**पुलिस ने 4 दिन के रिमांड पर भेजा**

पकड़े गए बदमाशों में जींद के नरवाना निवासी दीपक उर्फ मैकाला, पानीपत के सिवाह निवासी पुनीत उर्फ पुंता, हिसार के बरवाला निवासी अरुण और उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के सरसावा निवासी रोबिन शामिल हैं। एसटीएफ ने बताया कि सभी बदमाश बंबीहा गैंग के सक्रिय सदस्य हैं।

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि लारेंस बिश्नोई गैंग से रंजिश के चलते सभी बदमाश हत्या की वारदात को अंजाम देने के लिए करनाल आए थे, लेकिन वारदात से पहले ही पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने सभी बदमाशों को कोर्ट में पेश करके चार दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान बदमाशों से विस्तृत पूछताछ की जाएगी।

**बदमाशों पर दर्ज हैं संगीन मामले**

एसटीएफ ने बताया कि पकड़े गए बदमाश दीपक उर्फ मैकाला पर हत्या के प्रयास के दो केस दर्ज हैं। इसके अलावा सभी बदमाशों पर आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं। सभी बदमाशों को रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। बदमाशों ने बताया कि बोलेरो कार उनके दोस्त की है। उसकी भी जांच की जा रही है। जींद पुलिस ने की थी ईनाम की संस्तुति

एसटीएफ ने बताया कि चिड़ाव मोड़ से पकड़े गए बदमाश जींद जिले के गांव नरवाना निवासी दीपक उर्फ मैकाला पर हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज हैं। सभी मामलों में आरोपित फरार चल रहा था। अब जींद पुलिस ने दीपक उर्फ मैकाला पर ईनाम रखने की संस्तुति की थी। इससे पहले ही वह करनाल में पकड़ा गया।

## सदन में स्वस्थ चर्चा से प्रदेश का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान होता है : योगी आदित्यनाथ

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानमंडल के सोमवार से शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र को लेकर रविवार को हुई सर्वदलीय बैठक में मुख्यनमंत्री योगी आदित्यंनाथ ने सभी दलों से सहयोग मांगा और कहा कि सदन में स्वस्थ चर्चा से प्रदेश का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान होता है। उत्तर प्रदेश में सोमवार से शीतकालीन सत्र की कार्यवाही शुरू होगी। दोनों सदनों – विधानसभा और विधान परिषद का सत्र 16 दिसंबर से 20 दिसंबर तक प्रस्तावित है जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-2025 के द्वितीय अनुपूरक अनुदानों की मांगों का प्रस्तुतीकरण हो सकता है। रविवार को यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार आदित्यनाथ ने शीतकालीन सत्र से पहले विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक की।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की मौजूदगी में हुई बैठक में आदित्यनाथ ने कहा, सदन में स्वस्थ चर्चा से प्रदेश का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान होता है। हम सभी जनप्रतिनिधि हैं, हमें जनता के मुद्दों, उनकी समस्याओं को लेकर सदन में सुचारू रूप से चर्चा करनी चाहिए। मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष ने सदन के कुशल संचालन के लिए सभी दलों का सहयोग मांगा। आदित्यनाथ ने सर्वदलीय बैठक में कहा, सदन सार्थक चर्चा का माध्यम होता है। इससे ही प्रदेश के विकास कार्यों को रफ्तार मिलती है। साथ ही समस्याओं का समाधान होता है। सदन के संचालन में किसी प्रकार की बाधा न हो, सभी को इसका ध्यान रखना चाहिये। बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन को ज्यादा से ज्यादा समय तक संचालित किया जाए, इसके लिए सभी का सहयोग जरूरी है। आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास में योगदान देने के लिए सभी दलों के नेताओं को भी प्रयास करने चाहिए। इस अवसर पर वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, निर्बल शोषित हमारा आम दल (निषाद) के अध्यक्ष और राज्य सरकार के मत्स्य मंत्री संजय निषाद, कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा मोना व जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के नेता रघुराज प्रताप सिंह समेत कई प्रमुख लोग मौजूद थे।

### सड़क हादसे में एक की मौत

ग्रेटर नोएडा। सूरजपुर से दादरी जाते वक्त दो बाइक में भिडंत से एक बाइक सवार की मौत हो गई। मामले में मृतक के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं आरोपी बाइक सवार की तलाश जारी है। अलीगढ़ निवासी पूनम देवी ने बताया कि उनके पति रामेश्वर शर्मा सूरजपुर में रहकर सब्जी व फल की दुकान का काम करते थे। 8 दिसंबर को सूरजपुर से दादरी तक बाइक पर सवार होकर रहे थे। सूरजपुर-दादरी मार्ग गांव देवला लेबर चौक फैना कंपनी के सामने पहुंचे तो पीछे से आ रही एक बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद उनके पति सड़क पर गिर गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच रही है।

### बच्चे को ढूंढकर परिजन को सौंपा

ग्रेटर नोएडा। सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने गुमशुदा बच्चे को सकुशल तलाश कर परिजन के सुपुर्द किया है। रविवार को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि एक तीन साल का बच्चा निवासी कस्बा सूरजपुर कही गुम हो गया है। काफी तलाश करने पर भी नहीं मिल रहा है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किए। स्थानीय लोगो की सहायता से बच्चे को ढूंढने का प्रयास किया गया। काफी तलाश करने के उपरांत बच्चे को सकुशल तलाश कर उसके परिजन के सुपुर्द कर दिया गया।

### गैंगस्टर एक्ट में पांच पर कार्रवाई

ग्रेटर नोएडा। सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने लूट समेत अन्य घटनाओं को अंजाम देने वाले पांच आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है। गिरोह का सरगना नीरज प्रजापति उर्फ भोलू निवासी ग्राम नंदपुर हापुड़ है। उसके साथ गिरोह के चार अन्य सदस्य ब्रजेश शर्मा, वीशू उर्फ बंटी त्यागी, मानव नेगी और उमेश कुमार भी गिरोह में शामिल हैं। गिरोह लूटपाट और अन्य अपराधों को अंजाम देता था। गैंग के सदस्यों के खिलाफ पहले से ही विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं।

### चार गांवों की सात कॉलोनियों पर चला पीला पंजा

गुरुग्राम। नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने गांव भौंडसी, अलीपुर, घामडौज, सहजावास में अवैध रूप से पनप रही सात कॉलोनियों को मलबे में मिला दिया। पुलिस बल की मौजूदगी में तोड़फोड़ हुई। किसी तरह का विरोध सामने नहीं आया। डीटीपीई मनीष यादव के नेतृत्व में तोड़फोड़ दस्ता पहले गांव अलीपुर में पहुंचा। यहां अवैध रूप से तीन कॉलोनियां काटी जा रही थी। 10 एकड़ में विकसित हो रही इन कॉलोनियों में दो मकानों का निर्माण चल रहा था, जबकि 27 मकान बनाने के लिए डीपीसी और चारदीवारी हुई थी। तोड़फोड़ दस्ते ने बुलडोजर की मदद से इन्हें मलबे में मिला दिया। इस कॉलोनी में भूमाफियाओं की तरफ बनाए गए सड़क नेटवर्क को भी उखाड़ दिया। गांव घामडौज में तीन एकड़ में कॉलोनी कट रही थी। इसमें तीन निमार्णाधीन मकान को मलबे में मिलाया गया। सड़क को भी उखाड़ दिया गया। सहजावास गांव में दो कॉलोनियों में पांच निमार्णाणीन मकान बनते मिले। इन मकानों को मलबे में मिलाने के बाद सड़क नेटवर्क को उखाड़ दिया। इसके अलावा 100 मकान बनाने के लिए डाली गई डीपीसी और प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय को तोड़ डाला। गांव भौंडसी में एक कॉलोनी काटी जा रही थी। इसे भी मलबे में मिलाया गया। इस मौके पर ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के रूप में सहायक नगर योजनाकार अनीश ग्रोवर मौजूद रहे।

## बीपीएल महिलाओं को हरियाणा सरकार देगी 500 रुपये में गैस सिलेंडर

**सरकार के हर घर-हर गृहिणी पोर्टल पर किया जा रहा है रजिस्ट्रेशन**



- राज्य के युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोडना हमारी प्राथमिकता
- ग्लिोबल इन्वेस्टर्स समिट में हुए करारों की ग्राउंडिंग में लायी जाये तेजी

प्रात: किरण संवाददाता

गुरुग्राम। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से संचालित हर गृह-हर गृहिणी योजना अंत्योदय परिवारों की महिलाओं को रसोई में धुआं रहित स्वच्छ वातावरण देने में कारगर साबित होगी। इस योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवार की महिलाओं को 500 रुपये की रियायती दरों पर एलपीजी सिलेंडर हर महीने दिया जाएगा।

डीएफएससी सुरेंद्र सिंह ने रविवार को बताया कि हरियाणा सरकार ने बीपीएल परिवार की महिलाओं को प्रति माह 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की हर घर-हर गृहिणी योजना शुरू कर दी है। अंत्योदय परिवारों की महिलाएं योजना के आधिकारिक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवा रही हैं।

बीपीएल परिवारों को स्वच्छ ईंधन मिले और महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हो, इसी उद्देश्य से हर गृह-हर गृहिणी योजना का शुभारम्भ किया गया है। अभी तक जिला की हजारों महिलाओं ने सीएससी के माध्यम से इस पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन किया है। कम आमदनी वाले वे घर जो फुल प्राइस पर एलपीजी नहीं खरीद सकते। खाना पकाने के लिए पारम्परिक संसाधनों पर निर्भर थे, उन्हें इस योजना से खासकर फायदा होगा।

डीएफएससी ने बताया कि गुरुग्राम जिला में सरकार द्वारा एलपीजी कनेक्शन देने के लिए उज्जवला योजना पहले से शुरू की हुई थी। जिसमें 500 रुपए में गैस कनेक्शन मिल जाता है। अब जिन परिवारों की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपए या इससे कम है, वे महिला उपभोक्ता के नाम से हर घर हर गृहणी योजना का लाभ ले सकते हैं। इस स्कीम के तहत हर महीने 500 रुपये में एलपीजी रिफिल मिलेगा। उन्होंने बताया कि महिलाएं इस योजना का लाभ उठाने के लिए बड़ी संख्या में पंजीकरण करवा रही हैं। जिला में उज्जवला स्कीम के 12 हजार से अधिक कनेक्शन हैं और यहां 58 गैस एजेंसी काम कर रही हैं। इसलिए हर महीने एलपीजी की आपूर्ति में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

### पति समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नोएडा। कासना थाना क्षेत्र की एक महिला ने पति पर ड्रग्स के नशे में कुकर्म करने, अतिरिक्त दहेज की मांग करने और न मिलने पर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है। पीड़िता ने डीसीपी महिला सुरक्षा के आदेश पर महिला थाने में पति समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह नवंबर 2020 में पूर्वी दिल्ली निवासी एक युवक से हुआ था। शादी में पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग उस दहेज से खुश नहीं थे। वह अतिरिक्त दहेज में थार गाड़ी, 100 गज का प्लॉट और पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर मारपीट व प्रताड़ित करने लगे। यही नहीं पति आए दिन ड्रग्स के नशे में उसके साथ कुकर्म करने लगा। विरोध करने पर मारपीट करता था। पीड़िता ने अक्तूबर 2021 में एक पुत्री को जन्म दिया। इससे ससुराल पक्ष के लोग और नाराज हो गए। उन्होंने बच्ची को अपने पास रख लिया और दहेज की मांग पूरी होने पर ही बच्ची वापस करने की धमकी दी। इसकी जानकारी मायके पक्ष के लोगों को दी। उन्होंने काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन आरोपी नहीं माने। पीड़िता को उसके मायके भेज दिया और पति से साथ ले जाने से इन्कार कर दिया। पीड़िता का कहना है कि पति अखाड़ा का संचालन करता है। वह पहलवानों से परिवार के लोगों की हत्या कराने की धमकी दे रहा है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर पति, सास, ससुर, देवर, ददिया सास और तीन अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## नोएडा प्राधिकरण के पूर्व ओएसडी रविंद्र यादव के ठिकानों पर छापेमारी के बाद बड़ा खुलासा, करोड़ों की संपत्ति मिली

प्रात: किरण संवाददाता



नोएडा। नोएडा विकास प्राधिकरण के पूर्व विशेषाधिकारी (ओएसडी) रविंद्र सिंह यादव के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में शनिवार को विजिलेंस की टीम ने उनके नोएडा स्थित आवास और इटावा के एक स्कूल पर छापेमारी के बाद रविवार को बड़ा खुलासा किया है। इस दौरान कई अहम दस्तावेज और करोड़ों की संपत्ति के प्रमाण जब्त किए हैं। पूर्व में चल रही विजिलेंस जांच में शनिवार को बड़ा खुलासा हुआ था।

एसपी विजिलेंस के मुताबिक, जांच में यह सामने आया है कि रवींद्र सिंह यादव ने एक जनवरी 2005 से 31 दिसंबर 2018 तक 94.49 लाख रुपये की वैध आय अर्जित की, जबकि इस दौरान उन्होंने 2.44 करोड़ रुपये खर्च किए। इसका मतलब है कि उनके खर्च उनकी आय से करीब 1.5 करोड़ रुपये अधिक रहे। रविंद्र यादव अतिरिक्त संपत्ति के स्रोत का कोई वैध विवरण नहीं दे सके।

इससे पहले विजिलेंस की 18 सदस्यीय टीम ने शनिवार को नोएडा सेक्टर-47 में यादव के तीन मंजिला आवास और इटावा के तलोरा नगर स्थित स्कूल पर कार्रवाई की। नोएडा स्थित आवास की अनुमानित बाजार कीमत 16 करोड़ रुपये आंकी गई है। इटावा के स्कूल परिसर की वर्तमान कीमत लगभग 15 करोड़ रुपये है, जिसमें स्कूल के सभी तकनीकी उपकरण और अन्य संसाधनों की कीमत 2 करोड़ रुपये आंकी गई है।

जांच में पता चला कि इटावा स्थित स्कूल का संचालन यादव के बेटे द्वारा किया जा रहा है। स्कूल पूरी तरह से अवैध रूप से निर्मित है और इसे बिना किसी वैध स्वीकृति के संचालित किया जा रहा है। स्कूल के संचालन में 10 बसों का उपयोग हो रहा है, जिसकी अनुमानित कीमत 1.04 करोड़ रुपये है। साथ ही, यादव ने मेरठ और नोएडा में एक दर्जन से अधिक प्लॉट खरीद रखे हैं, जिनकी जांच जारी है। विजिलेंस की टीम ने यह भी खुलासा किया है कि यादव ने अपने कार्यकाल के दौरान नोएडा विकास प्राधिकरण में भूखंड आवंटन और सरकारी नियमों का उल्लंघन करते हुए कई बड़े प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी। वर्ष 2007 में ओएसडी के पद पर रहते हुए उन्होंने कई प्राइवेट कंपनियों को आईटी और हाउसिंग प्रोजेक्ट्स में नियमों के खिलाफ फायदा पहुंचाया। विजिलेंस की यह कार्रवाई निदेशक, उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान के निर्देश पर की गई। सभी जब्त दस्तावेजों और संपत्ति से जुड़े रिकॉर्ड्स को अब विस्तृत जांच के लिए शामिल किया जा रहा है।

### आठ बदमाशों के खिलाफ गैंगस्टर ऐक्ट की कार्रवाई

नोएडा। थाना फेज-तीन पुलिस ने गिरोह बनाकर वाहन चोरी करने वाले आठ बदमाशों के खिलाफ गैंगस्टर ऐक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। जल्द ही पुलिस अवैध कार्यों से अर्जित की गई आरोपियों की संपत्ति को चिह्नित करेगी। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई करेगी। थाना प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने दर्ज कराई एफआईआर में बताया कि गाजियाबाद के भोजपुर निवासी दानिश कुरैशी, गाजियाबाद के फरीदनगर निवासी राधे, फैजान कुरैशी, रोहित उर्फ निप्पल, गाजियाबाद के नंदग्राम निवासी रिजवान मलिक, मेरठ के नौचंदी निवासी बिलाल मलिक उर्फ सुल्तान, गाजियाबाद के डासना निवासी शहजाद, दिल्ली भजनपुरा निवासी साकिव रजा उर्फ इरशाद मलिक ने गिरोह बना रखा है। इन लोगों का संगठित एवं सक्रिय गिरोह है। इनके द्वारा किए गए कार्यों के चलते क्षेत्र में भय व आंतक का माहौल है। ये लोग समाज विरोधी कार्यों में लगातार शामिल रहते हैं। इनके गिरोह का लीडर दानिश कुरैशी है। ये लोग वाहन चोरी करके उन्हें सस्ते दामों पर बेचकर अवैध धन अर्जित करते हैं। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि गैंगस्टर ऐक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही आरोपियों की संपत्ति चिह्नित करके उसे कुर्क करने की भी कार्रवाई की जाएगी।

## रैंकिंग प्रतियोगिता के जरिए स्वच्छता के प्रति प्रोत्साहित करेगा ग्रेनो प्राधिकरण

प्रात: किरण संवाददाता



ग्रेटर नोएडा। प्राधिकरण ने अधिक मात्रा में कचरा उत्सर्जित करने वाली सोसाइटियों, शिक्षण संस्थानों, औद्योगिक इकाइयों आदि को साफ-सफाई के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए स्वच्छता रैंकिंग प्रतियोगिता शुरू की है। इस पहल में प्रतिभाग करने के लिए 31 दिसंबर तक आवेदन किया जा सकता है। तय मानकों के परीक्षण औप सत्यापन के बाद अलग-अलग श्रेणी में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल करने वाली संस्थाओं को आगामी 26 जनवरी को आयोजित समारोह के दौरान पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा को स्वच्छता के मामले में अव्वल बनाने के लिए प्राधिकरण द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। भविष्य में शत प्रतिशत कचरे (गीला, सूखा और ई-कचरा) का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण करने के लिए संयंत्र स्थापित करने की तैयारी चल रही है। वहीं, अधिक मात्रा में कचरा उत्सर्जित करने वाली इकाइयों को स्वच्छता के प्रति प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए स्वच्छता रैंकिंग प्रतियोगिता की तैयारी शुरू कर दी गई है। प्राधिकरण अधिकारी के मुताबिक, इस प्रतियोगिता के लिए 20 प्रश्न तैयार किए गए हैं। इसमें आवेदन करने वाले संस्थानों की एक से चार जनवरी तक परीक्षण किया जाएगा। प्राधिकरण की टीम मौके पर भी जाकर सत्यापन करेगी कि कचरे के निस्तारण के लिए क्या व्यवस्था की गई है। बता दें कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के अनुसार, अधिक मात्रा में कचरा पैदा करने वाली संस्थाओं को उसके निस्तारण की जिम्मेदारी खुद उठानी होती है। स्वच्छता रैंकिंग प्रतियोगिता में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान पर हासिल करने पर क्रमशः 1 लाख, 75 हजार और 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि आगामी 26 को जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दौरान दी जाएगी। इसके साथ ही 25 हजार रुपये की सांत्वना राशि भी दी जाएगी। स्वच्छता प्रतियोगिता के जरिए यह जानने का प्रयास किया जाएगा कि गीला, सूखा और ई-कचरा के निस्तारण के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। इससे पहले भी स्वच्छता रैंकिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा चुकी है। प्राधिकरण का मानना है कि इससे लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरुकता पैदा होगी।

**इन बिंदुओं का ध्यान रखा जाएगा**

प्राधिकरण परीक्षण के दौरान कई बिंदुओं का ध्यान रखा जाएगा। इनमें पार्क में कूड़ेदान रखे हैं या नहीं, हरे कचरे का वैज्ञानिक ढंग से उपचार के प्रबंधन की व्यवस्था, पार्क की स्थिति, अपशिष्ट प्रबंधन पर की गई नवीन पहल, परिसर की समग्र सफाई और रखरखाव सही हो रहा है या नहीं। साथ ही सोसाइटी निवासियों के बीच अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं को प्रोत्साहित करने के लिए समय-समय पर संचालित की जानी वाली गतिविधियां, निवासी शिकायत दर्ज करने के लिए मित्रा ऐप का उपयोग करते हैं या नहीं। वहीं, कर्मचारियों और घरेलू सहायकों के लिए शौचालय की सुविधाएं, कूड़ेदान की प्रतिदिन सफाई, गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन की व्यवस्था है या नहीं। इतना ही नहीं परिसर में गीले कचरे के प्रसंस्करण के लिए किस तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। ट्यूबलाइट जैसे घरेलू खतरनाक कचरे का प्रबंधन कैसे किया जाता है आदि बिंदु शामिल किए गए हैं। लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए स्वच्छता रैंकिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें ग्रुप हाउसिंग सोसाइटियां, शिक्षण संस्थान और औद्योगिक इकाइयां प्रतिभाग कर सकती है। स्वच्छता को लेकर तय किए गए मानकों के परीक्षण के बाद विजेताओं की घोषणा की जाएगी। पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इससे जागरुकता फैलाने में मदद मिलेगी।

## संभल: शाही जामा मस्जिद के पास अतिक्रमण और बिजली चोरी के खिलाफ अभियान जारी

प्रात: किरण संवाददाता



संभल। संभल की शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण को लेकर हिंसक झड़पों में चार लोगों की मौत के कुछ दिन बाद अतिक्रमण और बिजली चोरी के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा शुरू किया गया व्यापक अभियान जारी है।

जिला प्रशासन ने रविवार सुबह से ही अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया।

अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) श्रीश चंद्र ने बताया कि सुबह सात बजे से नखासा थाना अंतर्गत हिन्दू पुरा खेड़ा क्षेत्र में मकानों के बाहर हुए अतिक्रमण को हटाया जा रहा है।

यह इलाका समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद जियाउर रहमान बर्क के आवास के करीब है। इस अभियान के दौरान एक मकान में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध भंडार के बारे में पता चला है। आपूर्ति निरीक्षक योगेश शुक्ला ने बताया कि कार्रवाई के दौरान उन्हें हाजी रब्बान नामक व्यक्ति के घर से 25 सिलेंडर मिले, हालांकि परिवार ने दावा किया कि सिलेंडर एक शादी के लिए हैं, लेकिन वे आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाए।

शुक्ला ने कहा, ह्य दो सिलेंडर भरे हुए थे और बाकी खाली थे, उन्हें जब्त कर लिया गया और मामले में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। इस बीच, बिजली विभाग ने भी बिजली चोरी को लेकर अभियान शुरू किया।

बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता नवीन गौतम ने बताया कि दीपा सराय में छापेमारी के दौरान अधिकारियों को चार मस्जिदों और एक मदरसे में अवैध बिजली कनेक्शन मिला। गौतम ने कहा, कुल लगभग एक करोड़ 25 लाख रुपये कीमत की 130 मेगावाट बिजली चोरी की जा रही थी। अभियान के दौरान चोरी में शामिल 49 व्यक्तियों की पहचान की गई और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। इस बीच, शनिवार को जिला प्रशासन द्वारा खुलवाए गए भस्मा शंकर मंदिर में

रविवार को विधि विधान और मंत्रोच्चार के बाद दर्शन और पूजा अर्चना शुरू हुई।

मंदिर के महंत आचार्य विनोद शुक्ला ने बताया कि फिलहाल लगभग 20 से 25 श्रद्धालुओं ने यहां आकर पूजा अर्चना की और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

शुक्ला ने कहा, ह्ममुझे इस मंदिर का सेवा का अधिकार मिला है, मैं नियमित रूप से इस कर्तव्य का निर्वहन करूंगा। यहां सुरक्षा व्यवस्था के बेहतर इंतजाम किए गए हैं।

एक स्थानीय निवासी मोहित रस्तोगी ने मंदिर को फिर से खोलने के लिए प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने शिवलिंग पर जल चढ़ाने और पूजा-पाठ करने के बाद कहा, ह्ममैंने इस मंदिर के बारे में अपने दादाजी से सुना था। हमें अपनी विरासत से दोबारा जुड़ने का मौका देने के लिए मैं जिला प्रशासन को धन्यवाद देता हूं।

जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने शनिवार को कहा कि ये कार्रवाई शाही जामा मस्जिद क्षेत्र के आसपास व्यवस्था बहाल करने और अवैध गतिविधियों से निपटने की एक व्यापक पहल का हिस्सा है।

## फंदे के आकार की गर्दन ढूंढने की कवाइद

देश के आन्तरिक हालातों की स्थिति निरंतर बिगडती जा रही है। अनेक उत्तरदायी लोक सेवकों ने कर्तव्यों को हाशिये पर रखकर अधिकारों का मनमाना उपयोग शुरू कर दिया है। बेंगलुरु के इंजीनियर अतुल सुभाष की आत्महत्या ने पुलिस से लेकर कानून व्यवस्था तक को कटघरे में खडा कर दिया है। न्यायाधीश पर रिश्वत की मांग के आरोप लगाते हुए अतुल ने उनके पेशकार को भी रेखांकित किया है जिनका नाम न्यायाधीश रीता कौशिक तथा पेशकार माधव बताया जाता है। पुलिस व्दारा पक्षपात करने से लेकर तानाशाही तक के अनेक पक्ष उजागर हुए हैं। महिलाओं के पक्ष में हमेशा आन्दोलन करने वाली राजनैतिक पार्टियां, समाजसेवी संगठन और कथित बुध्दिजीवियों की जमात अतुल को न्याय दिलाने के लिए पूरी ताकत से सडकों पर नहीं उतरी, नारे नहीं लगे और न ही विपक्ष ने धरना-प्रदर्शन ही किये। तुष्टीकरण की राजनीति करने वालों ने मीडिया के पूछने पर औपचारिक वक्तव्य देकर अपने कर्तव्यों की इति कर ली। इस दुखःद घटना के लिये अतुल ने पहला नाम पारिवारिक न्यायालय की न्यायाधीश का लिखा था परन्तु न्यायालयों की शीर्ष व्यवस्था व्दारा विशेषाधिकार का प्रयोग करके कठोर कार्यवाही से आज तक आम आवाम को अवगत नहीं कराया। भीख मांगो, कर्जा लो या चोरी करो, चाहे जो भी करो, मेन्टीनेंस तो देना ही होगा। पुरुषों के प्रति इस तरह की टिप्पणी करने वालों की मानवता केवल और केवल महिला पक्ष के प्रति संवेदना में कैसे बदल जाती है, यह यक्ष प्रश्न स्वाधीनता के बाद से निरंतर अपनी समीक्षा के लिए उत्तरदायी लोगों को आमंत्रित करता रहा है। कानून और कानून की रोशनी में होने वाली कार्यवाही, दौनों पर एक बार फिर किसी व्यक्ति ने अपनी मौत के साथ सवालिया निशान लगाये हैं। मगर परिणाम अभी तक ढाक के तीन पत्तों से आगे नहीं बढ़ सके। अतुल को आत्महत्या के लिए प्रेरित वाले सभी नामजद लोगों के विरुध्द प्रकरण दर्ज करने में भी लम्बे समय तक कोताही बरती जाती रही। सरकारी महकमों के उत्तरदायी लोगों तक कानून का शिकंजा पहुंचना असम्भव नहीं तो कठिन अवश्य है। 34 वर्षीय इंजीनियर ने मृत्यु को गले लगाने से पहले 24 पेज लिखकर स्वयं का दर्द और देश की वर्तमान व्यवस्था पर 80 मिनिट का वीडियो संदेश भी रिकार्ड किया था। उसके अक्षरों तथा शब्दों की मनमानी व्याख्या करके पुलिस ने अपने ढंग से कार्यवाही करने की औपचारिकता प्रारम्भ कर दी ताकि मुद्दे की गर्माहट को समय की ठंड के साथ समाप्त किया जा सके। काश, अतुल को न्याय मिला होता। उसकी चिता की आग ठंडी भी नहीं हुई थी कि हैदराबाद में एक फिल्म स्टार को हथकडियां पहना दी गईं। पूर्व सूचना के बाद भी पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था न होने के कारण संध्या थियेटर में पुष्पा-2 के प्रीमियर के दौरान हुई भगदड में 38 वर्षीय महिला रेवती की सांस घुटने के कारण मौत हो गई थी। पहले से अवगत होने के बाद भी सुरक्षा के उपाय न करने वाले उत्तरदायी अधिकारियों पर प्राथमिकी दर्ज करने के स्थान पर चिक्कड़पल्ली पुलिस स्टेशन में फिल्म के अभिनेता अल्लू अर्जुन सहित आयोजकों के विरुध्द बीएनएस की धारा 105 तथा 118(1) के तहत मामला पंजीबध्द कर किया और अभिनेता को उसके घर से गिरफ्तार कर स्वयं की पीठ ठोक ली। इसी प्रकरण में थियेटर के मालिक, मैनेजर और बालकनी के सुपरवाजर को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था। अनुमति लेकर थियेटर पहुंचे अल्लू अर्जुन के संबंध में मृतका के पति भास्कर ने स्पष्ट किया कि वह अपने बेटे के अनुरोध पर फिल्म देखने हेतु संध्या थियेटर गये थे, अभिनेता का भगदड या पत्नी की मौत से कोई संबंध नहीं है। यानी कि भगदड का कारण पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था का न होना था। इतना सब होने के बाद भी किसी सरकारी मुलाजिमों के खिलाफ जांच तक के आदेश नहीं दिये गये। ऐसे में यह कहना अतिशयोक्ति न होगा कि फंदे के आकार की गर्दन ढूंढने की कवाइद में लगे रहने वाले अधिकांश उत्तरदायी अधिकारियों पर उनके वरिष्ठ का वरदहस्त रहता है। ईमानदाराना बात तो यह है कि न्याय की वास्तविक परिभाषा के अवतरित होते ही अनेक उत्तरदायी अधिकारियों गर्दनें स्वयं ही कानून के शिकंजे में फंसकर रहम की भीख मांगती दिखेंगीं परन्तु ऐसा होना भालू के बाल गिनने जैसा है। एक ओर तो राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त अभिनेता को भगदड के लिये जिम्मेदार मान लिया जाता है वहीं दूसरी ओर सार्वजनिक मंचों से 15 मिनिट के लिये पुलिस हटाने की चुनौती देकर साम्प्रदायिकता के लिए खून बहाने वालों के विरुध्द न तो पुलिस ही प्राथमिकी दर्ज करती है और न ही न्यायालय स्वयं संज्ञान लेता है।

## एक साथ चुनाव से सशक्त बनेगा देश

सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि हमेशा चलने वाले चुनावों पर विराम लग जाएगा। सरकारों का ध्यान विकास कार्यों की ओर होगा। आचार संहिता की वजह से विकास कार्य ठप्प नहीं होंगे। और सबसे ऊपर हर बार चुनाव में होने वाले बेहिसाब खर्चों पर लगाम लगेगी। चुनाव आयोग से लेकर राजनीतिक दलों का चुनावों पर बेहिसाब खर्च होता है। एक साथ चुनाव से इन खर्चों में कटौती होगी। सुरक्षा बलों को भी लगातार इस राज्य से उस राज्य तक यात्रा करनी पड़ती है। आम लोगों का ध्यान भी चुनाव पर लगा रहता है। यह सब कुछ एक निर्णय से बदल जाएगा। देश सचमुच बदल रहा है। न सिर्फ बदल रहा है, बल्कि शक्तिशाली हो रहा है। लोकतंत्र सशक्त हो रहा है। वैश्विक स्तर पर देश का मान बढ़ रहा है। देश में आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता आई है। अभी जिस समय देश संविधान अंगीकार करने के 75 साल पूरे होने का उत्सव मना रहा है, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने एक और ऐतिहासिक निर्णय किया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ह्यएक देश, एक चुनावह्न के लिए बनाए गए दो विधेयक को मंजूरी दे दी है। संसद के शीतकालीन सत्र में इसके लिए सरकार दो विधेयक पेश करेगी। इनके जरिए संविधान के अनुच्छेद 82ए, 83, 172 और 327 में संशोधन का प्रस्ताव रखा जाएगा। इससे लोकसभा और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने और लोकसभा व सभी विधानसभाओं के कार्यकाल से जुड़े जरूरी बदलाव किए जाएंगे। केंद्र सरकार ने इससे पहले सितंबर में पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति की रिपोर्ट मंजूर कर ली थी, जिसकी सिफारिशों के आधार पर ये विधेयक तैयार किए गए हैं। श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने सभी संबंधित पक्षों के साथ विचार विमर्श किया था। उनकी समिति के सामने अनेक विपक्षी पार्टियों ने सारे चुनाव एक साथ कराने के प्रस्ताव का विरोध किया था, लेकिन ज्यादातर पार्टियां इस विचार के समर्थन में थीं। चुनाव आयोग और आम लोगों से भी समिति ने राय ली थी। इसके बावजूद सरकार अपने संपूर्ण बहुमत के दम पर एकतरफा तरीके से इन विधेयकों को नहीं पास कराने जा रही है। सरकार इस मामले में आम राय बनाने का प्रयास कर रही है। इसलिए संविधान संशोधन के विधेयक पेश करने के बाद उसे संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी को भेजा जा सकता है, जहां सभी पार्टियों के सांसद इस पर विचार करेंगे। यह समिति सभी संबंधित पक्षों से सलाह मशविरा करेगी और आम लोगों की राय भी लेगी। उसके बाद सहमति बना कर इसे पास कराया जाएगा। वैसे सरकार जब चाहती तब इसे पास करा सकती थी क्योंकि ये साधारण संशोधन हैं, जिनके लिए संसद में साधारण बहुमत की जरुरत है और राज्यों की विधानसभा से मंजूरी लेने की आवश्यकता नहीं है। फिर भी सरकार आम सहमति का रास्ता अपनाएगी। जिस समय श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में समिति बनाई गई थी तभी से इसे लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। विपक्ष पूछ रहा है कि इसका क्रियान्वयन कैसे होगा? अगर 2029 के लोकसभा चुनाव के साथ सभी राज्यों के विधानसभाओं के चुनाव कराने हैं तो अगले चार साल में होने वाले विधानसभा चुनावों का क्या होगा? यह भी पूछा जा रहा है कि अगर लोकसभा और सभी विधानसभाओं का कार्यकाल तय कर दिया जाएगा तो बीच में सरकार ने बहुमत गंवाया या सरकार गिरी तब क्या होगा? क्या वहां राष्ट्रपति शासन लगा रहेगा और अगले लोकसभा चुनाव के साथ ही वहां चुनाव होगा? वैसे इन सभी सवालों का जवाब सरकार की ओर से प्रस्तावित विधेयक में मिल जाएगा। परंतु अगर राजनीतिक पूर्वाग्रह छोड़ दें तो इन सवालों के जवाब बहुत मुश्किल नहीं हैं। कुछ विधानसभाओं के कार्यकाल बढ़ा कर और कुछ के कार्यकाल घटा कर सभी विधानसभाओं के चुनाव लोकसभा के साथ कराए जा सकते हैं। जहां तक बीच में सरकार गिरने का सवाल है तो पिछले काफी समय से मध्यावधि चुनाव का चलन समाप्त हो गया है। पिछले एक दशक से ज्यादा समय से दिल्ली के एक अपवाद को छोड़ दें तो किसी राज्य में मध्यावधि चुनाव की नौबत नहीं आई है। यह लोकतंत्र की परिपक्वता का प्रतीक है। फिर भी इस संभावना को देखते हुए सकारात्मक अविश्वास प्रस्ताव का प्रावधान किया जा सकता है। यानी सरकार गिरने के साथ ही नई सरकार बनाने का प्रस्ताव भी रखा जाए। इसके बावजूद अगर कहीं सरकार गिरती है

# संविधान पर बहस में सब कुछ तहस-नहस

**बहरहाल इस देश के संविधान की अनदेखी करना किसी भी सरकार को महंगा पड़ सकता है। कांग्रेस ने यदि संविधान के बाहर जाकर काम करने की कोशिश की तो जनता ने कांग्रेस को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया और यदि यही गलती भाजपा करेगी तो उसे भी सत्ता से बाहर जाना ही पड़ेगा। साम, दाम, दंड और भेद एके सीमा तक ही काम आते हैं। देश के लिए एक देश एक चुनाव उतना आवश्यक नहीं है जितना कि एक देश एक दाम आवश्यक है। देश में किसानों की फसल के दाम का मामला हो या देश के बेरोजगारों को रोजगार दिलाने का मामला एकसाथ चुनाव करने से ज्यादा महत्वपूर्ण है। सरकर और सरकारी पार्टी बार-बार मंदिर-मस्जिद करके देश की समस्याओं से बचकर नहीं निकल सकती।**





**राकेश अचल**
**लेखक**

लोकसभा में संविधान पर बहस के बाद माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी का उत्तर सुनकर समझा में आ गया कि उन्होंने संघ की साखा में संविधान के बारे में जो कुछ पढ़ा-लिखा उससे ज्यादा वे संविधान के बारे में जानते नहीं हैं। संविधान पर बहस के दौरान उठाये गए एक भी सवाल का उत्तर देने के बजाय वे अपने सिर पर सवार जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गाँधी और राजीव गांधी के भूत को बिदारते नजर आये। वे नहीं बता पाए कि उनके युग में संविधान कैसे मजबूत हो रहा है? मै माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदार दास मोदी के भाषण को दत्त-चित्त होकर सुनता हूँ। शनिवार को भी मैंने उन्हें लोकसभा में सुना। वे प्रधानमंत्री के स्तर का भाषण देने में हमेशा की तरह विफल हुए, उन्होंने संविधान पर भाषण देते समय संविधान पर अपने गहन अध्ययन का प्रदर्शन करने के बजाय सिर्फ वो सब उद्घाटित किया जो संघ की शाखाओं में स्वयं सेवकों को पिछले 100 साल से दीक्षित किया जा रहा है। मोदी जी संघ के प्रचारक हैं ये हकीकत है लेकिन वे देश के प्रधानमंत्री हैं इसलिए उन्हें शाखाओं के ज्ञान से ज्यादा सिखने की जरूरत है। उन्हें देश को बताना चाहिए था कि पिछले दस साल में उनकी सरकार में संविधान की रक्षा के लिए क्या कदम उठाये? संविधान संशोधनों को लेकर माननीय मोदी जी ने पिछली सरकारों के कामकाज को संविधान के साथ खिलवाड़ बताया, लेकिन जोर देकर कहा कि उनकी सरकार ने संविधान के साथ जो भी किया तो डंके की चोट किया। यानि वे परोक्ष रूप से कह रहे हैं कि -वे करें तो करेक्टर ढीला, हम करें तो रास लीला। संविधान के साथ किस पार्टी और सरकार ने खिलवाड़ किया ये पूरा देश जानता है। कांग्रेस ने आपातकाल लगाया ये सभी को पता है। मोदी जी कहते हैं कि आपातकाल का कलंक कांग्रेस के माथे से कभी मिट नहीं सकता, लेकिन वे भूल जाते हैं कि इसी देश की जनता ने, विपक्ष की खिचड़ी जनता सरकार के गिरने के बाद मशीन और मशीनरी के बिना हुए आम चुनाव में कांग्रेस को विजय श्री देकर इस कलंक को मिटा दिया था। मेरा द्दढ विश्वास है कि मोदी जी जब तक प्रधानमंत्री रहेंगे तब तक उनके सिर से जवाहर लाल नेहरू का, इंदिरा गाँधी का, राहुल गांधी का यहां तक की राहुल गांधी का भूत उतरने वाला नहीं है और जब तक ये भूत उनके सर पर सवार रहेगा वे न चैन से काम कर पाएंगे और न संविधान के विधान को समझ पाएंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी देश को आश्वस्त नहीं कर पाए कि उनके लिए संविधान बड़ा है या मनु स्मृति? वे ये स्पष्ट नहीं कर पाए की उन्हें धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद शब्द से तकलीफ है या नहीं? वे ये भी नहीं बता पाए की संविधान को लेकर वीर सावरकार साहब जो सोचते थे, क्या वे उससे सहमत हैं या नहीं? वे तमाम प्रश्नों का उत्तर देने के बजाय जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने को ही अपनी सबसे बड़ी संविधान की सेवा बताते हुए नहीं थकते। संविधान का सम्मान करना और संविधान की धज्जियां करना दो अलग-अलग काम हैं। मौजूदा सरकार ने पिछले एक दशक में संविधान की सेवा किस तरह से की है, देश और दुनिया जानती है। जम्मू-कश्मीर से राज्य का दर्जा छीनना, मणिपुर को डेढ़ साल से अनाथ छोड़ना संविधान की सेवा नहीं है। देश में अल्पसंख्यक समाज को आतंकित करना, उन्हें लक्ष्य बनाकर बुलडोजर दौड़ा देना संविधान की सेवा नहीं है। तमाम मंदिरों-मस्जिदों की खुदाई का अभियान चलाना संविधान की सेवा नहीं है। संविधान समद्दष्टा है, लेकिन सरकार नहीं है। सरकार लगातार हिन्दू-मुसलमान का खेल खेलती आ रही है। सोमवार को राज्य सभा में भी यदि संविधान पर बहस हुई तो आप तय मानिये कि केंद्रीय गृहमंत्री भी र्प्धानमंत्री जी के भाषण को ही दोहराएंगे। विसंगति ये है कि संविधान को लेकर डींगे हांकने वाले लोग वे हैं जिनकी मात्र संस्थाओं का, पूर्वज नेताओं का देश के संविधान के निर्माण में कोई योगदान नहीं रहा। वे तो दूसरे तरह का संविधान चाहते थे। यानि आज का संविधान आज की सरकार के मन का संविधान नहीं है। संविधान की प्रस्तावना ही आज की सरकार को पसंद नहीं है। आज की सरकार को पूर्व की सरकारों द्वारा किये गए संशोधन पसंद नहीं है। संसद में संविधान की प्रति का लहराना पसंद नहीं है, लेकिन दुर्भाग्य ये है कि सरकार के पास इतनी ताकत नहीं है कि वो विरासत में मिले संविधान को बदल सके। संसद में माननीयों के भाषण से ये जाहिर हो गया है कि आज की सरकार के लिए कल का संविधान केवल शपथ लेने की एक किताब है, लेकिन कोई भी संविधान में लिखे विधान का अनुशरण करना नहीं चाहता। इस समय देश की सरकार के सिर पर एक देश, एक चुनाव का भूत सवार है। सरकार देश में एक विधान, एक निशान, एक भाषा, , एक धर्म और अंत में एक नेता के सिद्धांत पर आगे बढ़ना चाहती है। केंद्र सरकार का हर कदम देश के सांविधान के खिलाफ उठाया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी के भाषण से उनकी संविधान के प्रति आस्था और समर्पण का अनुमान लगाया जा सकता है। मोदी जी की तकलीफ है कि आजादी के बाद सरदर पटेल के बजाय नेहरू को प्रधानमंत्री बना दिया गया था। लेकिन वे भूल जाते हैं कि उन्हें भी लालकृष्ण आडवाणी को धकियाकर प्रधानमंत्री बनाया गया था। यानि जो कल हुआ, वो ही आज भी हो रहा है। यदि कांग्रेस अपनी पार्टी के संविधान को नहीं मान रही तो भाजपा कौन से आपने संविधान को मान रही है। भाजपा भी कांग्रेस का अनुशरण करते हुए अपनी पार्टी के संविधान की धज्जियां उड़ा रही है।

# विश्व हिन्दू परिषद् : कल आज और कल

**परन्तु इससे भी आगे बढ़कर आज का विश्व हिन्दू परिषद तो गोया संविधान विरोधी संवाद को भी हवा देने वाला एक मंच बन चुका है। इनदिनों इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस शेखर यादव द्वारा दिया गया एक ह्यअसंवैधानिक भाषण ह्न जो कि गत 8 दिसम्बर को इलाहाबाद हाई कोर्ट के लाइब्रेरी हॉल में वीएचपी के विधि प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दिया गया था वह न केवल चर्चा में है बल्कि उसी भाषण को लेकर जस्टिस शेखर यादव के विरुद्ध महाभियोग चलाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गयी है। वीएचपी के लीगल सेल के इसी आयोजन में जस्टिस शेखर यादव ने ह्यसमान नागरिक संहिता एक संवैधानिक अनिवार्यता विषय पर बोलते हुए कहा था कि देश एक है**






**तनवीर जाफरी**
**लेखक**

इलाहबाद कभी न केवल कांग्रेस बल्कि समाजवादी व आर एस एस व विश्व हिन्दू परिषद् के भी वरिष्ठ व राष्ट्रीय स्तर के नेताओं का गढ़ हुआ करता था। नेहरू-गाँधी परिवार की तो यह कर्मस्थली थी ही इसके अतिरिक्त पुरषोत्तम दस टंडन, मदन मोहन मालवीय जैसी अनेक विभूतियाँ भी इसी शहर से सम्बद्ध रहीं। इसी तरह दक्षिणपंथी विचारधारा के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख रहे राजेंद्र सिंह उर्फ रज्जु भैय्या का नाम भी इलाहाबाद से ही जुड़ा हुआ है। ऐसा ही एक नाम था जस्टिस शिव नाथ काटजू का जोकि 1980 के दशक में विहिप के अध्यक्ष भी चुने गये थे। जस्टिस काटजू ने अयोध्या में विवादित बाबरी मस्जिद की जगह पर राम मंदिर के निर्माण के लिए शुरूआती अभियान चलाया था। और इसी दौरान उन्हें नजरबंद भी कर दिया गया था। चूँकि मेरी भी औपचारिक शिक्षा इलाहाबाद में ही हुई इसलिये उस दौर के अनेक विशिष्ट जनों के साथ संबंध रखने का भी सौभाग्य मिला। जस्टिस काटजू भी उन्हीं में एक थे जिनके पास अक्सर मेरा आना जाना रहता था। जस्टिस काटजू विहिप के अध्यक्ष तो जरूर थे परन्तु वे पूर्णतयः धर्मनिर्पेक्ष थे। इस्लामी इतिहास का भी उन्हें जबरदस्त ज्ञान था। शिया -सुन्नी विवाद और करबला की घटना जैसे विषयों पर तो वे अक्सर मेरे साथ बातें किया करते और मेरा ज्ञान वर्धन किया करते थे। बात 1977-78 की है उस दौरान मैं इलाहबाद के मुहल्ला दरियाबाद के इमामबाड़ा सलवात अली खान नामक एक ट्रस्ट से परिवारिक रूप से जुड़ा हुआ था। यहाँ अनेक धार्मिक आयोजन हुआ करते हैं। इन्हीं में एक चालीसवें का जुलूस (मुहर्रम के चालीस दिन बाद) भी इसी इमामबाड़े से निकला जाता है। इसी जगह से निकलने वाले चालीसवें के जुलूस का प्रारंभिक संबोधन करने के लिये जब मैंने जस्टिस काटजू से निवेदन किया तो वे खुशी खुशी तैयार हो गये। हालांकि उन्होंने अयोध्या में मंदिर के निर्माण के लिए शुरू हुये विहिप आंदोलन तथा दरियाबाद की घनी मुस्लिम आबादी को भी रेखांकित किया। परन्तु मेरे संपूर्ण सुरक्षा व शांतिपूर्ण आयोजन के आश्वासन के बाद वे कार्यक्रम से पूर्व स्वयं अपनी एम्बेसडर कार चलाकर बिल्कुल अकेले ही दरियाबाद पधारे। यहाँ दरियाबाद चौराहे पर मौजूद मेरे साथियों ने उनका स्वागत किया व पूरे सम्मान के साथ उन्हें इमामबाड़ा सलवात अली खान लेकर गये। यहाँ मौजूद समूह के बीच जस्टिस काटजू ने कर्बला की घटना का जिक्र करते हुये न केवल अपनी तरफ से बल्कि विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष होने की हैसियत से विहिप की तरफ से भी हजरत इमाम हुसैन व करबला के शहीदों को बड़े ही भावपूर्ण शब्दों में श्रद्धांजलि अर्पित की। शेरवानी, टोपी और चूड़ीदार पैजामा जैसा परिधान प्रायः धारण करने वाले काटजू साहब सभी धर्मों का पूरा ज्ञान रखते थे तथा उन्हें सम्मान भी देते थे। वे विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष होने के बावजूद सभी धर्मों में परस्पर मेल जोल व सद्भाव के पक्षधर थे। उन्हें उर्दू आरबी फारसी का भी पूरा ज्ञान था। यह था उस दौर के विश्व हिंदू परिषद का वह चेहरा जिससे भारत का गैर हिन्दू समाज कभी भयभीत नहीं होता था। उसके बाद जबसे गुजरात को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की प्रयोगशाला कहा जाने लगा तब से इसी विश्व हिंदू परिषद ने खुलकर इस्लाम व अल्पसंख्यकों के प्रति अपनी आक्रामकता दिखानी शुरू कर दी। इसी विश्व हिंदू परिषद में बजरंग दल नामक एक और संगठन तैयार हो गया जो समय समय पर आक्रामक होते नजर आया। आज पूरे देश में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल पर अनेक आपराधिक मुकददमे चल रहे हैं। इसी विश्व हिंदू परिषद ने योजनाबद्ध तरीके से गुजरात से शुरू कर कॉरोनकाल के दौरान देश के कई राज्यों में मुस्लिम दुकानदारों के प्रति नफरत फैलाकर उनसे सब्जी फल व अन्य सामान खरीदने के लिये हिन्दू समाज के लोगों को मना किया। सीधे शब्दों में मुस्लिमों का व्यवसायिक बहिष्कार करने की कोशिश की गयी। इसी विहिप ने ह्यबेटी बचाओ बहू लाओह्न नामक एक अभियान भी चलाया जिसके अंतर्गत किसी हिन्दू लड़की के मुस्लिम लड़के से प्रेम संबंध होने की स्थिति में उस रिश्ते में दखल देना तथा वह अंतर्धार्मिक सम्बन्ध परवान न चढ़ने देना है। जबकि साथ ही हिन्दू लड़कों को इस बात के लिये आमादा करना है कि वे मुस्लिम लड़कियों से दोस्ती कर उनको बहू बनाकर लाएं। गुजरात सहित और भी कई राज्यों से ऐसी खबरें भी आती रही हैं जबकि विहिप के लोगों ने किसी मुस्लिम को किराये पर मकान देने का विरोध किया तो कभी खरीदे हुये फ़्लैट में भी कब्जा लेने व उनके रहने का विरोध किया। कई जगहों पर विश्व हिंदू परिषद के लोग मुस्लिमों की मॉब लिंचिंग करने वालों का साथ देते यहाँ तक कि उनके समर्थन में सड़कों पर उतरते, उग्र होते व हत्यारों को सम्मानित करते नजर आये। आज का विश्व हिंदू परिषद तो पूरी तरह से अपने उन बुनियादी सिद्धांतों से दूर होता नजर आ रहा है जिसे लेकर हिंदू राष्ट्रवाद पर आधारित इस भारतीय दक्षिणपंथी हिंदू संगठन की स्थापना 1964 में की गयी थी। उस समय इसका घोषित उद्देश्य ह्लहिंदू समाज को संगठित व मजबूत करना और हिंदू धर्म की सेवा और सुरक्षा करनाह्व था न कि किसी अन्य धर्म के विरुद्ध आक्रामक होना या भारतीय लोगों में अफवाहबाजी के द्वारा नफरत हिंसा व विद्वेष भड़काना और किसी भारतीय नागरिक को दूसरे दर्जे का नागरिक समझना। न ही किसी की मस्जिद मजार गिराना व अन्य धर्मों की ध्वजा उतारकर अपनी धर्मध्वजा लहराना। न ही इस तरह के अभियान चलाना।

परन्तु इससे भी आगे बढ़कर आज का विश्व हिन्दू परिषद तो गोया संविधान विरोधी संवाद को भी हवा देने वाला एक मंच बन चुका है। इनदिनों इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस शेखर यादव द्वारा दिया गया एक ह्यअसंवैधानिक भाषण ह्व जो कि गत 8 दिसम्बर को इलाहाबाद हाई कोर्ट के लाइब्रेरी हॉल में वीएचपी के विधि प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दिया गया था वह न केवल चर्चा में है बल्कि उसी भाषण को लेकर जस्टिस शेखर यादव के विरुद्ध महाभियोग चलाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गयी है। वीएचपी के लीगल सेल के इसी आयोजन में जस्टिस शेखर यादव ने ह्यसमान नागरिक संहिता एक संवैधानिक अनिवार्यताह्न विषय पर बोलते हुए कहा था कि देश एक है, संविधान एक है तो कानून एक क्यों नहीं है? उन्होंने इसी मंच पर यह भी कहा कि ह्लहिंदुस्तान में रहने वाले बहुसंख्यकों के अनुसार ही देश चलेगा, यही कानून है। आप यह भी नहीं कह सकते कि हाई कोर्ट के जज होकर ऐसा बोल रहे हैं। कानून तो भैय्या बहुसंख्यक से ही चलता है।

# विजय दिवस : पराक्रमी भारतीय सेना का साहस

हेमेन्द्र क्षीरसागर

भारत ने पाकिस्तानी सत्ता और सेना के अत्याचार से पीड़ित पूर्वी पाकिस्तान की जनता को अपना सहयोग देकर बांग्लादेश के रूप में एक नए राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 1971 का युद्ध भारत और पाकिस्तान के बीच एक सैन्य संघर्ष था जिसमें पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी। इसका आरंभ पश्चिमी पाकिस्तान और तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान के बीच सशस्त्र संघर्ष के बीच 3 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तान द्वारा भारतीय वायुसेना के 11 स्टेशनों पर रिक्तिपूर्व हवाई हमले किए जाने के परिणामस्वरूप भारतीय सेना पूर्वी पाकिस्तान में बांग्लादेश स्वतंत्रता संग्राम में बंगाली राष्ट्रवादी गुटों के समर्थन देने के निर्णय के कारण हुआ। जिसमें पाकिस्तान को अप्रत्याशित पराजय का सामना करना पड़ा। इसमें भारतीय सेना द्वारा 93 हजार पाकिस्तानी सैनिक बंदी बना लिए गए और पूर्वी पाकिस्तान, पाकिस्तान के नियंत्रण से मुक्त होकर बांग्लादेश बन गया।

ये युद्ध भारत के लिए ऐतिहासिक युद्ध माना जाता है। इसीलिए देश भर में भारत की पाकिस्तान पर जीत के उपलक्ष में 16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि वर्ष 1971



के युद्ध में तकरीबन 3, 900 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे और लगभग 9, 851 घायल हुए। युद्ध के 8 महीने बाद अगस्त 1972 में भारत और पाकिस्तान ने शिमला समझौता 1972 किया। इसके अंतर्गत बंदी बनाए गए पाकिस्तानी सैनिकों को वापस पाकिस्तान भेज दिया गया था।

भारत की पराक्रमी सेना के साहस ने पाकिस्तान की सेना के 97, 368 सैनिकों को आत्मसमर्पण के लिए विवश किया। इस गौरवशाली दिवस पर स्वयं सेवकों के बल और सामर्थ्य में वृद्धि करने हेतु संघ प्रतिवर्ष 16 दिसम्बर को प्रहार महायज्ञ का आयोजन करता है। इस दिन स्वयंसेवकों को यह स्मरण दिलाया जाता है कि महाराणा प्रताप की भुजाओं में इतना बल था कि उन्होंने तलवार के एक ही वार से बहलोल खान को जिरह-बख्तर, घोड़े सहित काट डाला। रानी दुर्गावती युद्ध के मैदान में घोड़े की लगाम मुँह में थाम कर दोनों हाथों में तलवार लेकर उतरी थीं और शत्रुओं को नाकों चने चबवा दिए। छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपनी तलवार के बल पर आदिलशाही और मुगलशाही से टक्कर लेते हुए हिन्दू साम्राज्य की स्थापना की थी। हम उन्हीं महान पूर्वजों के वंशज हैं। हमारी भुजाओं में वैसा ही बल चिर स्थाई रहे, हम क्षमतावान बने रहें।

# महाकुंभ में 100 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था कर रही उत्तर प्रदेश सरकार

प्रात: किरण संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि प्रयागराज महाकुंभ के 45 दिन (13 जनवरी से 26 फरवरी) के दौरान 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार 100 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए तैयारी कर रही है।

सरकार का अनुमान है कि 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर मुख्य मुहूर्त में प्रयागराज में छह करोड़ श्रद्धालु स्नान करेंगे, लेकिन तैयारी 10 करोड़ की होगी। महाकुंभ के लिए 12 किमी की लंबाई में घाट तैयार किए जा रहे हैं। कुल 10 हजार एकड़ क्षेत्रफल में कुम्भ का विस्तार किया गया है। यहां चार धाम के भी दर्शन होंगे। द्वादश ज्योतिर्लिंग और अन्य प्रमुख ज्योतिर्लिंग के भी दर्शन होंगे। प्रयागराज कुम्भ, खोया-पाया के बारे में एआई टूल, भाषिणी ऐप के माध्यम से देश की 11 भाषाओं में सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। कुंभ में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति की गिनती भी सरकार के पास होगी। जीरो लिक्विड डिस्चार्ज, 1.50 लाख शौचालय, सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री कुंभ होगा। यह महाकुंभ उत्तर प्रदेश की आर्थिक समृद्धि के रोडमैप को आगे बढ़ाने में मार्गदर्शक होगा।



मुख्यमंत्री ने रविवार को एक कार्यक्रम में यह जानकारी दी।

संभल के मुद्दे पर भी उन्होंने बड़ी बेबाकी से अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि रविवार को लोकसभा में चर्चा संविधान के 75 साल की गौरवशाली यात्रा पर हो रही थी और मुद्दा संभल का उठ रहा था। उन्हीं के समय में 46 वर्ष पहले संभल में जिस मंदिर को बंद कर दिया गया, वह मंदिर फिर से सबके सामने आ गया और इनकी वास्तविकता को सबके सामने प्रस्तुत कर दिया। संभल में इतना प्राचीन मंदिर, बजरंग बली की प्राचीन मूर्ति और ज्योतिर्लिंग रातों-रात तो नहीं आई।उन्होंने कहा कि 46 वर्ष पहले जिन दरिंदों ने संभल के अंदर नरसंहार किया था, उन्हें आज तक सजा क्यों नहीं मिली। संभल में जिनकी निर्मम हत्या हुई, उन निदोषों का क्या कसूर था। जो भी सच बोलेगा, उसे धमकी दी जाएगी, मुंह बंद कराने का प्रयास होगा। ये लोग कुम्भ के बारे में भी दुष्प्रचार का कुत्सित प्रयास करेंगे।

सीएम योगी ने कहा कि जिसने भी 2019 का कुम्भ देखा, उन्हें लगा होगा कि यहां लीक से हटकर कार्य हुआ है। पहली बार प्रयागराज में स्वच्छ-सुरक्षित और सुव्यवस्थित कुम्भ देखने को मिला। जो कुम्भ गंदगी, भगदड़, अव्यवस्था, असुरक्षा का प्रतीक बन गया था, वही प्रयागराज कुम्भ 2019 में दिव्य और भव्य बना। महाकुंभ-2025 में आस्था और आधुनिकता का संगम भी दिखाई देगा।

सीएम ने इशारों में कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दलों पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि 9 नवंबर 2019 को उच्चतम न्यायालय ने श्रीराम जन्मभूमि से संबंधित फैसला दिया, जिससे विवाद हमेशा के लिए समाप्त हो गया। लेकिन वे लोग आज भी जज को धमकी देते हैं। यह वही लोग हैं, जो संविधान के नाम पर पाखंड कर रहे हैं। राज्यसभा के सभापति (उप राष्ट्रपति) के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर उनकी आवाज को दबाना चाहते हैं। सभापति ने कर्तव्यों के निर्वहन की बात की और कहा कि सदन चलना चाहिए। जनता से जुड़े मुद्दे सदन में रखे जाने चाहिए। इस पर इन लोगों (विपक्षियों) ने पक्षपात का आरोप लगाते हुए अविश्वास प्रस्ताव की नोटिस दिया। निष्पक्ष चुनाव कराने के कारण चुनाव आयोग और सच कहने के कारण इलाहाबाद उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति को कठघरे में खड़ा किया गया। वे लोग उच्च सदन में महाभियोग का प्रस्ताव लेकर आ जाते हैं, यानी सच बोलने और देश की विरासत की चर्चा करने वाले हर व्यक्ति को यह लोग धौंस-धमकी दिखाएंगे।

सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर नहीं बनता तो एयरपोर्ट, रेल की डबल लाइन, कनेक्टिविटी नहीं हो पाती। आमजन खुश है, श्रद्धालु कृतज्ञता ज्ञापित करता है, लेकिन देश के संविधान का गला घोंटकर इसमें चोरी से सेक्युलर शब्द डालने वाले लोग अपने घर में शोक मना रहे हैं। उन्हें काशी, अयोध्या के आध्यात्मिकता और विकास से परेशानी है। उन लोगों ने दशकों तक शासन किया, लेकिन कुछ कर नहीं पाए। अब अपने निकम्मेपन पर हम लोगों को कोस रहे हैं। अपनी अकर्मण्यता का दोष हमारी सफलता को कोसकर दे रहे हैं। हमें उनकी मानसिकता को देखना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयास है कि इसी बहाने प्रयागराज का कायाकल्प हो। पहली बार संगम में पक्के घाट के दर्शन होंगे। पहली बार गंगा नदी पर रिवर फ्रंट देखने को मिलेगा। संगम का जल निर्मल और अविरल भी होगा। अक्षयवट कॉरिडोर में श्रद्धालु वर्ष भर दर्शन कर सकेंगे। सरस्वती कूप का कॉरिडोर बनकर तैयार हो गया है। बड़े हनुमान जी मंदिर, महर्षि भारद्वाज आश्रम कॉरिडोर बनकर तैयार हो गया। श्रृंगवेरपुर में भी भगवान राम और निषादराज की गले मिलते हुए 56 फीट ऊंची मूर्ति व कॉरिडोर का लोकार्पण पीएम के करकमलों से हो चुका है। प्रयागराज के एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन का कायाकल्प हो रहा है। 216 से अधिक मार्ग ऐसे हैं, जो सिंगल से डबल, डबल से फोर लेन, फोर लेन से सिक्स लेन कराए जा रहे हैं।

# वंदे भारत के खाने में मिला कीड़ा, आईआरसीटीसी ने लगाया जुमार्ना

प्रात: किरण संवाददाता

प्रयागराज। प्रीमियम ट्रेन वंदे भारत को जरुरत के मुताबिक सवारियां नहीं मिल रहीं है। जो गिने चुने लोग इसमें सफर करते हैं वे इसकी सेवाओं से संतुष्ट नहीं हैं। यहां आए दिन खाने में कीड़े, कॉकरोच और छिपकलियां मिलने की खबरें आ रहीं हैं। मात्र तीन माह के अंतराल में वाराणसी से नई दिल्ली जा रही वंदे भारत (22415) के अंदर फिर से खाने में कीड़ा मिला है। ट्रेन के अंदर कैटरिंग द्वारा यात्री को परोसे गए खाने में कीड़ा मिलने पर यात्री ने शिकायत परिवाद पुस्तिका में अपनी शिकायत दर्ज कराई है।

पहले भी एक सितंबर को भी इसी वंदे भारत में यात्री ने नाश्ते में आमलेट मांगा था और जब उसने आमलेट खाना शुरू किया तो उसमें काकरोच नजर आया था। इससे पहले आगरा हजरत निजामुद्दीन वंदे भारत, शिरडी से मुंबई जा रही वंदे भारत में भी खाने में काकरोच मिल चुका है। आइआरसीटीसी (इंडियन रेलवे कैंटरिंग टूरिज्म) ने इसका संज्ञान लेते हुए ठेकेदार पर खराब गुणवत्ता का खाना परोसने के लिए जुमार्ना लगाया है। वंदे भारत में भोजन का ठेका दिल्ली की आरके एसोसिएट्स के पास है।विकास कुमार नाम के यात्री को प्रयागराज से नई दिल्ली जाना था। वह कोच संख्या -सी तीन के सीट नंबर 25 पर यात्रा कर रहे थे। उनकी सीट पर ही कैटरिंग द्वारा भोजन परोसा गया। जब उन्होंने खाना शुरू किया तो अचानक सब्जी में उन्हें कीड़ा दिखा। यात्री ने इसकी शिकायत की तो आसपास बैठे यात्रियों ने भी सब्जी में कीड़ा देखकर अपना नाश्ता व भोजन चेक किया और देखते ही देखते हंगामा मच गया। आनन फानन टीटीई व आइआरसीटीसी के स्टाफ ने यात्री विकास को समझाने बुझाने की कोशिश की। विवाद बढ़ता देख विकास की शिकायत दर्ज कर ली गई।

# एनआईए व एटीएस से मुफ्ती खालिद को छुड़ाने वाले बलवाइयों पर कसाजा



**एक गिरफ्तार, आधा दर्जन हिरासत में, 111 बलवाइयों पर पुलिस ने दर्ज किया है गंभीर धाराओं में मुकदमा**

प्रात: किरण संवाददाता

झांसी। बीते रोज विदेशों से ऑनलाइन फंडिंग और ऑनलाइन क्लासेस चलाने के मामले में एनआईए और एटीएस की टीम ने कोतवाली क्षेत्र स्थित सुपर कॉलोनी निवासी मुफ्ती को पूछताछ कर हिरासत में लिया था। इस दौरान वहां जुटी भीड़ पुलिस बल, एनआईए और एटीएस के साथ अभद्रता, धक्का-मुक्की कर मुफ्ती को हिरासत से छुड़ा ले गई थी। इस घटना में पुलिस ने 11 लोगों को नामजद करते हुए एक सौ अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। इस मुकदमे में पुलिस ने आज एक नामजद आरोपित परवेज को गिरफ्तार कर लिया है। परवेज की गिरफ्तारी के बाद बलवा और अभद्रता करने वाले अन्य आरोपित फरार हैं।

इधर, पुलिस ने आरोपितों की सरगर्मी से तलाश शुरू करते हुए जीवन शाह तिराहे के पास से आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। गौरतलब है कि देर रात एसएसपी सुधा सिंह ने बयान जारी करते हुए कहा था कि मुफ्ती प्रकरण में हंगामा, बलवा करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सभी को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। यही नहीं, बीते रोज एसएसपी सुधा सिंह ने मुफ्ती खालिद के घर का जायजा लिया था, हालांकि उसके घर पर ताला लगा था। एसएसपी ने उस फातिमा मस्जिद का जायजा भी लिया था जहां मुफ्ती को भीड़ छुड़ाने के बाद छुपाने ले गई थी।

# संभल मुद्दे पर योगी का विपक्ष पर निशाना, कहा-46 साल पहले नरसंहार करने वालों को आज तक सजा नहीं मिली

प्रात: किरण संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को किसी का नाम लिए बिना विपक्षी दलों पर निशाना साधा। उन्होंने संभल में शनिवार प्रशासन के सर्च अभियान के दौरान मिले कई साल से बंद प्राचीन मंदिर का उल्लेख करते हुए कहा कि संभल में इन्हींद के समय में आज से 46 साल पहले जिस मंदिर को बंद कर दिया गया था, वो मंदिर सबके सामने आ गया। इनकी मानसिकता को सबके सामने प्रदर्शित कर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान सीएम योगी ने विपक्षी दलों को जमकर घेरा। योगी ने कहा कि क्याय संभल में वो प्राचीन मंदिर रातोंरात प्रशासन ने बना दिया? क्याग वहां बजरंग बली की इतनी प्राचीन मूर्ति रातों-रात आ गई। क्यार वहां पर जो ज्योर्तिलिंग निकला है, क्याह ये आस्थाो नहीं थी, क्यास कसूर था उनका? जो भी उस सच को बोलेगा उसे धमकी दी जाएगी, मुंह बंद कराने का प्रयास होगा। इसलिए कुंभ के बारे में भी ये लोग इसी प्रकार के दुष्प्रीचार को आगे लेकर बढ़ने का प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि उन दरिंदों को आज तक सजा क्यों नहीं मिली जिन्हों ने 46 वर्ष पहले संभल में नरसंहार किया था? सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या का फैसला नहीं आता तो क्या राम मंदिर का निर्माण हो पाता। अयोध्या में एयरपोर्ट बन पाता? वहां इतनी अच्छी कनेक्टिविटी हो सकती थी? यहां की गालियां फोरलेन की बन पाती? यहां का रेलवे डबल लाइन से जुड़ पाती? आम जनमानस खुश है। हर व्यक्ति प्रफुल्लित है। आने वाला श्रद्धालु कृतज्ञता व्यक्त करता है। लेकिन देश के संविधान का वास्ततव में गला घोंटकर, संविधान में चोरी से सेकुलर शब्द डालने वाले लोग आज अपने घर में शोक मना रहे हैं। उन्हेंघ परेशानी है कि काशी विश्वनाथ धाम का कायाकल्प कैसे हो गया। अयोध्या के विकास को लेकर उन्हें परेशानी है कि अयोध्याा में राम मंदिर कैसे बन गया और अयोध्या इतनी दिव्यउ और भव्यर कैसे हो गई। योगी ने कहा कि उन्हें परेशानी इस बात की है कि दशकों तक शासन किया लेकिन कुछ नहीं कर पाए। अपने निकम्मेपन पर हम लोगों को कोस रहे हैं। हम सबको इनकी इस मानसिकता को देखना होगा। ये कितना भी राग अलापें, कल संसद में चर्चा संविधान पर हो रही थी लेकिन मुद्दा संभल का उठ रहा था।

ज्ञात हो कि यूपी के संभल में बिजली चोरी के लिए चलाए जा रहे सघन अभियान के दौरान नखासा थाना क्षेत्र के मोहल्ला दीपा सराय से सटे खग्गू सराय में स्थित एक मंदिर पर लटके ताले को देख अभियान का नेतृत्व कर रहे डीएम एसपी रुके और ताला खुलवा कर देखा तो उसमें मंदिर नजर आया। लोगों ने बताया कि यह मंदिर कई साल से बंद पड़ा है। पुराने शिव मंदिर को डीएम एसपी ने खुलवा दिया है। इसको लेकर शहर ही नहीं, जिले भर में हलचल है। लोगों ने उसकी साफ सफाई कर पूजा अर्चना शुरू कर दी है। यहां एक कुआं भी मिला है। जिसका अतिक्रमण भी प्रशासन ने हटा दिया है। इसके जीर्णोद्धार की बात कही जा रही है।

# संभल में अतिक्रमण के खिलाफ चला बुलडोजर

प्रात: किरण संवाददाता



संभल। उत्तर प्रदेश के संभल में अतिक्रमण को लेकर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। रविवार को सड़क किनारे अवैध निमार्णों पर बुलडोजर चलाना शुरू कर दिया है। जिले में कई स्थानों पर हो रहे अवैध निर्माण को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। हालांकि अवैध निर्माण पर चाबुक चलाने के संकेत प्रशासन पिछले कई दिनों से दे रहा रहा था। उसी क्रम में शनिवार से यह कार्रवाई जारी है।

जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम वंदना मिश्रा ने खग्गू सराय में नालों पर बने अवैध स्लैब को हटाने के आदेश पालिका को दिए। पालिका ने अपना काम शनिवार को ही शुरू कर दिया था। टीम ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान तेज कर दिया। नालों पर अवैध रूप से बने स्लैब और निर्माण को हटाने के लिए बुलडोजर लाया गया। इस दौरान भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा, जिससे कोई विरोध ना कर सके। वहां मौजूद अधिकारियों का कहना है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करना और जनता को यातायात में सुगमता प्रदान करना है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया है। अभियान के तहत अब तक कई अवैध निर्माण हटाए जा चुके हैं और कार्रवाई जारी है। ज्ञात हो कि संवेदनशील इलाका दीपा सराय और खग्गू सराय में शनिवार को जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण कुमार की अगुवाई में बिजली विभाग की टीम ने इलाके में बिजली चोरी रोकने के लिए चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कई घरों, मदरसों और मस्जिदों में अवैध कनेक्शन पाए गए, जिन्हें तुरंत काटा गया। बिजली विभाग ने चोरी में शामिल लोगों के खिलाफ एक्शन लेने की बात कही है।

# संभल: सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के पिता ने अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया दी



प्रात: किरण संवाददाता

संभल। उत्तर प्रदेश के संभल से समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद जियाउर्रहमान बर्क के पिता ममलूकुर्रहमान बर्क ने रविवार को अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया दी है। ममलूकुर्रहमान बर्क का कहना है कि अतिक्रमण के खिलाफ दीपा सराय और खग्गू सराय समेत कई जगहों पर कार्रवाई की जा रही है। अवैध अतिक्रमण के खिलाफ जो कार्रवाई हो रही है, वो ठीक है, लेकिन हम चाहते हैं कि संभल के अलावा जैसे मोहल्ला ठेर है, इसके अलावा भी कई मोहल्ले हैं जहां मुसलमान नहीं रहते वहां पर भी अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि जब दूसरी जगहों पर जहां मुसलमान नहीं रहते हैं, यदि वहां पर भी कार्रवाई होगी तो समझा जाएगा कि इंसाफ से काम हो रहा है। तभी लगेगा कि इसमें सांप्रदायिक भावना नहीं है। अगर ये कार्रवाई केवल मुस्लिम इलाकों में होगी तो, ये नफरत की भावना से हो रही है। बता दें कि संभल में अतिक्रमण को लेकर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। रविवार को सड़क किनारे अवैध निमार्णों पर बुलडोजर की कार्रवाई शुरू की गई। जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम वंदना मिश्रा ने खग्गू सराय में नालों पर बने अवैध स्लैब को हटाने के आदेश पालिका को दिए। पालिका ने अपना काम शनिवार को ही शुरू कर दिया था। टीम ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। नालों पर अवैध रूप से बने स्लैब और निर्माण को हटाने के लिए बुलडोजर लाया गया। इस दौरान भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा, जिससे कोई विरोध ना कर सके। वहां मौजूद अधिकारियों का कहना है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करना और जनता को यातायात में सुगमता प्रदान करना है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया है। अभियान के तहत अब तक कई अवैध निर्माण हटाए जा चुके हैं और कार्रवाई जारी है।

# मायावती ने दलों से एक देश एक चुनाव विधेयक का समर्थन करने का आग्रह किया

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर हमला करते हुए रविवार को कहा कि उन्हें आरक्षण पर नहीं बोलना चाहिए, क्योंकि जब कांग्रेस नीत संप्रग सत्ता में था, तब उन्होंने अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) को पदोन्नति में आरक्षण देने वाले विधेयक का विरोध करने के लिए सांठगांठ की थी। मायावती ने एक देश-एक चुनाव का समर्थन करते हुए कहा कि इससे खर्च कम होगा और जनहित के कार्य ज्यादा नहीं रुकेंगे। उन्होंने अन्य दलों से भी इसका समर्थन करने का आग्रह किया। मायावती ने मांग की कि एससी, एसटी और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किया जाना चाहिए ताकि इससे किसी भी तरह की छेड़छाड़ को रोका जा सके। नौवीं अनुसूची में सूचीबद्ध केंद्रीय और राज्य कानून न्यायिक समीक्षा से मुक्त हैं। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार संसद में संविधान पर हुई चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष व विपक्ष की तरफ से, खासकर, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने देश के एससी, एसटी और ओबीसी वर्गों के आरक्षण को लेकर काफी कुछ हवा-हवाई बातें कहीं हैं, जिसमें रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है। उन्होंने कहा, यदि इस मुद्दे पर ये दोनों पार्टियां (कांग्रेस-सपा) संसद में चुप ही रहती तो ज्यादा उचित होता, क्योंकि केंद्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार के समय में इसी पार्टी (कांग्रेस) की मिलीभगत से सपा ने एससी, एसटी वर्गों के पदोन्न ति में आरक्षण से संबंधित संवैधानिक संशोधन विधेयक का काफी विरोध किया था।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, इस विधेयक को सपा ने संसद में ही फाड़ के फेंक दिया थाजो यह विधेयक अब तक संसद में लटका पड़ा है। बसपा प्रमुख ने सत्तारूढ़ भाजपा पर भी निशाना साधते हुए कहा कि इससे भाजपा की भी आरक्षण विरोधी मानसिकता साफ झलकती है जो इसे पारित कराने के मूड में नहीं है।मायावती ने कहा कि संसद में भारत के संविधान के 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर गरमागरम चर्चा हुई।

उन्होंने कहा कि इस चर्चा की उपयोगिता तभी संभव है, जब खुले मन से स्वीकार किया जाए कि क्योा शासक वर्ग मानवतावादी व कल्याणकारी संविधान की पवित्र मंशा के हिसाब से देश के करोड़ों लोगों को रोजगार व न्या य, आत्मसम्मान और स्वाभिमान का जीवन दे पाया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान विफल नहीं हुआ है, बल्कि देश पर शासन करने वाले लोगों और दलों ने अपनी ह्यसंकीर्ण सोच और जातिवादी राजनीति से देश के संविधान को विफल कर दिया है। मायावती ने यह भी दावा किया कि वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा जो संकल्प लिए जा रहे हैं, उनसे अब देश की जनता को कोई विशेष लाभ होने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार किसी पार्टी या किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को लाभ पहुंचाने के लिए संविधान में संशोधन करती है तो हमारी पार्टी इसका कड़ा विरोध करेगी। मायावती ने कहा कि गरीबों और मजलूमों की पार्टी होने के नाते बसपा एक देश-एक चुनाव को लेकर भाजपा सरकार द्वारा लाये जाने वाले संबंधित विधेयक का स्वागत करती है और इस मुद्दे पर सभी पार्टियों को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर देश व आम जनहित में कार्य करना बेहतर होगा। हाल के वर्षों में बसपा को लगातार चुनावी शिकस्त का सामना करना पड़ा है और संसद में उसका केवल एक सदस्य है और यह भी राज्यसभा में है।

## मोनी बाबा मंदिर पर आज होगा भव्य खाटू श्याम का संकीर्तन



उत्तर पूर्वी दिल्ली

हेल्पिंग हैंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा आज 16 दिसंबर को मोनी बाबा मंदिर ब्रह्मपुरी के प्रांगण में भव्य खाटू श्याम का संकीर्तन का आयोजन है, ट्रस्ट के अध्यक्ष सतीश गर्ग ने बताया की वाटरप्रूफ पंडाल के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था व सफाई के समूचे इंतजाम हैं, बाबा के भजनों की हाजिरी मुकेश बागड़ा, शीतल पांडे, आदि बहुत से कलाकारों द्वारा लगेगी, सतीश गर्ग ने बताया कि हजारों लोगों की बैठने की व्यवस्था पंडाल में की गई है, बाबा का भव्य दरबार विशेष आकर्षण रहने वाला हैं,

## नगर पालिका ने खूखांर कुत्तों को पकड़वाया, नगरवासियों ने ली राहत की सांस



प्रात: किरण संवाददाता

स्योहारा। नगर पालिका परिषद स्योहारा ने नगर के कई वार्डो से कटखने कुत्तों (हिंसक प्रवृत्ति के श्वान वंशों) को पकड़वाकर स्टेरलाइज कराये जाने के लिए बिजनौर भेजा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका को हिंसक प्रवृत्ति के कुत्तों के द्वारा नगर वासियों पर हमला कर उन्हें बुरी तरह घायल करने की कई दिन से सूचना मिल रही थी जिस पर नगर पालिका ने गंभीरता पूर्वक संज्ञान लेते हुए आज नगर के कई वार्डों में इस तरह कुत्तों को पकड़वाने का अभियान चलाया और उन्हें पकड़ वाकर स्टेरलाइज कराने के लिए बिजनौर भेजा। आपको बताते चले की लगभग तीन-चार दिन पूर्व भी एक कटखने कुत्ते ने कई नगर वासियों को काटकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था। तभी से कटखने कुत्तों के काटने के डर से नगरवासी भयभीत थे। नगर पालिका परिषद के द्वारा हिंसक प्रवृत्ति के कुत्तों को पकड़वाकर स्टेरलाइज कराए जाने की कार्रवाई से नगर वासियों ने राहत महसूस करते हुए नगर पालिका चेयरमैन फैसल वारसी व अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल तथा स्टाफ की सराहना की।

# चौधरी मोटर्स इलेक्ट्रिक व्हीकल शोरूम का हुआ भव्य उद्घाटन

- इलेक्ट्रिकल व्हीकल से स्योहारा नगर और आस पास के क्षेत्र में बढेंगे रोजगार के अवसर: फैसल वारसी
- गरीब व्यक्ति भी रोजाना की आसान किस्तों मे बन सकता है इलेक्ट्रिक रिक्शा का मालिक: चौ.सुखवीर सिंह

प्रात: किरण संवाददाता, नादिर त्यागी

स्योहारा। नगर के जाने माने समाजसेवी चौधरी फहीम उर रहमान के पुत्र वली उर रहमान व भतीजे समीर रहमान द्वारा मुरादाबाद, धामपुर रोड पर चामुंडा के निकट चौधरी मोटर्स के बैनर तले खोले गये इलेक्ट्रिकल व्हीकल शोरूम का अवध शुगर मिल के जी.एम. चौ.सुखवीर सिंह, नगर पालिका परिषद के चेयरमैन फैसल वारसी ,अतुल्य नाथ(दिल्ली), भूदेव सिंह (कम्पनी हेड) के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर भव्य उद्घाटन कर शानदार ओपनिग की गई। उद्घाटन करने के बाद उन्होंने शोरूम के ऑनर चौधरी वली उर रहमान एवं चौधरी समीर रहमान को बधाई देते हुए कहा की इस तरह के शोरूम पहले बड़े नगरों और शहरों में खुले हुए देखे जाते थे। परन्तु अब स्योहारा नगर में भी इस तरह का भव्य शोरूम खोलकर आसान किस्तों पर इलेक्ट्रिकल व्हीकल उपलब्ध कराना बड़ी बात है। इससे स्योहारा और आस पास के क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। अपने इस शोरूम की जानकारी देते हुए वली उर रहमान व समीर रहमान ने कहा कि हमारा ई व्हीकल शोरूम खोलने का मकसद है कि अपने व्यवसाय करने के साथ-साथ जो व्यक्ति ई.रिक्शा के माध्यम से अपनी जीविका चलाना चाहता है उसको रोजगार उपलब्ध कराना भी है।इलेक्ट्रिक रिक्शा चलाने वाला व्यक्ति हमारे शोरूम से ढाई सौ रुपए प्रति दिन की आसान किस्तों पर ई. रिक्शा का मालिक बन सकता है हमारे इस प्रतिष्ठान बी.वी.आर.भव्य, और मयूरी कम्पनी की अच्छी क्वालिटी की ई.रिक्शा तथा जी.टी.फोर्स कम्पनी की उच्च तकनीक से निर्मित अच्छा माइलेज देने वाली ई. बाइक और स्कूटी आदि मुनासिब दामों और फाइनेंस पर मिलेंगी। बाकी जानकारी हमारे प्रतिष्ठान पर आकर मालूम की जा सकती है। कार्यक्रम के अंत में ओपनिंग में शामिल होने वालो को जलपान कराकर मिष्ठान भी वितरित किया गया। इस मौके पर अशोक मित्तल अधिशासी उपाध्यक्ष शुगर मिल, हाजी मौ.इल्यास,वकार वारसी, चो.फहीम उर रहमान, जकी उर रहमान, हाजी शहबाज जमाल, चौधरी , जुनैद उर रहमान, चौधरी शमीम उर रहमान, मौलाना वकील अहमद उर्फ बब्बू, आरिफ गांधी,आदिल चौधरी, असद चौधरी, चौ.सलीम अहमद, राजेन्द्र सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा, विवेक सेन सदस्य जिला पंचायत,नय्यर चौधरी, खुसरौ चौधरी,नासिर चौधरी, चौ.समीर रहमान, वली उर रहमान,सैफ रहमान उर्फ टीपू, ओसामा रहमान, फायाजुद्दीन अंसारी,आसिफ कुरैशी, मुस्तकिम मलिक,मनोज त्यागी, शांति सिंह, पूर्व सभासद , हाजी गफ्फार पूर्व सभासद , रिफाकत चौधरी,राजपाल सिंह प्रजापति. फाहद चौधरी,फैसल हिलाल ,मुफीज अहमद उर्फ रिंकू,खालिद चौधरी,बबलू जैदी,अयाज अहमद बबली अली,आयान जावेद,डा. दानिश रिफाकत, मंसूब चौधरी,जरीफ अंसारी, आदि मौजूद रहे।

# एक भारत-श्रेष्ठ भारत और सुरक्षित भारत की पृष्ठभूमि में सरदार पटेल की सोच, प्रयास व परिश्रम : सीएम योगी

प्रात: किरण संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल वर्तमान भारत के शिल्पी थे। उनका पूरा जीवन राष्ट्र व भारत मां के चरणों में समर्पित था। 1946 में देश के संविधान सभा का गठन हुआ। उसके प्रमुख सदस्य और स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री के रूप में सरदार पटेल ने न केवल देश के एकीकरण के वर्तमान अभियान को नई ऊंचाइयां प्रदान की, बल्कि 563 से अधिक रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाया। आज जो भारत देख रहे हैं, यह सरदार पटेल की सूझबूझ का परिणाम है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत, सुरक्षित भारत की पृष्ठभूमि में सरदार पटेल की सोच, प्रयास व परिश्रम है।



मुख्यमंत्री ने रविवार को भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में हिस्सा लिया। उन्होंने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

सीएम योगी ने कहा कि सरदार पटेल ने अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर देश की आजादी के आंदोलन को नई दिशा देने के लिए तत्कालीन नेतृत्व के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। गुजरात के आणंद के पास छोटे गांव में सामान्य किसान परिवार में उनका जन्म हुआ। प्रारंभिक शिक्षा भी मां के सानिध्य में घर पर संपन्न हुई। इंग्लैंड से लॉ की शिक्षा प्राप्त करने के बाद वे भारत आए। सरदार पटेल का देहावसान 15 दिसंबर 1950 को हो गया। उनके नेतृत्व में भारत नई ऊंचाइयों को छूता। उनकी संकल्पनाओं को मूर्त रूप देने के लिए जो अभियान चल रहा है, वह एक भारत-श्रेष्ठ भारत की पीएम मोदी की परिकल्पना को साकार करेगा।

सीएम योगी ने कहा कि सरदार पटेल ने चंपारण आंदोलन, नमक सत्याग्रह, भारत छोड़ो आंदोलन समेत आजादी से जुड़े सभी महत्वपूर्ण आंदोलनों में भाग लिया। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उन्हें जेल की यातना भी झेलनी पड़ी थी। सरदार पटेल ने अन्नदाता किसानों की समृद्धि व उत्थान के लिए जनजागरण के अनेक अभियान भी चलाए। गुजरात में सहकारिता के मजबूत आंदोलन की पृष्ठभूमि में भी सरदार पटेल का विजन है। उन्होंने हर अन्नदाता किसान को समृद्धि की नई ऊंचाई तक पहुंचाया।

उन्होंने कहा कि एक तरफ भारत मां के इस महान सपूत ने देश के एकीकरण के लिए अभियान को आगे बढ़ाया तो दूसरी तरफ गुलामी के कालखंड में जिन मान बिंदुओं का अपमान हुआ था, उनकी पुनर्स्थापना का भी कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न कराया। सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार को हाथों में लेकर सांस्कृतिक भारत की स्थापना का जो अभियान चलाया था, उसी का परिणाम है कि सरदार पटेल के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में नया भारत पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि सरदार पटेल होते तो कश्मीर में धारा-370 कभी लागू नहीं हो पाती। छद्म रूप से जिन लोगों ने धारा-370 को डालकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत के मार्ग में बैरियर खड़ा किया, उसे पीएम मोदी ने 5 अगस्त 2019 को हटाकर आतंकवाद की नींव को समाप्त कर दिया। अयोध्या में राम मंदिर भी नए सांस्कृतिक भारत का अभिन्न हिस्सा है, जिसका शुभारंभ 1948 में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने सोमनाथ मंदिर से किया था।

# जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त कार्यवाही के दौरान शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

प्रात: किरण/एजेंसी

अलीगढ़। अलीगढ़ के रेलवे स्टेशन में 24 बोतल अवैध शराब के साथ पकड़े गए आरोपी को छोड़ने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें पकड़ा गया आरोपी 24 बोतल होने की बात कुबूल रहा है। जबकि आरपीएफ और जीआरपी के अधिकारी इस मामले में टाल मटोल करते नजर आ रहे हैं।

जीआरपी और आरपीएफ पर लगे गंभीर आरोपों के बाद इस मामले की शिकायत एक्स के जरिए उच्च अधिकारियों से की गई है। जिसमें अधिकारियों पर 50 हजार रुपए लेकर रुपए लेकर आरोपी को छोड़ने के बात सामने आ रही हैं। मामला 10 दिसंबर रात्रि लगभग 8:30 से 9: 30 के बीच का बताया जा रहा हैं का बताया जा रहा है। एक व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर बड़े लाल कलर के ट्रॉली बैग के साथ अलीगढ़ स्टेशन पहुंचा था। मेटल स्कैनर/स्कैनर से गुजरने के दौरान उसके पास से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई थी। लेकिन आरपीएफ




और जीआरपी ने सांठगांठ करके पकड़े गए आरोपी को बिना कार्रवाई के ही रात के आदर का लाभ लेते हुए सेवा शुल्क लेकर छोड़ दिया। पकड़ा गया आरोपी इसे लेकर अलीगढ़ जंक्शन के लिए बिहार की यात्रा करने वाला था। पकड़ा गया आरोपी सिविल व्यक्ति था और उसका सेना से भी कोई लेना देना नहीं था। रेलवे पुलिस अधिकारियों की मिली भगत की बात महानगर में से लेकर आगरा, प्रयागराज के अधिकारियों चर्चा का विषय बनी हुई हैं। जीआरपी के अधिकारियों से हुई शिकायत में बताया गया है कि आरोपी के पास से 24 बोतल शराब बरामद हुई थी। इतनी भारी मात्रा में शराब मिलने के बाद भी उसे बिना कार्रवाई किए ही छोड़ दिया गया। जबकि रेलवे में इतनी शराब के साथ यात्रा करना पूरी तरह से गैर कानूनी है। आरपीएफ और जीआरपी के अधिकारी बात पर मिट्टी डालने की फिराक में लगे दिख रहे हैं। सूत्रों से जानकारी मिली है कि अवैध शराब लेकर जाने वाला युवक मथुरा से आया था और बिहार जाने के लिए अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर पहुंचा था। इसी तरह का मामला पिछले दिनों बिहार रेलवे स्टेशन का सामने आया था जिसमें एक कैप्टन पर 20 शराब की बोतलें पकड़ी गई थी जिसके चलते उसे अरेस्ट भी किया गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### पीलीभीत पुलिस की कार्रवाई: शातिर चोर गिरफ्तार

पीलीभीत। पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से अवैध शस्त्र भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी का नाम गौरव उर्फ अईया उर्फ टीटी है, जो कि मकसूदनगर, ग्राम चन्दोई का निवासी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में मामला दर्ज किया गया था। आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर भी बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की है और उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। आरोपी का अपराधिक इतिहास भी काफी लंबा है। उसके खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज किए जा चुके हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली टीम में निरीक्षक अपराध श्री सतीश कुमार, उ0नि0 प्रीतम सिंह और का0 सचिन शामिल थे।

### चोरों का आतंक: बंद घर में चोरी की वारदात, पुलिस जांच में जुटी

पीलीभीत। चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए हजारों रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है और मामले की जांच कर रही है। यह घटना पूरनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ढका जमीमा में हुई है। बताया जा रहा है कि गांव के रहने वाले गुड्डू पुत्र युसूफ परिवार के साथ अन्य शहर में परिवार सहित रहकर मजदूरी करते हैं। शुक्रवार की शाम मकान की साफ सफाई करने के बाद उनके बहनोई घर से चले आए थे। अगले दिन जब शमशाद अपने साले के घर पर लाइट बंद करने गए तो उन्होंने देखा कि सारा सामान बिखरा हुआ है, तब उन्हें अंदेशा हुआ कि मकान में चोरी हुई है। इसके बाद उन्होंने अपने रिश्तेदारों सहित गुड्डू को घटना की सूचना दी। साथ ही पुलिस को भी मामले की जानकारी दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई। मामले पर जानकारी देते हुए पूरनपुर थाना अध्यक्ष नरेश कुमार त्यागी ने बताया है कि चोरी की वारदात की जानकारी लगी है और मौके पर पुलिस टीम को भेजा गया है।

### बरेली में नैनीताल! क्षेत्र में सबसे ज्यादा ठंड, लोगों की छूट रही कंपकंपी

बरेली। क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़नी शुरू हो गयी है। पारा लुढ़ककर 4.4 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा। प्रदेश में सबसे ज्यादा ठंड बरेली में पड़ी। जिले में अधिकतम तापमान प्रदेश में सबसे कम और न्यूनतम भी अयोध्या के बाद यहीं का रहा। मौसम विभाग ने तीन दिन और शीतलहर जारी रहने का अनुमान जताया है बरेली में नैनीताल से भी ज्यादा ठंड पड़ रही है। जिले में तेज धूप खिलने के बाद भी ठंड का अहसास हुआ। अधिकतम तापमान सामान्य से 3.1 डिग्री सेल्सियस कम 19.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। अब तक दिन का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से अधिक ही रह रहा था। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 5.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। आईएमडी की आधिकारिक बेवसाइट के अनुसार जिले में अधिकतम तापमान में माइनस 3.1 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 19.3 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान में माइनस 5.6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। दिन और रात का तापमान इस सीजन में सबसे कम रहा है। इस दौरान हवा में नमी सुबह 81 और शाम को 47 प्रतिशत दर्ज की गई। हवाओं की रफ्तार 8-10 किलोमीटर प्रति घंटे दर्ज की गई। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार तक शीतलहर का प्रकोप जारी रहेगा। इस दौरान औसतन अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने के आसार है। वहीं शुक्रवार तक धुंध के साथ कोहरा छाए रहने का पूर्वानुमान है।

### जाल में फंसी बरेली की युवती, 15 लाख का सोना हड़पा

बरेली। जनपद पीलीभीत निवासी हरी ज्वेलर्स के मालिक और उसके बेटे ने बरेली की युवती से 15 लाख रुपये का सोना ठग लिया। सोना वापस मांगने पर आरोपी ने नोटिस भेजकर मामले को दबाने की कोशिश की। युवती ने मुख्यमंत्री कार्यालय में शिकायत की। इसके बाद थाना किला पुलिस ने ज्वेलर्स और उसके बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मोहल्ला खन्नू फूटा दरवाजा निवासी श्रुति खन्ना ने बताया कि पीलीभीत के हरीसरन अग्रवाल से उनके परिवार के पुराने संबंध थे। हरीसरन की हरी ज्वेलर्स नाम से पीलीभीत में एक फर्म है। उनके बेटे सिद्धार्थ उर्फ सीखू अग्रवाल ने वर्ष 2020 में बरेली में सिविल लाइंस में झनकार ज्वैलर्स नाम से एक फर्म खोली थी। उन्होंने सिद्धार्थ को वर्ष 2020 में एक बार 506 ग्राम और दूसरी बार में 304 ग्राम सोना बिक्री के लिए दिया था।

# महाकुंभ में 100 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था कर रही उत्तर प्रदेश सरकार

**महाकुंभ के लिए 12 किमी की लंबाई में घाट तैयार किए जा रहे हैं। कुल 10 हजार एकड़ क्षेत्रफल में कुम्भ का विस्तार किया गया है। यहां चार धाम के भी दर्शन होंगे। द्वादश ज्योतिर्लिंग और अन्य प्रमुख ज्योतिर्लिंग के भी दर्शन होंगे। प्रयागराज कुम्भ, खोया-पाया के बारे में एआई टूल, भाषिणी ऐप के माध्यम से देश की 11 भाषाओं में सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।**

प्रात: किरण/एजेंसी



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि प्रयागराज महाकुंभ के 45 दिन (13 जनवरी से 26 फरवरी) के दौरान 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार 100 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए तैयारी कर रही है। सरकार का अनुमान है कि 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर मुख्य मुहूर्त में प्रयागराज में छह करोड़ श्रद्धालु स्नान करेंगे, लेकिन तैयारी 10 करोड़ की होगी। महाकुंभ के लिए 12 किमी की लंबाई में घाट तैयार किए जा रहे हैं। कुल 10 हजार एकड़ क्षेत्रफल में कुम्भ का विस्तार किया गया है। यहां चार धाम के भी दर्शन होंगे। द्वादश ज्योतिर्लिंग और अन्य प्रमुख ज्योतिर्लिंग के भी दर्शन होंगे। प्रयागराज कुम्भ, खोया-पाया के बारे में एआई टूल, भाषिणी ऐप के माध्यम से देश की 11 भाषाओं में सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। कुंभ में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति की गिनती भी सरकार के पास होगी। जीरो लिक्विड डिस्चार्ज, 1.50 लाख शौचालय, सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री कुंभ होगा। यह महाकुंभ उत्तर प्रदेश की आर्थिक समृद्धि के रोडमैप को आगे बढ़ाने में मार्गदर्शक होगा।

मुख्यमंत्री ने रविवार को एक कार्यक्रम में यह जानकारी दी। संभल के मुद्दे पर भी उन्होंने बड़ी बेबाकी से अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि रविवार को लोकसभा में चर्चा संविधान के 75 साल की गौरवशाली यात्रा पर हो रही थी और मुद्दा संभल का उठ रहा था। उन्हीं के समय में 46 वर्ष पहले संभल में जिस मंदिर को बंद कर दिया गया, वह मंदिर फिर से सबके सामने आ गया और इनकी वास्तविकता को सबके सामने प्रस्तुत कर दिया। संभल में इतना प्राचीन मंदिर, बजरंग बली की प्राचीन मूर्ति और ज्योतिर्लिंग रातों-रात तो नहीं आई।

उन्होंने कहा कि 46 वर्ष पहले जिन दरिंदों ने संभल के अंदर नरसंहार किया था, उन्हें आज तक सजा क्यों नहीं मिली। संभल में जिनकी निर्मम हत्या हुई, उन निर्दोषों का क्या कसूर था। जो भी सच बोलेगा, उसे धमकी दी जाएगी, मुंह बंद कराने का प्रयास होगा। ये लोग कुम्भ के बारे में भी दुष्प्रचार का कुत्सित प्रयास करेंगे।

सीएम योगी ने कहा कि जिसने भी 2019 का कुम्भ देखा, उन्हें लगा होगा कि यहां लीक से हटकर कार्य हुआ है। पहली बार प्रयागराज में स्वच्छ-सुरक्षित और सुव्यवस्थित कुम्भ देखने को मिला। जो कुम्भ गंदगी, भगदड़, अव्यवस्था, असुरक्षा का प्रतीक बन गया था, वही प्रयागराज कुम्भ 2019 में दिव्य और भव्य बना। महाकुंभ-2025 में आस्था और आधुनिकता का संगम भी दिखाई देगा।

सीएम ने इशारों में कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दलों पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि 9 नवंबर 2019 को उच्चतम न्यायालय ने श्रीराम जन्मभूमि से संबंधित फैसला दिया, जिससे विवाद हमेशा के लिए समाप्त हो गया। लेकिन वे लोग आज भी जज को धमकी देते हैं। यह वही लोग हैं, जो संविधान के नाम पर पाखंड कर रहे हैं। राज्यसभा के सभापति (उप राष्ट्रपति) के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर उनकी आवाज को दबाना चाहते हैं। सभापति ने कर्तव्यों के निर्वहन की बात की और कहा कि सदन चलना चाहिए। जनता से जुड़े मुद्दे सदन में रखे जाने चाहिए। इस पर इन लोगों (विपक्षियों) ने पक्षपात का आरोप लगाते हुए अविश्वास प्रस्ताव की नोटिस दिया। निष्पक्ष चुनाव कराने के कारण चुनाव आयोग और सच कहने के कारण इलाहाबाद उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति को कठघरे में खड़ा किया गया। वे लोग उच्च सदन में महाभियोग का प्रस्ताव लेकर आ जाते हैं, यानी सच बोलने और देश की विरासत की चर्चा करने वाले हर व्यक्ति को यह लोग धौंस-धमकी दिखाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर नहीं बनता तो एयरपोर्ट, रेल की डबल लाइन, कनेक्टिविटी नहीं हो पाती। आमजन खुश है, श्रद्धालु कृतज्ञता ज्ञापित करता है, लेकिन देश के संविधान का गला घोंटकर इसमें चोरी से सेक्युलर शब्द डालने वाले लोग अपने घर में शोक मना रहे हैं। उन्हें काशी, अयोध्या के आध्यात्मिकता और विकास से परेशानी है। उन लोगों ने दशकों तक शासन किया, लेकिन कुछ कर नहीं पाए। अब अपने निकम्मेपन पर हम लोगों को कोस रहे हैं। अपनी अकर्मण्यता का दोष हमारी सफलता को कोसकर दे रहे हैं। हमें उनकी मानसिकता को देखना होगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयास है कि इसी बहाने प्रयागराज का कायाकल्प हो। पहली बार संगम में पक्के घाट के दर्शन होंगे। पहली बार गंगा नदी पर रिवर फ्रंट देखने को मिलेगा। संगम का जल निर्मल और अविरल भी होगा। अक्षयवट कॉरिडोर में श्रद्धालु वर्ष भर दर्शन कर सकेंगे। सरस्वती कूप का कॉरिडोर बनकर तैयार हो गया है। बड़े हनुमान जी मंदिर, महर्षि भारद्वाज आश्रम कॉरिडोर बनकर तैयार हो गया। श्रृंगवेरपुर में भी भगवान राम और निषादराज की गले मिलते हुए 56 फीट ऊंची मूर्ति व कॉरिडोर का लोकार्पण पीएम के करकमलों से हो चुका है। प्रयागराज के एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन का कायाकल्प हो रहा है। 216 से अधिक मार्ग ऐसे हैं, जो सिंगल से डबल, डबल से फोर लेन, फोर लेन से सिक्स लेन कराए जा रहे हैं।

# पीलीभीत के रमनगरा में खनन माफियाओ का आतंक, बिना नंबर प्लेट के ट्रैक्टरो से धड़ल्ले से जारी है खनन

प्रात: किरण/एजेंसी

पूरनपुर। रमनगरा चौकी क्षेत्र में बिना नंबर प्लेट के ट्रैक्टर ट्रालियों से दिनदहाड़े खनन किया जा रहा है। जो कि तेज रफ्तार से बाजार के बीच से ट्रैक्टर ट्रालियों को मिट्टी ले जाते हैं आसानी से देखा जा सकता है। लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारी खनन में लगे बिना नंबर प्लेट के ट्रैक्टर ट्रालियां उन्हें नहीं दिखाई दे रही है। मिट्टी का खनन करने वालों ने विभागीय अधिकारियों की मिली भगत के चलते खनन की परमिशन को खिलवाड़ बना रखा है।

जिसके चलते रमनगरा चौकी क्षेत्र में शारदा डैम के किनारे लगाई गई भारी मात्रा में मिट्टी को बिना नंबर प्लेट के ट्रैक्टर ट्रालियों से जेसीबी से भरकर गभिया में डाला जा रहा है। मिट्टी को ले जाने में अधिकांश ट्रैक्टर ट्रालियों पर नंबर प्लेट नहीं लगी हुई है, कृषि में उपयोग किए जाने वाले ट्रैक्टर ट्रालियों से खुलेआम मिट्टी ढोई जा रही है। ट्रैक्टर ट्रालियों को मिट्टी से भरकर गभिया में मार्केट से आसानी से दौड़ते हुए देखा जा सकता है। इससे यह कहना भी गलत नहीं होगा कि राजस्व विभाग और पुलिस की मिली भगत के चलते बिना नंबर प्लेट के मिट्टी से भरकर दौड़े जा रहे ट्रैक्टर ट्रालियों पर रोक नहीं लग पा रही है।

**जेसीबी मशीन का खनन में किया जा रहा इस्तेमाल:** पीलीभीत जिले में परमिशन की आड़ में अवैध रूप से खनन का धंधा लगातार जारी है, संबंधित विभाग के अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा यह है कि खनन करने वाले परमिशन लेने के बाद परमिशन का पालन करना ही भूल जाते हैं और संबंधित विभाग के अधिकारी भी परमिशन देने के बाद नियमों का पालन करना भूल जाते हैं। ऐसा ही हाल कलीनगर तहसील क्षेत्र के गभिया में हो रहे खनन का है। जहां जेसीबी मशीन से मिट्टी का खनन कर ट्रैक्टर ट्रालियों में भरा जा रहा है, जबकि विभाग से मिलने वाली परमिशन में जेसीबी मशीन का इस्तेमाल करना वर्जित माना जाता है।

**खनन अधिकारी क्यों नहीं कराते हैं नियमों का पालन:** एक बड़ा सवाल यह है कि खनन करने से पहले खनन अधिकारी से खनन करने वाले को परमिशन लेनी होती है, परमिशन में लिखित गाइडलाइन का खनन करने वाले को पालन करना होता है, अगर खनन करने वाला गाइडलाइन का पालन नहीं करता है तो खनन अधिकारी उस पर कार्रवाई करते हैं। लेकिन पीलीभीत जिले के तहसील कलीनगर क्षेत्र में खनन अधिकारी खनन की परमिशन देने के बाद भूल बैठे हैं कि उन्हें परमिशन में दी हुई शर्तों का खनन करने वाले को पालन भी करना होगा।

# वंदे भारत के खाने में मिला कीड़ा, आईआरसीटीसी ने लगाया जुर्माना

प्रात: किरण/एजेंसी



प्रयागराज। प्रीमियम ट्रेन वंदे भारत को जरुरत के मुताबिक सवारियां नहीं मिल रहीं है। जो गिने चुने लोग इसमें सफर करते हैं वे इसकी सेवाओं से संतुष्ट नहीं हैं। यहां आए दिन खाने में कीड़े, कॉकरोच और छिपकलियां मिलने की खबरें आ रहीं हैं। मात्र तीन माह के अंतराल में वाराणसी से नई दिल्ली जा रही वंदे भारत (22415) के अंदर फिर से खाने में कीड़ा मिला है। ट्रेन के अंदर कैटरिंग द्वारा यात्री को परोसे गए खाने में कीड़ा मिलने पर यात्री ने शिकायत परिवाद पुस्तिका में अपनी शिकायत दर्ज कराई है। पहले भी एक सितंबर को भी इसी वंदे भारत में यात्री ने नाश्ते में आमलेट मांगा था और जब उसने आमलेट खाना शुरू किया तो उसमें काकरोच नजर आया था। इससे पहले आगरा हजरत निजामुद्दीन वंदे भारत, शिरडी से मुंबई जा रही वंदे भारत में भी खाने में काकरोच मिल चुका है। आइआरसीटीसी (इंडियन रेलवे कैंटरिंग टूरिज्म) ने इसका संज्ञान लेते हुए ठेकेदार पर खराब गुणवत्ता का खाना परोसने के लिए जुमार्ना लगाया है। वंदे भारत में भोजन का ठेका दिल्ली की आरके एसोसिएट्स के पास है।विकास कुमार नाम के यात्री को प्रयागराज से नई दिल्ली जाना था। वह कोच संख्या -सी तीन के सीट नंबर 25 पर यात्रा कर रहे थे। उनकी सीट पर ही कैटरिंग द्वारा भोजन परोसा गया। जब उन्होंने खाना शुरू किया तो अचानक सब्जी में उन्हें कीड़ा दिखा। यात्री ने इसकी शिकायत की तो आसपास बैठे यात्रियों ने भी सब्जी में कीड़ा देखकर अपना नाश्ता व भोजन चेक किया और देखते ही देखते हंगामा मच गया। आनन फानन टीटीई व आइआरसीटीसी के स्टाफ ने यात्री विकास को समझाने बुझाने की कोशिश की। विवाद बढ़ता देख विकास की शिकायत दर्ज कर ली गई।

# नोएडा में बेरोजगार इंजीनियर ने की आत्महत्या

प्रात: किरण/एजेंसी

नोएडा। सेक्टर 113 थाना क्षेत्र के सर्फाबाद में किराये के मकान में लिवइन में रह रहे इंजीनियर ने आत्महत्या कर ली। पार्टनर की हरकतों से परेशान होकर कदम उठाया है। थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि पीआरवी पुलिस को शुक्रवार शाम करीब चार बजे सर्फाबाद में एक व्यक्ति ने आत्महत्या करने की सूचना मिली।

**पार्टनर की हरकतों से तनाव में था युवक:** मयंक मकान में प्रीति के साथ पिछले तीन साल से लिवइन रिलेशनशिप में रह रहा था। पार्टनर की हरकतों से परेशान होकर तनाव में था। स्वजन को सूचना देकर फील्ड यूनिट को बुलाकर साक्ष्य एकत्रित किये गए और शव पोस्टमार्टम को भेजवाया गया।

**साफ्टवेयर इंजीनियर की चौथी मंजिल से गिरने से मौत:** इससे पहले, मंगलवार को एक अन्य मामले में नोएडा के सेक्टर-39 थाना क्षेत्र के सलारपुर गांव में दोपहर करीब साढ़े तीन बजे साफ्टवेयर इंजीनियर माइकल जोनी चकमा (34) चार मंजिला बिल्डिंग की बालकनी से गिरकर घायल हो गए। इलाज के दौरान अस्पताल में उनकी मौत हो गई। पुलिस की जांच में आया है कि कि इंजीनियर नींद से उठकर बालकनी में बने बाथरूम की तरफ गए थे। तभी पैर फिसलने से उनकी नीचे गिरकर मौत हो गई। स्वजन ने पुलिस से किसी के खिलाफ शिकायत नहीं दी है।

**पत्नी की हो चुकी थी मौत:** पुलिस ने बताया कि मिजोरम के मूल निवासी माइकल जोनी चकमा सलारपुर गांव में काला गेट के पास किराए के कमरे में रहते थे। कुछ वर्षों पहले पत्नी की मौत हो गई थी। मंगलवार दोपहर वह कमरे में सो रहे थे। साढ़े तीन बजे करीब आंख खुली और उठकर बाथरूम की तरफ गए।

**कई महीनों से तनाव में था इंजीनियर:** बालकनी में पैर फिसलने से वह चौथी मंजिल से नीचे गिर गए। उनके गिरने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग बाहर निकले तो देखा कि इंजीनियर खून से लथपथ पड़े थे। लोगों के बीच चर्चा थी कि इंजीनियर कई महीनों से तनाव में रहते थे। उन्होंने चौथी मंजिल से कूदकर जान दे दी। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लहूलुहान इंजीनियर को अस्पताल में भर्ती कराया। कालोनी के लोगों ने पुलिस को बयान देने से मना कर दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान घायल की मौत हो गई। पुलिस ने स्वजन को घटना की सूचना दी। थाना प्रभारी का कहना है कि मृतक इंजीनियर के भाई एंगलान चकमा आर्मी में हैं। उन्होंने पोस्टमार्टम कराने और किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई से मना कर दिया। उसके बाद स्वजन शव मिजोरम ले गए। मामले में लिखित शिकायत नहीं मिली है।

# मार्केट की छत पर रूफटॉप बार न बनवाने पर भड़क गई बहू, सास पर चाकू से कर दिए ताबड़तोड़ हमले

नई दिल्ली, एजेंसी



आगरा। सिकंदरा की रहने वाली महिला ने अपनी बहू और उसके मायका पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि मार्केट की छत पर बहु रूफटॉप बार बनवाना चाहती है। मना करने पर उसने घर में क्लेश शुरू कर दिया।

मायका पक्ष की शह पर चाकू मारकर घायल कर दिया। अब उन्हें और उनके परिवार को मुकदमा में फंसाने की धमकी दे रही है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

आवास विकास कॉलोनी सेक्टर नौ की रहने वाली सुरेखा ने पुलिस को बताया कि उनके बेटे नितिन शेखर की शादी 14 फरवरी 2023 को पांडव नगर शाहगंज की निशिका से हुई थी। शादी के बाद से ही निशिका के स्वजन की उनकी संपत्ति पर नजर थी। मायका पक्ष के बहकावे में आकर वो घर में क्लेश करती रहती थी।

सुभाष सागर, आर्यन सागर, मीनाक्षी सागर के साथ मिलकर मार्केट की छत पर रूफटॉप बार बनाने की जिद पर अड़ी थी। उसके लड़ाई कर मायके जाने के बाद 11 सितंबर 2024 को बेटा बहू को लेने उसके मायके गया तो वहां मारपीट की गई। बेटे का परिवार टूटने से बचाने के लिए कार्रवाई नहीं की। ससुराल आने पर बहू ने खर्च लेना शुरू किया और आत्महत्या की धमकी देकर रूफटॉप बनाने का दबाव बनाया। मना करने पर 30 नवंबर की रात चाकू से सास पर हमला बोल कर घायल कर दिया।

आरोपित बहू और उसके मायके वाले मुकदमे की धमकी दे रहे हैं। शिकायत पर कार्रवाई न होने पर पुलिस आयुक्त जे. रविन्दर गौड से शिकायत की । इसके बाद सिकंदरा थाना में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

**पत्नी ने शराब पीने पर टोका, पति ने कनपटी में मार ली गोली:** पत्नी ने शनिवार शाम शराब पीकर आए पति को टोक दिया। कहासुनी के बाद पति ने कमरे में जाकर तमंचे से कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना शाम सात बजे की है। गांव बरहा थाना बासोनी का 36 वर्षीय संजय सिंह, नोवा डेयरी में लोडिंग विक्रम चलाता था। शनिवार को वह नशे की हालत में घर पहुंचा। पत्नी प्रीती से खाना देने को कहा। बताया जाता है इस पर पत्नी ने उसे रोज शराब पीकर आने को लेकर टोक दिया। दोनों के बीच कहासुनी हो गई। जिसके बाद पति संजय सिंह कमरे में चला गया। कुछ देर बाद कमरे से गोली चलने की आवाज सुनकर पत्नी व अन्य स्वजन कमरे में गए।

**कमरे में खून से लथपथ देखकर उड़े होश:** संजय सिंह को फर्श पर खून से लथपथ पड़ा देख होश गए। पास में ही तमंचा पड़ा हुआ था। स्वजन संजय को सीएचसी बाह लेकर पहुंचे। वहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। स्वजन ने बताया कि संजय की शादी 12 वर्ष पहले लोहिया नगर फतेहाबाद की प्रीती से हुई थी। संजय सिंह के पांच बेटियां हैं।

**व्यवस्था** निजी एजेंसियां उपभोक्ताओं की कैसे मदद कर पाएंगी? इसको लेकर अभी स्थितियां स्पष्ट नहीं हो पाई हैं।

# बिजली उपभोक्ता हो जाएं सावधान! अगले साल इस महीने से प्री-पेड होंगे स्मार्ट मीटर, तीन राज्यों में व्यवस्था लागू

**बिजली विभाग जल्द ही उपभोक्ताओं के घरों में लगे स्मार्ट मीटर को प्री पेड में बदलने जा रहा है। अभी ये मीटर पोस्ट पेड हैं लेकिन आने वाले कुछ महीनों में इन्हें प्री-पेड कर दिया जाएगा। इसके बाद उपभोक्ता अपनी जरूरत के हिसाब से बिजली का रिचार्ज करा सकेंगे। यह व्यवस्था मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 94 लाख उपभोक्ताओं पर लागू होगी।**

नई दिल्ली, एजेंसी

लखनऊ। बिजली विभाग जल्द ही बड़ा बदलाव करने जा रहा है। उपभोक्ताओं के यहां निजी कंपनियां जो स्मार्ट मीटर लगा रही हैं, वह भले ही अभी पोस्ट पेड हों, लेकिन आने वाले चंद माह में ये सभी प्री-पेड में बदल दिए जाएंगे। इसके बाद उपभोक्ता को जितनी बिजली की जरूरत होगी, वह उस अनुसार उसको रीचार्ज कर सकता है।

आपके घर में लग रहे स्मार्ट मीटर अभी पोस्ट पेड लगाए जा रहे हैं, छह से आठ माह के बाद यह प्री-पेड मीटर में बदल जाएंगे। फिर जितने रुपये का रिचार्ज कराएंगे, उतनी बिजली खर्च कर पाएंगे। यह व्यवस्था मध्यांचल के सभी 19 जिलों के 94 लाख उपभोक्ताओं पर लागू होगी।

**स्मार्ट मीटर से मोबाइल वाली होगी व्यवस्था**

इस दौरान मीटर एजेंसियां अपना पूरा सिस्टम विकसित कर लेंगी। अभी अगर कोई उपभोक्ता सोच रहा है कि पोस्ट पेड स्मार्ट मीटर, प्री-पेड में नहीं बदलेगा तो वह गलत सोच रहा है। कुल मिलाकर मोबाइल वाली व्यवस्था हो जाएगी। पहले रिचार्ज करना होगा, फिर बिजली का उपभोग कर सकेंगे।



**रिचार्ज के बाद ही मिलेगी बिजली**

स्मार्ट मीटर कई खूबियों वाला है। इसे नेट मीटर में भी बदला जा सकेगा। वहीं, बिजली अभियंताओं को पूरी शंका है कि जब निजी एजेंसी मीटरों को प्री-पेड में करना शुरू करेगी तो मीटर रिचार्ज करने में समस्या आनी तय है, क्योंकि बिजली विभाग के काउंटरों पर ही रिचार्ज की व्यवस्था होगी। निजी एजेंसियां उपभोक्ताओं की कैसे मदद कर पाएंगी ? इसको लेकर अभी स्थितियां स्पष्ट नहीं हो पाई हैं।

**निजी एजेंसियों के हाथ में चली जाएगी व्यवस्था**

राजधानी के 10 लाख बिजली उपभोक्ताओं के मीटरों की व्यवस्था आने वाले चंद माह में निजी एजेंसियों के हाथ में पूरी तरह से चली जाएगी। अगर मीटर से जुड़ी कोई समस्या आएगी तो उपभोक्ता बिजली विभाग के अभियंता से शिकायत करेगा और अभियंता निजी एजेंसी पर निर्भर होंगे।

**रिचार्ज के बाद ही बिजली का उपयोग कर सकेंगे उपभोक्ता**

अब समस्या एक घंटे में हल होती है या फिर पांच घंटे में, यह निजी एजेंसी पर निर्भर करेगा। उपभोक्ता को अपने मोबाइल नंबर पर नजर बनाए रखनी होगी कि कहीं रिचार्ज खत्म तो नहीं हो रहा है। घर के बाहर जा रहे हैं तो घर वालों को परेशानी न आए, इसके लिए मीटर को पहले से चार्ज करना होगा।

**स्वीकृत लोड से ज्यादा खर्च किया तो बिजली चली जाएगी**

बिजली घर में अगर स्वीकृत लोड से ज्यादा बिजली खर्च कर रहे हैं तो सतर्क हो जाएं, क्योंकि प्री-पेड मीटर लगने के बाद ऐसा किया तो बिजली कट जाएगी। इसके बाद आपको लोड बढ़वाना होगा, तभी कनेक्शन चालू होगा। फिलहाल पोस्ट पेड मीटर में ऐसा प्रावधान नहीं था।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, सोमवार, 16 दिसंबर, 2024





# मिसमैच सीजन 3 में नजर आएंगे रोहित सराफ

रोहित सराफ फिल्मों, वेब सीरीज और टीवी सीरियल्स में अभिनय कर चुके हैं। इन दिनों यह एक्टर अपनी आने वाली वेब सीरीज मिसमैच को लेकर चर्चा में है। हाल ही में अपने शो के प्रमोशन इवेंट में रोहित सराफ नजर आए। इवेंट के बाद उन्हें उनकी कुछ फीमेल फैंस ने घेर लिया।

### गुलाबों से भर दिया हाथ

जैसे ही रोहित सराफ इवेंट से बाहर निकले तो उनकी कई सारी फीमेल फैंस उनके आसपास जमा हो गईं। एक-एक करके सभी ने रोहित को गुलाब के फूल देना शुरू कर दिया। यह देखकर रोहित पहले तो मुस्कुराए, फिर वह शरमाने भी लगे। अपनी फैंस का इतना प्यार पाकर, रोहित काफी खुश भी नजर आए।

### मिसमैच सीरीज से हुए पॉपुलर

रोहित की यह फैन फॉलोइंग उनकी सीरीज मिसमैच के कारण ही है। यंग लड़कियों को यह सीरीज बहुत पसंद आई थी। जिसके बाद से ही रोहित की पॉपुलैरिटी बढ़ने लगी। वह सीरीज में एक लवर बॉय के रोल में दिखे।

### अब आएगा मिसमैच का सीजन 3

जल्द ही मिसमैच 3 का प्रीमियर भी होगा। इसमें रोहित सराफ के साथ प्राजक्ता कोहली भी नजर आएंगी। वह एक्ट्रेस बनने से पहले एक फेमस यूट्यूबर रही हैं। इस सीरीज में रोहित और प्राजक्ता की जोड़ी को खूब पसंद किया गया था। नए सीजन में भी दर्शकों को इनके बीच अच्छी केमिस्ट्री नजर आएगी। असल जिंदगी में प्राजक्ता और रोहित सराफ अच्छे दोस्त हैं।

### जान्हवी-वरुण के साथ फिल्म करेंगे

रोहित सराफ सिर्फ वेब सीरीज में ही व्यस्त नहीं हैं। वह वरुण धवन और जान्हवी कपूर स्टारर एक फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में भी नजर आएंगे। इस फिल्म का हिस्सा बनकर रोहित भी काफी खुश हैं। पहले भी वह कुछ बड़ी फिल्मों में छोटे लेकिन अहम रोल निभा चुके हैं। रोहित ने कई बड़े कलाकारों के साथ पर्दे पर अभिनय किया है और खुद को बतौर एक्टर निखारा है।



# अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी पर आई रश्मिका की प्रतिक्रिया

पुष्पा 2 की स्पेशल स्क्रीनिंग 4 दिसंबर को हैदराबाद के संध्या थिएटर में रखी गई थी। हालांकि, प्रीमियर के दौरान अल्लू अर्जुन अचानक से वहां पहुंच गए जिससे भगदड़ मच गई। घटना में एक महिला को अपनी जान गंवानी पड़ी। इसी सिलसिले में आज फिल्म के मुख्य कलाकार अल्लू अर्जुन को गिरफ्तार किया गया। हालांकि, हाईकोर्ट से उन्हें चार हफ्ते के लिए अंतरिम जमानत मिल गई है। वहीं, अब इस पूरी घटना पर फिल्म से अल्लू की को-स्टार रश्मिका मंदाना ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। रश्मिका मंदाना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, मैं अभी जो देख रही हूं उस पर मुझे विश्वास नहीं हो रहा है। जो घटना हुई वह एक दुर्भाग्यपूर्ण और बेहद दुखद घटना थी। अभिनेत्री ने आगे कहा, हालांकि, यह देखना निराशाजनक है कि हर चीज के लिए एक ही व्यक्ति को दोषी ठहराया जा रहा है। यह स्थिति अविश्वसनीय और दिल तोड़ने वाली है।
गिरफ्तारी के बाद अल्लू अर्जुन को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। हालांकि, अब उन्हें तेलंगाना उच्च न्यायालय ने अंतरिम जमानत दे दी है। इससे पहले आज मृतक के पति ने कहा कि वह केस वापस लेने को तैयार हैं और अभिनेता का भगदड़ या उनकी पत्नी की मौत से कोई संबंध नहीं है।

### मृतक का परिवार लेगा केस वापस

शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए मृतक महिला रेवती के पति भास्कर ने कहा, हम उस दिन केवल संध्या थिएटर गए क्योंकि मेरा बेटा फिल्म देखना चाहता था। यह अल्लू अर्जुन की गलती नहीं है कि वह उस दिन थिएटर पहुंचे। मैं अपना मामला वापस लेने के लिए तैयार हूं। पुलिस ने मुझे उनकी गिरफ्तारी की सूचना नहीं दी, मैंने इसे अस्पताल में समाचार पर देखा था। उनका (अर्जुन का) भगदड़ से कोई लेना-देना नहीं है।

### वकील ने दी यह दलील

अल्लू अर्जुन के वकील ने शाहरुख खान से जुड़े एक ऐसे ही मामले की तुलना की जिन्हें अपनी फिल्म रईस के प्रचार कार्यक्रम के दौरान वडोदरा रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मचने के बाद कानूनी जांच का सामना करना पड़ा था, जहां एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और अन्य घायल और बेहोश हो गए थे।

# जैकी श्रॉफ के साथ काम करना जैसे सपना सच होना





बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे और जैकी श्रॉफ हाल ही में एक निजी कार्यक्रम में साथ में नजर आए थे। जैकी श्रॉफ के लिए अभिनेत्री अनन्या पांडे ने कहा उनकी मिमिक्री करना बहुत मुश्किल है। खासकर उनकी बीडू वाली स्टाइल पर काम करना बहुत ज्यादा मुश्किल है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के लिए उन्होंने जैकी के बहुत सारे वीडियो देखे ताकि वे उनकी नकल कर सकें। एक मीडिया हाउस के साथ की गई बातचीत में अनन्या पांडे ने बताया कि उन्होंने टाइगर श्रॉफ के साथ पहले भी काम किया है और उनकी बहन कृष्णा श्रॉफ के साथ एक विज्ञापन में नजर आई हैं। अब जैकी श्रॉफ के साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा है। अनन्या ने बताया कि उनकी बातचीत बहुत दिलचस्प रहती है।

### अनन्या ने सीखी मिमिक्री

अनन्या ने कहा कि उन्होंने जैकी की तरह बोलना सीखा। उनकी शैली की नकल करने की कोशिश की, हालांकि उन्हें यह मुश्किल था। उन्होंने कहा कि जैकी ने उनके किरदार को उनसे बेहतर तरीके से निभाया। अनन्या ने कहा कि बीडू वाली एक्टिंग करनी मुश्किल है।

### इस सीरीज में नजर आएंगी अनन्या

वर्कफ्रंट की बात करें तो अनन्या पांडे को हाल ही में कॉल मी बे और कंट्रोल में देखा गया। उनके साथ अपनी वेब सीरीज की शुरुआत भी की। फिलहाल, उन्होंने कॉल मी बे के दूसरे सीजन की शूटिंग शुरू कर दी है। इसके अलावा अनन्या पांडे चांद मेरा दिल में नजर आने वाली हैं।

### जैकी श्रॉफ भी आएंगे नजर

जैकी श्रॉफ को आखिरी बार सिंघम अगेन में देखा गया था। अब वे बेबी जॉन में वरुण धवन, कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी के साथ नजर आएंगे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 25 दिसंबर 2024 को रिलीज होगी।

# पीएम मोदी के साथ द साबरमती रिपोर्ट देख विक्रांत ने बताया अनुभव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ विक्रांत मैसी से मुलाकात की है। फिल्म द साबरमती रिपोर्ट में अभिनय करने वाले अभिनेता को हाल ही में प्रधानमंत्री और उनके कैबिनेट सदस्यों के साथ फिल्म देखने का मौका मिला। अब अभिनेता ने अपना अनुभव साझा किया है। विक्रांत मैसी ने कहा, व्यापक चर्चा हुई और मेरा मानना है कि उस चैंबर में हुई बातचीत का ब्यौरा गोपनीय रखना सबसे अच्छा है। हालांकि, मैं यह साझा कर सकता हूं कि पीएम मोदी ने फिल्म का भरपूर आनंद लिया और इसमें हमारे द्वारा किए गए प्रयास की सराहना की। उन्हें मेरा काम पसंद आया... उन्होंने कहा, मेरा मतलब है, यह एक ऐसी प्रशंसा है जो मेरे साथ जीवन भर रहेगी। उनकी आंखों में आंसू आ गए थे।

### बॉक्स ऑफिस पर किया शानदार प्रदर्शन

अभिनेता विक्रांत मैसी की फिल्म द साबरमती रिपोर्ट बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। फिल्म की रिलीज को 17 दिन हो चुके हैं। अब तक फिल्म ने भारत में 33.5 करोड़ रुपये की कमाई की है। फिल्म गोधरा के पास साबरमती एक्सप्रेस के एस-6 कोच में हुए अग्निकांड की कहानी है। इस फिल्म को लेकर इन दिनों काफी चर्चा हो रही है।

### फिल्मों को लेकर देते हैं ऐसी राय

विक्रांत मैसी ने कहा, अगर आप पूछेंगे तो मेरे लिए फिल्म ने 200 करोड़ की फिल्म है। इसने 250 करोड़ का बिजनेस किया, जो कि बहुत खराब होता है। वहीं, अगर 15 करोड़ की फिल्म 40 करोड़ कमाती है तो ये अच्छा बिजनेस है। फिल्म को लेकर सभी की अपनी-अपनी राय है। हालांकि, विक्रांत मैसी के अभिनय को उनके प्रशंसक बहुत पसंद कर रहे हैं।






# बालकृष्ण-बोयापति ने शुरू की फिल्म 'अखंड 2-थांडवम' की शूटिंग, अगले साल कब होगी रिलीज

अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' की सफलता के बाद से अधिकतर दक्षिण भारतीय फिल्में अब देश भर में रिलीज होने को तैयार हैं। अगले साल तेलुगू सुपरस्टार बालकृष्ण की एक्शन फिल्म 'अखंड 2-थांडवम' भी देश भर में रिलीज होगी। अभिनेता बालकृष्ण और निर्देशक बोयापति श्रीनु ने इसकी शूटिंग एक जबरदस्त एक्शन सीन के साथ शुरू कर दी है।

### फिल्म में धमाकेदार होगा एक्शन

एक्शन फिल्म 'अखंड 2' में पहली फिल्म के मुकाबले ज्यादा धमाकेदार एक्शन दर्शकों को देखने को मिलेगा। सुपरस्टार बालकृष्ण इसमें अपने एक्शन को एक स्तर और ऊपर लेकर जाएंगे। इसके लिए निर्देशक बोयापति श्रीनु हर संभव कोशिश करेंगे। फिल्म में एक्शन की जिम्मेदारी स्टंट मास्टर राम-लक्ष्मण संभाल रहे हैं। एक कमाल के फाइट सीक्वेंस के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू की गई। फिल्म 'अखंड 2' की शूटिंग हैदराबाद के आरएफसी में हो रही है।

### दशहरे पर होगी रिलीज

फिल्म 'अखंड 2' को 14 रील्स प्लस बैनर तले राम अचंता और गोपीचंद अचंता निर्मित कर रहे हैं। साथ ही फिल्म को एम तेजस्विनी नंदमुरी भी प्रस्तुत कर रही हैं। इस फिल्म के साथ टैलेंटेड टेक्निशियन की टीम भी शामिल है, जिसमें म्यूजिक एस थमन, कोरियोग्राफी सी रामप्रसाद, आर्ट डायरेक्टर एएस प्रकाश जैसे नाम शामिल हैं। फिल्म को 25 सितंबर 2025 को दशहरा के खास मौके पर रिलीज किया जाएगा। दशहरे के दिन छुट्टी होगी तो फिल्म को इस बात का फायदा जरूर होगा।

### बालकृष्ण-बोयापति श्रीनु ने दी हैं हिट फिल्में

'अखंड 2' से पहले भी अभिनेता बालकृष्ण और निर्देशक बोयापति श्रीनु साथ में काम कर चुके हैं। दोनों ने साथ में मिलकर बेहतरीन और हिट फिल्में दी हैं। 'अखंड 2' साथ में इनकी चौथी फिल्म है। बोयापति ने हमेशा ही अपनी फिल्मों में बालकृष्ण को अलग ही अंदाज में पेश किया है, आने वाली फिल्म में भी वह ऐसा ही करेंगे। फिल्म 'अखंड 2' में बालकृष्ण के अलावा कई और नामी कलाकार भी शामिल हैं।



# बिजनेस हमेशा प्लान बी ही था, लेकिन इससे मुझे आजादी मिली

**बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय अपने बिजनेस को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि वे अपने व्यक्तिगत ब्रांड का इस्तेमाल उन कई कंपनियों के लाभ के लिए करते हैं, जिनमें उनकी हिस्सेदारी है।**

### विवेक ओबेरॉय शुरू किया ऐसा प्लान

विवेक ओबेरॉय ने बताया कि उन्होंने जीरो इंट्रेस्ट पेमेंट प्लान शुरू किया। साथ ही उन्होंने अपना पर्सनल ब्रांड भी शुरू किया था। उन्होंने कहा कि इससे बहुत ज्यादा फायदा हुआ और अब कंपनी की कीमत लगभग 3,400 करोड़ रुपये है।

### बिजनेस को लेकर बोले विवेक

हाल ही में मुंबई में हुए एक कार्यक्रम में विवेक ने कहा, मैंने एक स्टार्टअप शुरू किया, जो शिक्षा के लिए पैसे देता था। समय के साथ यह बहुत बड़ा बन गया। हम BwB नेटवर्क के जरिए 12,000 स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों तक पहुंचे लेकिन फिर हम ग्राहक से जुड़े और उस डेटा को अपने पास रख लिया। हम अपने ग्राहकों को सीधे जान पाए, जो 45 लाख व्यक्ति थे जो स्कूल या कॉलेज जा रहे थे। यह बहुत समृद्ध डेटा था और इस तरह कंपनी की कीमत लगभग 400 मिलियन यानी लगभग 3,400 करोड़ रुपये हो गई।

### समाज के लिए कर रहे थे काम

रिपोर्ट के मुताबिक विवेक ने कहा कि मैंने जब अपना ब्रांड शुरू किया तो मुझे इसके सोशल इम्पैक्ट के बारे में पता चला। मैं ऐसी चीजें कर रहा था, जो सामाजिक तौर पर प्रभाव डाल रही थीं। हमारे इस प्लान के जरिए हम कुछ भी कमा नहीं पा रहे थे। हालांकि बाद में इससे बहुत फायदा हुआ।

### विवेक ओबेरॉय ने साझा किए विचार

विवेक ओबेरॉय ने कहा कि बिजनेस करना हमेशा से प्लान बी ही था। मैंने सिनेमा को अपने पैशन की तरह चुना था। बिजनेस ने मुझे जीवन जीने में मदद की है। इससे मुझे आजादी मिली। किसी और के काम में उलझ के रहने से अच्छा होता है अपना कुछ करना, जिससे हमें हमारे लिए जीन का समय मिलता है।

# बेबी जॉन में सलमान खान के कैमियो पर वरुण धवन ने दिया बड़ा अपडेट

वरुण धवन ने हाल ही में आगामी फिल्म बेबी जॉन में सलमान खान के बहुप्रतीक्षित कैमियो पर अपना उत्साह साझा किया। वरुण के बयान से साफ हो गया है कि बेहद कम स्क्रीन टाइम में भी सुपरस्टार फिल्म में एक महत्वपूर्ण प्रभाव छोड़ेंगे। साथ ही दर्शकों के लिए फिल्म में उनका समय किसी विजुअल ट्रीट से कम नहीं होगा। वरुण ने सुपरस्टार के कैमियो को टीज करते हुए बड़ा खुलासा किया है।
बेबी जॉन के प्रमोशन के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, वरुण ने सलमान के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि वह उनकी जितनी भी तारीफ करें, वह सुपरस्टार के लिए कम होगी। दर्शक और भारत के लोग सलमान को पसंद करते हैं और जल्द ही उन्हें एक बार फिर सुपरस्टार को पर्दे पर देखने का मौका मिलेगा।

### मिलेगा एंटरटेनमेंट का फुल डोज

वरुण धवन ने कैमियो के बारे में विवरण साझा करते हुए कहा कि यह पांच से छह मिनट का सीन है, जिसमें एक्शन, कॉमेडी और ड्रामा शामिल है और इसका प्रभाव महीनों तक रहने की उम्मीद है। सलमान और वरुण के बीच बहुत अच्छी दोस्ती है और उनके प्रशंसक इस जादू को स्क्रीन पर देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, सोमवार, 16 दिसंबर, 2024



## ईडी ने भूषण स्टील की 4025 करोड़ रुपये की संपत्ति जेएसडब्ल्यू स्टील को लौटाई

**नई दिल्ली।** ईडी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट से मंजूरी मिलने के बाद पूर्ववर्ती भूषण स्टील एंड पावर लिमिटेड की 4,025 करोड़ रुपये की संपत्ति जेएसडब्ल्यू स्टील को वापस कर दी है। जेएसडब्ल्यू स्टील शोधन अक्षमता संहिता के तहत दिवालिया कंपनी की परिसंपत्तियों के लिए सफल समाधान आवेदक थी।




## बाजारों के उतार-चढ़ाव से बचने के लिए हाइब्रिड फंड की ओर जा रहे निवेशक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजारों के तेज उतार-चढ़ाव के बीच निवेशक म्यूचुअल फंड के हाइब्रिड फंड में निवेश कर रहे हैं। नवंबर में इस स्कीम में 4,129 करोड़ रुपये का निवेश आया है। इस स्कीम का एसेट अंडर मैनेजमेंट यानी निवेशकों के निवेश का मूल्य एक साल में 45 फीसदी बढ़ा है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूआईडीएआई ने फ्री में आधार अपडेट कराने की आखिरी तारीख बढ़ाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूनीक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने आज एक बड़ा ऐलान कर दिया है। यूआईडीएआई ने फ्री में आधार अपडेट कराने की आखिरी तारीख बढ़ा दी है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण यानी




यूआईडीएआई ने फ्री में आधार अपडेट करने की लास्ट डेट को 14 दिसंबर 2024 से बढ़ाकर 14 जून 2024 कर दी है। अब अगर आपके आधार कार्ड में नाम, पता आदि फ्री में बदलवाना है तो इसके लिए आपको कुछ खर्च करने की जरूरत नहीं है और मुफ्त में बदलवा सकते हैं।

दस्तावेजों के जरिए आधार में फ्री में अपडेट कराने के लिए बार-बार समय-सीमा बढ़ाई जा रही है। पहले इसे 14 जून 2024 तक रखा गया था, फिर इसे 14 दिसंबर 2024 तक के लिए बढ़ाया गया था और आज 14 दिसंबर के दिन ही आधार जारी करने वाली संस्था ने इसकी लास्ट डेट फिर एक बार बढ़ा दी है। इसके जरिए देश के करोड़ों आधार कार्डधारकों को सुलभ तरीके से आधार अपडेट कराने की सुविधा बिना किसी खर्चे के दी जा रही है। अगर आप भी अपना आधार अपडेट कराना चाहते हैं तो आपके लिए अब अगले साल के मध्य यानी 14 जून 2024 तक का समय है।

### 40 साल से नहीं बढ़ाई माल की कीमत! फिर भी बड़ी-बड़ी कंपनियों पर भारी है अमेरिका की यह फर्म

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 40 साल में दुनिया में महंगाई कई गुना बढ़ गई है लेकिन कोस्टको हॉट डॉग की कीमत में इस दौरान एक पैसे की भी बढ़ोतरी नहीं हुई है। अमेरिका के होलसेल क्लब कास्टको ने साल 1984 में इसकी शुरुआत की थी। तब इसकी कीमत 1.5 डॉलर थी और आज भी यह इसी रेट पर उपलब्ध है। पिछले 40 साल में जिस हिसाब से महंगाई बढ़ी है उससे इसकी कीमत 4.40 डॉलर होनी चाहिए थी। लेकिन कंपनी ने इस दौरान कोस्टको हॉट डॉग की कीमत में एक पैसा भी नहीं बढ़ाया है। असल में अपने हॉग डॉग की कीमत 1.50 रखना कास्टको की रणनीति का हिस्सा है। कीमत कम रखकर वह ग्राहकों को आकर्षित करती है। इस तरह बड़ी संख्या में लोग इसे खरीदने के लिए कंपनी के स्टोर्स में आते हैं और साथ में दूसरे महंगे आइटम खरीदते हैं। हालांकि कंपनी की कमाई का बड़ा जरिया मेंबरशिप फीस है।

**रिलायंस के ज्यादा मार्केट कैप–** अमेरिका की ग्लोबल रिटेल चेन कास्टको की वैल्यू 442 अरब है और यह दुनिया की 22वीं बड़ी वैल्यूएबल कंपनी है। मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 205.67 अरब डॉलर है और यह दुनिया की 60वीं बड़ी वैल्यूएबल कंपनी है। हॉट डॉग की कीमत 1.5 डॉलर रखना कास्टको की मार्केटिंग का हिस्सा बन गया है।

# लैटिन अमेरिका के सबसे बड़े रईस है कार्लोस स्लिम

## स्लिम के माता-पिता लेबनॉन से मेक्सिको आए थे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स पर नजर डालें तो वहां भारत के दो रईसों मुकेश अंबानी और गौतम अडानी के बीच आपको मेक्सिको के अरबपति कार्लोस स्लिम का नाम दिखेगा। कार्लोस स्लिम लैटिन अमेरिका के सबसे बड़े रईस हैं। उनकी नेटवर्थ 85.4 अरब डॉलर है। वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में अंबानी से एक स्थान नीचे और अडानी से एक स्थान ऊपर 18वें नंबर पर हैं। स्लिम के पास लैटिन अमेरिका की सबसे बड़ी मोबाइल फोन ऑपरेटर कंपनी में कंट्रोलिंग स्टेक है।



कार्लोस स्लिम हेलू का जन्म 1940 में मेक्सिको सिटी में हुआ था। उनके माता-पिता लेबनॉन से आकर मेक्सिको में बसे थे। उन्होंने 1961 में मेक्सिको स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग की नेशनल ऑटोनोमस यूनिवर्सिटी से सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। 25 साल की उम्र में उन्होंने अपनी कंस्ट्रक्शन कंपनी शुरू की और 1980 के दशक में मेक्सिको के कर्ज संकट के दौरान टोबैको, कॉपर और माइनिंग में जमकर निवेश किया। साथ ही उन्होंने 1990 के दशक में रेस्टोरेंट एंड रिटेल चेन सैनबोर्न हरमनोस को भी खरीद लिया। इसी दौरान उन्होंने सरकारी टेलिकॉम कंपनी टेलमैक्स और वायर एंड फाइबर-ऑप्टिक केबल बनाने वाली कंपनी ग्रुपो कंडुमेक्स को भी अपनी झोली में डाल लिया।

**मौके पर चौका–** पिता का कारोबार संभालने के उन्होंने स्टॉक ट्रेडर के तौर पर काफी मेहनत की। 25 की उम्र में उनके पास 30 लाख डॉलर की बड़ी राशि आई। मेक्सिको में कर्ज संकट और तेल की कमी उनके लिए एक बड़ी संभावना बनकर आई। पैसा बहुत तेजी से देश के बाहर जा रहा था। मौके का लाभ उठाते हुए उन्होंने काफी कम कीमत में कई कंपनियां खरीदीं। फिर उन्होंने इन कंपनियों को मुनाफे में लाकर बेच दिया। स्लिम इसे ही अपनी सफलता का राज मानते हैं।

### कैसे मिली सफलता

एक दशक बाद उन्होंने अमेरिकन मोविल के बैनर तले पूरे लैटिन अमेरिका में मोबाइल फोन ऑपरेशंस को खरीदा। 2011 में उन्होंने इसे टेलमैक्स में मर्ज कर दिया। स्लिम की साथ ही कई कमर्शियल बैंकों और एनर्जी कंपनियों में भी हिस्सेदारी है। अपनी फैमिली इनवेस्टमेंट कंपनी ग्रुप कारसो के जरिए उन्होंने मेक्सिको की कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री में भी निवेश किया है। स्लिम की वेल्थ में बड़ा हिस्सा पब्लिकली ट्रेडेड कंपनियों से आता है। उनकी आधी दर्जन से अधिक पब्लिक कंपनियों में हिस्सेदारी है जिनसे उन्हें डिविडेंड मिलता है। साल 2008 में उन्होंने न्यूयॉर्क टाइम्स में भी 6.4 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी थी।

स्लिम ने एक इंटरव्यू में कहा था कि बचपन से ही वह उद्यमी बनकर अपने पिता के काम में हाथ बंटाना चाहते थे। छोटी उम्र में ही उन्होंने पिता से बिजनस का ककहरा सीख लिया था। उनके पिता ने उन्हें फाइनेंस, मैनेजमेंट और अकाउंटिंग के बारे में बताया था। 11 साल की उम्र में उन्होंने गवर्नमेंट सेविंग्स बॉन्ड में निवेश किया, तो उन्हें पहली बार चक्रवृद्धि ब्याज के बारे में पता चला। 12 साल की उम्र में उन्होंने मैक्सिकन बैंक में पहला शेयर खरीदा था। जब वह 13 साल के थे तो उनके पिता की मृत्यु हो गई। पिता के कारोबार की जिम्मेदारियां उनके कंधों पर आ गईं। उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग के साथ अर्थशास्त्र की भी पढ़ाई की ताकि कारोबार की बारीकियों को समझ सकें।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा; एफपीआई के आंकड़े भी आए सामने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 1,13,117.17 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल रही। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मूल्यांकन में गिरावट आई।




इस बीच अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय बाजार में वापसी की। दिसंबर के पहले दो सप्ताह में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों में शुद्ध रूप से 22,766 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पहले नवंबर में एफपीआई ने भारतीय बाजार से 21,612 करोड़ रुपये और अकतूबर में 94,017 करोड़ रुपये की भारी निकासी की थी। दिलचस्प यह है कि सितंबर में एफपीआई का प्रवाह के लिए नौ माह के उच्चस्तर 57,724 करोड़ रुपये पर पहुंच गया था।

### पहले बात करते हैं शेयर बाजार की

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 623.07 अंक या 0.76 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 90.5 अंक या 0.36 प्रतिशत के लाभ में रहा।

### इनका बाजार मूल्यांकन बढ़ा

- समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 47,836.6 करोड़ रुपये बढ़कर 9,57,842.40 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।
- इन्फोसिस की बाजार हैसियत 31,826.97 करोड़ रुपये बढ़कर 8,30,387.10 करोड़ रुपये रही।
- एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 11,887.78 करोड़ रुपये बढ़कर 14,31,158.06 करोड़ रुपये पर और आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 11,760.8 करोड़ रुपये बढ़कर 9,49,306.37 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 9,805.02 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 16,18,587.63 करोड़ रुपये रहा।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, ताजा प्रवाह के साथ 2024 में अब तक शेयरों में एफपीआई का निवेश 7,747 करोड़ रुपये रहा है। एफपीआई ने इस महीने अबतक (13 दिसंबर तक) शेयरों में शुद्ध रूप से 22,766 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

# बिहार में जहानाबाद की सीमा सिंह को जानते हैं, जिन्होंने मुंबई के वर्ली में 185 करोड़ का अपार्टमेंट खरीदा!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में महंगे प्रॉपर्टी का सबसे बड़ा बाजार है मुंबई। वहां 3-4 सौ करोड़ रुपये के फ्लैट बिकने की ऐसे खबर आती है, जैसे यहां महंगे हीरे के हार बिकने की खबर आती है। अभी पिछले दिनों ही मुंबई के वर्ली इलाके में रियल एस्टेट का एक बड़ा सौदा हुआ है। यह सौदा अलकेम लैबोरेटरी लिमिटेड के प्रमोटर परिवार की बहू सीमा सिंह ने किया है।

**कौन हैं सीमा सिंह–** महाराष्ट्र की एक दवा कंपनी है अल्केम लैबोरेटरीज। इसके प्रमोटर हैं बिहार में जहानाबाद के रहने वाले संप्रदा सिंह और उनके छोटे भाई बासुदेव नारायाण सिंह। इस परिवार की दूसरी पीढ़ी के सदस्य हैं मृत्युंजय सिंह। उनकी पत्नी हैं सीमा सिंह। आजकल सीमा सिंह सुर्खियों में हैं। उनकी सुर्खियों में रहने की वजह है कि उन्होंने



मुंबई के वर्ली में एक आलीशान सी-व्यू अपार्टमेंट खरीदा है। इसके लिए 185 करोड़ रुपये की भारी भरकम रकम चुकाई गई है।

**कौन है इस प्रोजेक्ट का डेवलपर–** मुंबई का वर्ली सी फेस पर बन रहे एक सुपर-प्रीमियम रेजिडेंशियल टावर बन रहा है। इसका नाम है लोढ़ा सी फेस। इसी प्रोजेक्ट में सीमा सिंह ने 185 करोड़ रुपये का एक आलीशान सी-व्यू अपार्टमेंट खरीदा है। यह सौदा इस साल मुंबई के दूसरे सबसे बड़े लग्जरी अपार्टमेंट सौदे के रूप में दर्ज हुआ है। सिंह ने यह अपार्टमेंट प्रोजेक्ट डेवलपर मैक्रोटेक डेवलपर्स से सीधे खरीदा है। इस डील में उन्हें 9 कार पार्किंग स्लॉट भी मिलेंगे।

सीमा सिंह ने जो अपार्टमेंट खरीदा है, वह टावर की 30वीं मंजिल पर स्थित है। इसका कुल क्षेत्रफल 14,000 वर्ग फुट है। यह अपार्टमेंट अरब सागर का खूबसूरत नज़ारा पेश करता है। लोढ़ा सी फेस मुंबई के सबसे पॉश इलाकों में से एक, वर्ली सी फेस पर स्थित है। यह इलाका अपने आलीशान अपार्टमेंट्स और ऊंची इमारतों के लिए जाना जाता है। यहां कई नामी हस्तियां और बिजनेसमैन रहते हैं।

## छोटे वेंचर से की कारोबार की शुरुआत, अब अरबपतियों में गिनती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुरेंदर सलूजा भारत के सबसे अमीर बिजनेसमैन में से एक हैं। फोर्ब्स के अनुसार, उनकी कुल संपत्ति 4.5 अरब डॉलर यानी लगभग 38187 करोड़ रुपये है। 77 वर्षीय सलूजा प्रीमियर एनर्जीज के संस्थापक और अध्यक्ष हैं। यह कंपनी सोलर सेल और सोलर मॉड्यूल बनाती है। आइए, यहां सुरेंदर सलूजा की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**भारत के सबसे अमीर लोगों में शुमार–** फोर्ब्स की अमीरों की सूची के अनुसार, सुरेंदर सलूजा ऊर्जा क्षेत्र में भारत के सबसे धनी व्यक्ति हैं। सितंबर 2024 में उनकी कंपनी प्रीमियर एनर्जीज शेयर बाजार में लिस्ट हुई। 10 दिसंबर तक इसका मार्केट कैप 57,789 करोड़ रुपये था। सलूजा कंपनी के बोर्ड को रणनीतिक सलाह देते हैं। वह कंपनी की व्यावसायिक रणनीतियां भी बनाते और लागू करते हैं। सुरेंद्र प्रीमियर एनर्जीज के चेयरमैन हैं। उनके बेटे चिरंजीवी प्रीमियर एनर्जीज के प्रबंध निदेशक हैं। 29 साल पुरानी इस कंपनी की हैदराबाद में पांच मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट हैं। सुरेंदर सलूजा ने कर्नाटक यूनिवर्सिटी, धारवाड़ से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री हासिल की है।

# एक साल में पैसा डबल करना है तो 5 शेयरों पर लगा सकते हैं दांव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर मार्केट में फिर से तेजी नजर आने लगी है। शुक्रवार को सेंसेक्स में 800 अंकों से ज्यादा तक की तेजी आई थी। इस तेजी से साथ यह फिर से 82 हजार के पार पहुंच गया है। कई कंपनियों के शेयर ने पिछले कुछ वर्षों में निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न दिया है। वहीं इनमें काफी ऐसे भी हैं जिन्होंने एक साल में ही निवेश को दोगुना कर दिया है। इससे ज्यादा समय के लिए इनका रिटर्न और ज्यादा रहा है। अगर आप अपने निवेश को एक साल में दोगुना करना चाहते हैं तो अच्छी कंपनियों के शेयर में निवेश कर सकते हैं।



यह कंपनी टाटा ग्रुप की है। यह कंपनी फैशन और लाइफस्टाइल सेगमेंट के कारोबार ऑपरेट करती है। इसके अंतर्गत टाटा ग्रुप के कई ब्रांड जैसे स्टसाइड, जुडियो और उत्सा आदि आते हैं। इस कंपनी ने शेयर की कीमत अभी 6996.40 रुपये है। पिछले एक साल में इसने 134 फीसदी रिटर्न दिया है। वहीं 5 साल में इसका रिटर्न 1200 फीसदी से ज्यादा रहा है।

यह एक ज्वेलरी कंपनी है। इसने साल 2005 में दिल्ली में एक शोरूम से शुरुआत की थी। आज इस कंपनी के देशभर के 66 शहरों में करीब 80 स्टोर हैं। इस कंपनी के शेयर की कीमत 173 रुपये है। इसने एक साल में निवेशकों की झोली भर दी है। इसका एक साल का रिटर्न 432 फीसदी है। वहीं 5 साल में इसने 550 फीसदी रिटर्न दिया है।

रिन्यूएबल सेक्टर की इस कंपनी ने निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न दिया है। यह कंपनी सोलर एनर्जी सेक्टर में काम करती है। यह कंपनी 10 हजार से ज्यादा सोलर प्रोजेक्ट लगा चुकी है। इस कंपनी के शेयर की कीमत 1418 रुपये है। इसने एक साल में निवेशकों को करीब 322 फीसदी रिटर्न दिया है। वहीं 5 साल में इसका रिटर्न 53000 फीसदी से ज्यादा रहा है।

यह कंपनी सेमीकंडक्टर सेक्टर में काम करती है। कंपनी कई तरह की सेमीकंडक्टर डिवाइस, सेमीकंडक्टर मॉड्यूल आदि बनाती है। इस कंपनी के शेयर की कीमत 3259 रुपये है। पिछले एक साल में इसने 316 फीसदी रिटर्न दिया है। वहीं बात अगर 5 साल की करें तो इसका रिटर्न 8256 फीसदी रहा है।

यह डिफेंस सेक्टर से जुड़ी कंपनी है। यह डिफेंस ट्रेनिंग सिस्टम को डिजाइन, डिवेलप और मैन्युफैक्चर करती है। ये सारे सिस्टम सेंसर जैसी कई तकनीकों से लैस होते हैं। इसके शेयर की कीमत अभी 2160 रुपये है। इसके एक साल में निवेशकों को करीब 183 फीसदी रिटर्न दिया है। वहीं बात अगर 5 साल की करें तो इतने समय में इसने 3800 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है।

# लोन नहीं चुका पाए अंबानी, जिंदल, जेपी समेत कई उद्योगपति

## एनपीए में टॉप 100 डिफॉल्टर की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत से ज्यादा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोन न चुका पाने वालों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। द इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक टॉप 100 डिफॉल्टरों के पास कुल एनपीए का 43 फीसदी हिस्सा है। द इंडियन एक्सप्रेस ने यह जानकारी आईटीआर के माध्यम से जुटाई है। इसमें बताया गया है कि लोन न चुका पाने वालों में मार्च 2019 तक मैन्युफैक्चरिंग, एनर्जी और कंस्ट्रक्शन सेक्टर से जुड़ी कंपनियां सबसे ऊपर हैं।



रिपोर्ट के मुताबिक जिन 100 कंपनियों के पास एनपीए का 43 फीसदी से ज्यादा हिस्सा था, उनमें से 30 उधारकर्ताओं के पास कुल एनपीए का 30 फीसदी से अधिक हिस्सा था। द इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक बैंकों के पास 31 मार्च 2019 तक 9.33 लाख करोड़ रुपये का एनपीए था। यह भारत की बैंकिंग प्रणाली के इतिहास में साल 2018 के बाद दर्ज की गई दूसरी सबसे अधिक खराब ऋण राशि है।

### कितना लोन हुआ एनपीए

रिपोर्ट में बताया गया है कि जिन कंपनियों का लोन एनपीए घोषित किया गया है, उनमें शामिल टॉप 100 कंपनियों के एनपीए 4.02 लाख करोड़ रुपये रहा। यह कुल एनपीए का करीब 43 फीसदी है।

जांच से यह भी पता चलता है कि टॉप 100 बैंक डिफॉल्टर्स पर 31 मार्च 2019 तक कुल 8.44 लाख करोड़ रुपये का कर्ज था और इसमें से लगभग आधे को खराब ऋण या एनपीए घोषित किया गया था। टॉप 100 बैंक डिफॉल्टर्स में प्रमुख उद्योगपतियों की ओर से संचालित विभिन्न क्षेत्रों की बड़ी कंपनियां शामिल हैं।

### लोन डिफॉल्टर्स में तीन सेक्टर सबसे ऊपर

रिपोर्ट के मुताबिक मैन्युफैक्चरिंग, एनर्जी और कंस्ट्रक्शन सेक्टर से जुड़ी लोन न चुका पाने से सबसे ऊपर हैं। इन तीनों सेक्टर की सिर्फ 15 कंपनियों पर इन टॉप 100 कंपनियों के कुल कर्ज का 50 फीसदी (4.58 लाख करोड़ रुपये) से अधिक कर्ज है।

### हर साल बढ़ता गया एनपीए

एनपीए की रकम हर साल बढ़ती गई। रिपोर्ट के मुताबिक 31 मार्च 2015 को कुल एनपीए 3.23 लाख करोड़ रुपये था। यह 31 मार्च 2018 तक बढ़कर 10.36 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो अब तक का सबसे अधिक था। अगले साल इसमें कुछ गिरावट आई।

देश की टॉप डिफॉल्टर कंपनी में अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस भी शामिल है। अलग-अलग सेक्टर के अनुसार टॉप डिफॉल्टर में एनर्जी/पावर से केएसके महानदी पावर कंपनी लिमिटेड, मैन्युफैक्चरिंग से भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड, रियल एस्टेट/कंस्ट्रक्शन से जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड और टेलीकॉम से रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड शामिल हैं।

# रिलायंस में महिला कर्मचारी को मिली बड़ी जिम्मेदारी, मुकेश अंबानी के फैसले की अब हो रही वाहवाही

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुकेश अंबानी ने एक ऐसा कदम उठाया है, जिसके चलते उनकी सोशल मीडिया पर वाहवाही हो रही है। दरअसल, अंबानी ने एक महिला को अपनी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) में अहम जिम्मेदारी सौंपी है। यह पहली बार है जब कंपनी में किसी ऐसे बड़े पद पर परिवार के बाहर के सदस्य को लाया गया है। अंबानी के इस कदम को लेकर उनकी तारीफ हो रही है।




रिलायंस इंडस्ट्रीज ने इरा बिंद्रा को पीपल, लीडरशिप और टैलेंट की नई ग्रुप प्रेसिडेंट नियुक्त किया गया है। वह तेल से लेकर रिटेल कारोबार करने वाली इस कंपनी में टैलेंट मैनेजमेंट के साथ कई जिम्मेदारियां संभालेंगी। वह रिलायंस की कार्यकारी समिति में शामिल होने वाली पहली गैर-पारिवारिक महिला और सबसे कम उम्र की सदस्य हैं।

**कौन हैं इरा बिंद्रा–** इरा बिंद्रा की उम्र 47 साल है। वह अमेरिका में मेडट्रॉनिक कंपनी में एचआर प्रमुख और वाइस प्रेसिडेंट (ग्लोबल रीजन) थीं। इस कंपनी से सीधे उनकी नियुक्ति रिलायंस इंडस्ट्रीज में हुई है। बिंद्रा की नियुक्ति रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने की है।

बिंद्रा इससे पहले दुनिया की कई बड़ी कंपनियों में काम कर चुकी हैं। उन्होंने जीई कैपिटल, जीई इंडिया, जीई हेल्थकेयर और जीई ऑयल एंड गैस जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ काम किया है। वह मई 2018 में मेडट्रॉनिक में शामिल हुईं।

बिंद्रा की पढ़ाई दिल्ली से हुई है। हालांकि हायर एजुकेशन के लिए उन्हें देश से बाहर जाना पड़ा।

## चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के लिए हाइब्रिड मॉडल को लेकर पीसीबी में असंतोष




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत द्वारा सीमा पार जाने से इनकार करने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा 2025 चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी हाइब्रिड प्रारूप में करने के फैसले से संगठन में असंतोष पैदा हो गया है। सूत्रों ने के मुताबिक पाकिस्तान द्वारा इस फैसले को स्वीकार करने के तरीके से कई सदस्य नाखुश हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए हाइब्रिड मॉडल के प्रस्ताव की पुष्टि की है जिसमें भारत दुबई में अपने मैच खेलेगा, जबकि पाकिस्तान बाकी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। मुआवजे के तौर पर पाकिस्तान को कोलंबो में 2026 टी20 विश्व कप में अपने मैच खेलने की अनुमति दी गई है। पाकिस्तान को 2027 के बाद आईसीसी महिला आयोजन की मेजबानी का अधिकार भी दिया गया है।

पीसीबी द्वारा इस फॉर्मूले को स्वीकार करने के साथ ही हाइब्रिड मॉडल को लेकर पीसीबी के भीतर लड़ाई शुरू हो गई है। सूत्रों ने बताया कि कुछ सदस्यों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी को आईसीसी की रणनीति से दूर रहना चाहिए।

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ उन लोगों में से एक हैं जो पीसीएच द्वारा हाइब्रिड मॉडल पर सहमति जताने के तरीके से खुश नहीं हैं। उन्होंने कहा कि 2027 के बाद महिला क्रिकेट टूर्नामेंट की पेशकश करना हाइब्रिड मॉडल में सीटी 2025 की मेजबानी के लिए कोई मुआवजा नहीं है।

## विजय हजारे ट्रॉफी में खेलते नजर आएंगे मोहम्मद शमी, इस टीम में हुए शामिल




**नई दिल्ली(एजेंसी)।** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को आगामी विजय हजारे ट्रॉफी के लिए बंगाल की 20 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। शमी ने हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बंगाल के लिए सभी नौ मैचों में खेलते हुए 7.85 की इकॉनमी से 11 विकेट लिए। टूर्नामेंट के दौरान उनके घुटने में सूजन आ गई जिससे टेस्ट क्रिकेट के लिए उनकी तैयारी में बाधा आई। वह ऑस्ट्रेलिया में चल रही टेस्ट सीरीज के लिए अपनी फिटनेस हासिल करने करने का प्रयास कर रहे है। शमी के अलावा तेज गेंदबाज मुकेश कुमार भी सुदीप कुमार घरामी की अगुवाई वाली बंगाल की टीम का हिस्सा हैं। मुकेश फिलहाल ऑस्ट्रेलिया में तेज गेंदबाजी रिजर्व के तौर पर हैं।

## विश्व शतरंज चैम्पियन भारत के डी गुकेश को फीडे प्रेसिडेंट नें सौंपी ट्रॉफी और स्वर्ण पदक

**सिंगापुर (एजेंसी)।** भारत के डी गुकेश को 18वें विश्व शतरंज चैम्पियन बने हुए अभी करीब 42 घंटे बीत चुके है पर हर भारतीय शतरंज प्रेमी के अंदर उनका विश्व चैम्पियन बनने का लम्हा हर क्षण गूंज रहा है । गुकेश नें आखिरी क्लासिकल मुक़ाबले में चीन के डिंग लीरेन को पराजित करते हुए इतिहास के सबसे युवा विश्व चैम्पियन बनने का गौरव अपने नाम कर लिया । उन्होने सबसे युवा विश्व चैम्पियन बनने का रूस के गैरी कास्पारोव का रिकॉर्ड तीन साल से भी अधिक के अंतर से तोड़ दिया । गुकेश नें आखिरी मैच में कभी कभी खेल को ना रोकने की अपनी इच्छाशक्ति के दम पर जीत हासिल की , डिंग की रक्षात्मक खेल कर टाईब्रेक पर जाने की सोच नें उन्हे अंत में गलती करने पर जैसे मजबूर कर दिया । मैच एक बाद गुकेश नें डिंग की तारीफ करते हुए उन्हे एक योद्धा बताया और दुनिया को यह भी एक संदेश दे दिया की वह सिर्फ एक शानदार शतरंज खिलाड़ी , विश्व चैम्पियन ही नहीं बल्कि एक शानदार इंसान भी है जो अपने विरोधी का भी सम्मान करते है ।

### विमेंस प्रीमियर लीग 2025 मिनी ऑक्शन

# सिमरन शेख को 1.90 करोड़ में गुजरात ने खरीदा

### अनकैप्ड कमलिनी को 16 गुना ज्यादा कीमत मिली

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** विमेंस प्रीमियर लीग 2025 के लिए मिनी ऑक्शन बेंगलुरु में जारी है। मुंबई की ऑलराउंडर सिमरन शेख पर सबसे बड़ी बोली लगी, उन्हें 1.90 करोड़ रुपए में गुजरात जायंट्स ने खरीदा। अनकैप्ड बैटर जी कमलिनी, प्रेमा रावत और वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन की बोली भी एक करोड़ रुपए को पार गई। पहले राउंड में 7 और दूसरे राउंड में 5 प्लेयर्स बिकीं। स्नेह राणा, हीथर नाइट, किम गार्थ और पूनम यादव जैसी बड़ी प्लेयर्स को खरीदार नहीं मिला। ऑक्शन में 124 प्लेयर्स के नाम आएंगे, जिनमें टीमों के पास 19 खिलाड़ियों की जगह ही खाली है। टूर्नामेंट का तीसरा सीजन जनवरी के आखिरी सप्ताह में शुरू होगा।

### बेस प्राइस में बिक गईं 5 खिलाड़ी

**स्कॉटलैंड की बैटर सारा ब्रायस पहली बार विमेंस प्रीमियर लीग खेलेंगी** – सेकेंड राउंड में 5 खिलाड़ी बेस प्राइस में बिक गईं। सारा ब्रायस को दिल्ली, संस्कृति गुप्ता को मुंबई, जोशिथा वीजे को बेंगलुरु ने 10-10 लाख रुपए में खरीदा। युपी वॉरियर्ज ने आरुषी गोयल और क्रांति गौड़ को 10 लाख रुपए की बेस प्राइस में शामिल किया।

**पहले राउंड में 4 प्लेयर्स करोड़पति बनीं** – राउंड-1 में 36 प्लेयर्स के नाम आए, इनमें से 4 की बोली 1 करोड़ रुपए को पार कर गई। सिमरन शेख को 1.90 करोड़ और डिएंड्रा डॉटिन को 1.70 करोड़ रुपए में गुजरात ने खरीदा। वहीं मुंबई ने 1.60 करोड़ रुपए में अनकैप्ड जी कमलिनी को खरीद लिया। बेंगलुरु ने 1.20 करोड़ रुपए में प्रेमा रावत को खरीदा। मुंबई ने फिर 30 लाख रुपए में नदीन डी क्लर्क को भी खरीदा। वहीं दिल्ली कैपिटल्स ने एन चरणी को 55 लाख और नंदिनी कश्यप को 10 लाख रुपए में खरीदा। टीम ने सिमरन शेख, जी कमलिनी और प्रेमा रावत के लिए भी बोली लगाई थी। यूपी वॉरियर्ज ने अब तक कोई प्लेयर नहीं खरीदी।

**प्रेमा रावत भी करोड़पति बनीं** – प्रेमा रावत को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने बेस प्राइस से 12 गुना ज्यादा कीमत देकर खरीद लिया। उनकी बेस प्राइस 10 लाख रुपए थी, बेंगलुरु के अलावा दिल्ली ने भी उनके लिए बोली लगाई। आखिर में आरसीबी ने रावत को 1.20 करोड़ रुपए में खरीद लिया। दिल्ली ने 55 लाख रुपए में एन चरणी को खरीदा।



**सिमरन शेख मिनी ऑक्शन में सबसे महंगी बिकीं** – मुंबई से घरेलू क्रिकेट खेलने वालीं ऑलराउंडर सिमरन शेख मिनी ऑक्शन में सबसे महंगी रहीं। उन्हें गुजरात जायंट्स ने 1.90 करोड़ रुपए में खरीदा। उनकी बेस प्राइस 30 लाख रुपए थी। उनके लिए दिल्ली कैपिटल्स ने भी बोली लगाई, लेकिन गुजरात ने आखिर में बाजी मार ली। दिल्ली ने फिर नंदिनी कश्यप को 10 लाख रुपए में खरीद लिया।

**बेस प्राइस से 16 गुना ज्यादा कीमत में बिकी कमलिनी** - तमिलनाडु की युवा बैटर पहली बार विमेंस प्रीमियर लीग (विमेंस प्रीमियर लीग ) खेलेंगी। तमिलनाडु से खेलने वालीं 16 साल की बैटर जी कमलिनी के लिए मुंबई इंडियंस ने 16 गुना ज्यादा कीमत लगा दी। उनकी बेस प्राइस महज 10 लाख रुपए थी, उन्हें मुंबई ने 1.60 करोड़ रुपए में खरीदा। उनके लिए दिल्ली कैपिटल्स ने भी बोली लगाई थी।

**नदीन डी क्लर्क को मुंबई ने खरीदा** – साउथ अफ्रीका की ऑलराउंडर नदीन डी क्लर्क को बेस प्राइस में ही मुंबई इंडियंस ने खरीद लिया। उनकी शुरुआती कीमत 30 लाख रुपए थी, क्लर्क के लिए मुंबई के अलावा किसी और टीम ने बोली नहीं लगाई।क्लर्क के बाद किम गार्थ, शुभा सतीश, सुष्मा वर्मा, प्रत्यूषा सिंह, तेजल हसबनीस, ओर्ला प्रेंडरगास्ट और एलाना किंग अनसोल्ड हो गईं।

**स्नेह राणा को नहीं मिला खरीदार** – पहले सीजन में गुजरात जायंट्स की कप्तानी करने वालीं स्नेह राणा को तीसरे सीजन में कोई खरीदार नहीं मिला। उनकी बेस प्राइस महज 30 लाख रुपए थी। उनके साथ लौरेन बेल के लिए भी किसी ने बोली नहीं लगाई।

**हीथर नाइट और पूनम यादव अनसोल्ड** – पहले सेट के ऑक्शन में 2 बड़ी प्लेयर्स अनसोल्ड रहीं। इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट और भारत की लेग स्पिनर पूनम यादव को कोई खरीदार नहीं मिला। उनके साथ हीथर ग्राहम, डार्सी ब्राउन, डैनिले गिब्सन, माया बाउचर, सारा ग्लेन और शिनेले हेनरी पर भी किसी टीम ने बोली नहीं लगाई।

**डिएंड्रा डॉटिन बनीं करोड़पति** – वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन का नाम ऑक्शन में सबसे पहले आया। 50 लाख रुपए की बेस प्राइस से उनके लिए यूपी वॉरियर्ज और गुजरात जायंट्स में बिडिंग वॉर होने लगी। उन्हें आखिर में 1.70 करोड़ रुपए में गुजरात ने खरीद लिया।

### सेट–1 में उतरीं 20 खिलाड़ी

लौरेन बेल, माया बाउचर, डार्सी ब्राउन, लौरेन चीटल, नदीन डी क्लर्क, डिएंड्रा डॉटिन, किम गार्थ, डैनिले गिबसन, साराह ग्लेन, हीथर ग्राहम, तेजल हसबनीस, शिनेले हेनरी, एलाना किंग, हीथर नाइट, प्रत्यूशा सी, ओर्ला प्रेंडरग्रास्ट, स्नेह राणा, शुभा सतीश, सुष्मा वर्मा और पूनम यादव का नाम सेट-1 में आया।

# हेड और स्मिथ के शतक, बुमराह के 5 विकेट, ऑस्ट्रेलिया 405/7

**गाबा (एजेंसी)।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की राह में आगे बढ़ने के लिए गाबा के मैदान पर भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें आमने सामने हो चुकी हैं। दोनों टीमों के एक एक बदलाव हुआ है। ऑस्ट्रेलियाई टीम में जहां इन-फॉर्म जोश हेजलवुड की वापसी हो गई है तो वहीं, अश्विन की जगह रविंद्र जडेजा को मौका दिया गया है। टेस्ट के पहले दिन बारिश ने रुकावटें पैदा की। मैच देरी से शुरू हुआ। 14वें ओवर में ऐसी बारिश शुरू हुई कि खेल करवाया ही नहीं जा सका। फिलहाल क्रीज पर उसमान ख्वाजा 19 तो मैकस्वीनी 4 रन बनाकर अविजित हैं। दूसरे दिन ट्रेविड हेड और स्टीव स्मिथ के शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट के नुकसान पर 405 रन बनाकर दिन की समाप्ति की। ओपनरों उस्मान ख्वाजा (21) और नाथन मैकस्वीनी (9) के बाद तीसरे नम्बर पर उतरे मार्नस लाबुशेन (12) जब कुछ कर नहीं पाए तो हेड और स्मिथ ने टीम को वापसी करवाई। भारतीय गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह का एक बार फिर




जलवा देखने को मिला और उन्होंने पारी में 5 विकेट पूरी किएउसमान ख्वाजा और मैकस्वीनी एक बार फिर से ओपनिंग के लिए आए। बुमराह ने शुरूआत से ही कसी हुई गेंदबाजी की लेकिन वह विकेट नहीं निकाल पाए। इस दौरान मोहम्मद सिराज और आकाशदीप ने भी जोर लगाया लेकिन ख्वाजा ने सारे हमले निरस्त कर दिए। बारिश के कारण छठे ओवर में खेल रुका भी था। फिर 14वें ओवर में बारिश होने के बाद मैच शुरू ही नहीं हो पाया।

### मैच से जुड़े महत्वपूर्ण आंकड़े

- सीरीज में जसप्रीत बुमराह का औसत प्रति विकेट 11.25 रन रहा है। भारत के लिए अगला सर्वश्रेष्ठ 19.77 के साथ मोहम्मद सिराज है।
- ट्रैविस हेड का इस सीरीज में औसत 80 और स्ट्राइक रेट 94 है। ऑस्ट्रेलिया के लिए अगला सर्वश्रेष्ठ औसत एलेक्स कैरी (24) का है।
- पैट कमिंस का गाबा में शानदार रिकॉर्ड है। वह 7 टेस्ट मैचों में 18.22 की औसत से 40 विकेट ले चुके हैं।
- गाबा में 2020-21 की प्रसिद्ध जीत से भारत के पास केवल 4 खिलाड़ी हो सकते हैं- रोहित, गिल, पंत और सिराज। यदि वाशिंगटन खेलता है तो यह 5 हो सकते हैं।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

भारत-यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, शुबमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रोहित शर्मा (कप्तान), रवींद्र जडेजा, नितीश कुमार रेड्डी, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप

ऑस्ट्रेलिया - उस्मान ख्वाजा, नाथन मैकस्वीनी, मार्नस लाबुशेन, स्टीवन स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिशेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन, जोश हेजलवुड

## स्टीव स्मिथ ने शतकीय पारी खेलकर बनाया रिकॉर्ड

### मार्क वॉ को पछाड़ा, सचिन-विराट की बराबरी की

**ब्रिसबेन (ऑस्ट्रेलिया) (एजंसी)।** स्टार ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ मार्क वॉ को पीछे छोड़कर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में छठे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। स्मिथ ने ब्रिसबेन में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। स्मिथ ने भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन 190 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से 101 रनों की शानदार पारी खेलकर फॉर्म में वापसी की। यह 25 पारियों में उनका पहला शतक था, जो उनके करियर में तीन अंकों तक पहुंचने से पहले का सबसे लंबा अंतराल था। इससे पहले उनका सबसे लंबा अंतराल 22 पारियों का था जो उनके डेब्यू से लेकर उनके पहले टेस्ट शतक तक का था।



स्मिथ ने 344 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 47.58 की औसत से 16,561 रन बनाए हैं, जिसमें 45 शतक, 80 अर्द्धशतक और 239 का उच्चतम स्कोर शामिल है।

## जसप्रीत बुमराह ने कपिल देव का रिकॉर्ड तोड़ा

### विदेशी परिस्थितियों में भारत के अग्रणी गेंदबाज बने




**ब्रिस्बेन (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 2024 में अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, उन्होंने दो महत्वपूर्ण गेंदबाजी मापदंडों में दिग्गज ऑलराउंडर कपिल देव को पीछे छोड़ दिया जिससे विदेशी परिस्थितियों में भारत के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज के रूप में उनका दावा और मजबूत हो गया।

ब्रिस्बेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन बुमराह ने स्टीव स्मिथ और ट्रैविस हेड के विकेट चटकाए। दोनों शतकवीरों को आउट करते हुए उन्होंने 25 ओवर में 2.90 की इकॉनमी रेट से 5/72 के आंकड़े के साथ दिन का अंत किया। इससे पहले उन्होंने उस्मान ख्वाजा, नाथन मैकस्वीनी और मिशेल मार्श के विकेट भी चटकाए। यह एशिया के बाहर बुमराह का 10वां 5 विकेट हॉल है, जिसने कपिल के एशिया के बाहर 9 पांच विकेट हॉल को पीछे छोड़ दिया।

बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया में तीन, दक्षिण अफ्रीका में तीन और वेस्टइंडीज तथा इंग्लैंड में दो-दो बार 5 विकेट लिए हैं। दूसरी ओर, कपिल ने ऑस्ट्रेलिया में 5, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज में दो-दो बार 5 विकेट लिए हैं। साथ ही, यह बुमराह का (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) परिस्थितियों में 8 पांच विकेट है, जिसने कपिल को एक बार फिर पीछे छोड़ दिया जिनके नाम सेना देशों में 7 बार पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड था।

यह पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड बुमराह को द्वृष्टष्ट विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में तीसरा सबसे ज्यादा पांच विकेट लेने वाला गेंदबाज बनाता है, जो ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस (दोनों ने नौ बार पांच विकेट लिए हैं) के साथ बराबरी पर है। केवल ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन (10) और भारतीय स्पिन दिग्गज रविचंद्रन अश्विन (11) के पास सबसे ज्यादा 5 विकेट लेने का रिकॉर्ड है उन्होंने चार बार 5 विकेट लिए हैं। उन्होंने 12 टेस्ट मैचों में 15.20 की औसत और 6/45 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े के साथ इस साल किसी भी गेंदबाज द्वारा सर्वाधिक 58 विकेट लिए हैं। उन्होंने अपने चारों 5 विकेट टेस्ट मैचों में लिए हैं।

मैच की बात करें तो भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले दिन लगभग 13 ओवर तक कोई विकेट नहीं गिरने के बाद भारत दूसरे दिन तरोताजा होकर लौटा और उस्मान ख्वाजा (54 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 21 रन), नाथन मैकस्वीनी (9) और मार्नस लाबुशेन (12) को जल्दी से आउट कर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 75/3 कर दिया।

## बुमराह के स्पैल से बचकर भाग्यशाली रहा, शतकीय पारी के बाद बोले ट्रैविस हेड

**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** ट्रैविस हेड भारत के खिलाफ एक और शतक जड़कर खुश हैं लेकिन ऑस्ट्रेलिया के इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने माना कि तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन वह जसप्रीत बुमराह के शानदार स्पैल से बचकर भाग्यशाली रहे। हेड ने 152 रन की पारी खेली जो भारत के खिलाफ उनकी पिछली छह पारियों में तीसरा शतक था। उन्होंने शतकवीर स्टीव स्मिथ (101) के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियाई टीम को सात विकेट पर 405 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया।




हेड ने मेजबान प्रसारक से कहा, 'मैं बुमराह के अच्छे स्पैल से बचकर थोड़ा भाग्यशाली रहा। वह शुरुआत में स्टंप के बेस पर गेंद फेंकते हैं। मुझे लगता है कि यह प्रतिक्रिया करने के बारे में है। उनके पास अच्छी बाउंसर है। उनके पास शानदार विकेट लेने वाली गेंदें हैं। मैं मानता हूं कि उनके खिलाफ सकारात्मक रहना महत्वपूर्ण है। इसका मतलब यह नहीं है कि मुझे उनके खिलाफ रन बनाने की जरूरत है बल्कि यह मेरे फॉरवर्ड डिफेंस के साथ सक्रिय रहने के बारे में है।

हेड भारत पर अपना दबदबा बनाए रखने से खुश हैं। उन्होंने पिछले साल ओवल में डब्ल्यूटीसी फाइनल में शतक बनाया था और फिर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में एडिलेड में शतक बनाया था। हेड ने कहा, 'हम भारत के साथ बहुत अधिक खेलते हैं। रन बनाना अच्छा है। इस हफ्ते भी रन बनाना विशेष है। मुझे लगा कि मैंने एडिलेड और पर्थ में अच्छी बल्लेबाजी की।

उन्होंने कहा, 'भारत का सामना करना बहुत चुनौतीपूर्ण हैं। उनके खिलाफ जितना संभव हो उतना सकारात्मक रहना चाहिए। हेड ने स्मिथ की भी प्रशंसा की जिनके साथ उन्होंने चौथे विकेट के लिए 200 से अधिक रन की साझेदारी की और ऑस्ट्रेलिया को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। उन्होंने कहा, 'मैंने हमेशा स्टीव के बारे में इस बात का आनंद लिया है। मैंने महसूस किया है कि जब वह लय में होता है और अच्छी बल्लेबाजी करता है तो मेरी ओर किसी का ध्यान नहीं जाता। मुझे लगा कि वह सही में अच्छा खेल रहा था।

यह 30 वर्षीय खिलाड़ी टेस्ट में अपना पहला दोहरा शतक बनाने के लिए आगे बढ़ रहा था लेकिन वह इस उपलब्धि से चूकने से बहुत दुखी नहीं दिखे। उन्होंने कहा, 'मैं सिर्फ रन बनाने की कोशिश कर रहा हूं। अगर खेल में रन बनाने का मौका मिलता है तो मैं रन बनाना चाहता हूं। मैं यहां मील के पत्थर हासिल करने के लिए नहीं आया हूं, मैं वाकई लड़कों के लिए अच्छा खेलना चाहता हूं। मुझे टीम से लगाव है। मैं जो करता हूं, उसका आनंद लेता हूं। मैं वही करने की कोशिश करता हूं, जिसकी टीम को जरूरत है।

## मोहम्मद इरफान का भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास, इमाद-आमिर भी कर चुके हैं किनारा

करांची (एजेंसी)। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद इरफान ने भी आखिरकार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। 7 फीट लंबे इरफान ने पाकिस्तान के लिए 60 वनडे मुकाबले खेले हैं। उनका वनडे डैब्यू सितंबर 2010 में इंग्लैंड के खिलफ हुआ था। वह पहली बार भारत के सामने दिसंबर 2012 में टी20 मुकाबला खेले थे। उन्हें टेस्ट में भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डैब्यू करने का मौका मिला। उन्होंने संन्यास लेने की घोषणा एक्स पर पोस्ट डालकर की। उन्होंने लिखा- मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। मैं अपने साथियों, कोचों के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूं, आपके प्यार, उत्साहवर्धन और अविस्मरणीय यादों के लिए धन्यवाद। और मैं उस खेल का समर्थन करना और जश्न मनाना जारी रखूंगा जिसने मुझे सबकुछ दिया है। पाकिस्तान जिंदाबाद। इससे पहले पाकिस्तान के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के अपने फैसले की घोषणा की। आमिर ने एक्स पर लिखा- सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद, मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का कठिन निर्णय लिया है। ये निर्णय कभी भी आसान नहीं होते हैं लेकिन अपरिहार्य हैं। मुझे लगता है कि अगली पीढ़ी के लिए कमान संभालने और पाकिस्तान क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का यह सही समय है! अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और हमेशा रहेगा।

## सिराज पर निशाना साधने वालों को गावस्कर का जवाब, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट 'पंडितों' का दोहरा चरित्र दिखाया

**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** भारतीय दिग्गज सुनील गावस्कर ने एडीलेड में दिन रात्रि टेस्ट में ट्रेविस हेड के साथ विवाद में मोहम्मद सिराज पर निशाना साधने को लेकर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट 'पंडितों' के दोहरे चरित्र की आलोचना की है। पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में बाएं हाथ के बल्लेबाज हेड ने शतक पूरा करने के बाद डीप स्क्वायर लेग पर छक्का लगाया जिसके बाद सिराज ने उन्हें बोल्ड कर दिया और ड्रेसिंग रूम की ओर जाने का इशारा किया था।

हेड ने दावा किया कि उन्होंने आउट होने के बाद सिराज से कहा था कि 'अच्छी गेंदबाजी की' लेकिन भारतीय गेंदबाज ने इस दावे से इनकार किया। सिराज पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और हेड को फटकार लगाई गई जबकि दोनों खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एक-एक डिमेरिट अंक भी दिया। गावस्कर ने 'सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' में कटाक्ष करते हुए लिखा, 'सिराज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के 'पंडितों' से कड़ी प्रतिक्रिया मिल रही है। ऐसी प्रतिक्रिया वहीं दे रहे जिन्हें मैदान पर इस तरह के व्यवहार के लिए जाना जाता है।



उन्होंने लिखा, 'इससे ऑस्ट्रेलियाई प्रशंसक नाराज हो सकते हैं कि सिराज ने शानदार शतक बनाने वाले स्थानीय खिलाड़ी को आक्रामक इशारा किया। गावस्कर ने दोहरे चरित्र पर कटाक्ष किया कि कैसे यही लोग अपने खिलाड़ियों के असभ्य व्यवहार का समर्थन करते हैं। उन्होंने लिखा, 'यह लोग हालांकि अगले सत्र में की एशेज के दौरान ऑस्ट्रेलिया के किसी तेज गेंदबाज की इंग्लैंड के बल्लेबाज के खिलाफ इस तरह की हरकत का समर्थन करेंगे। मीडिया में कुछ सुझाव थे कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों को को फिर से पहले की तरह बेहद आक्रामक रवैया अपनाना चाहिए।

गावस्कर हालांकि सिराज के गुस्से से आश्चर्यचकित थे क्योंकि आईपीएल ने खिलाड़ियों के बीच कटुता को कम कर दिया था। उन्होंने कहा, 'सिराज का गुस्सा आश्चर्यजनक था क्योंकि इंडियन प्रीमियर लीग ने ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेटरों और कोचों को करोड़पति बनाने के अलावा एक काम किया है और वह काम है पहले से मौजूद कटुता को काफी हद तक कम करना।%

## संक्षिप्त खबरें

### चार साल के अंतराल के बाद आज से रूस-चीन के बीच शुरू होगी रेल सेवा

बीजिंग। चार साल के अंतराल के बाद रूस और चीन के बीच यात्री ट्रेनें रविवार से फिर से चलेंगी। रूस के रेलवे ने बताया कि कोरोनावायरस महामारी के कारण 2020 में देशों के बीच यात्री यातायात को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया था। रूसी रेलवे 15 दिसंबर से 2027 तक तीन साल के लिए एक नया ट्रेन शेड्यूल पेश करेगा। उसी तारीख से चीन के रेलवे द्वारा बनाई गई अंतरराष्ट्रीय ट्रेन नंबर 402/401 सुइफेनहे-ग्रोडेकोवो का फिर से परिचालन शुरू हो जाएगा। ट्रेन रोजाना चलेगी, इसकी यात्रा का समय लगभग डेढ़ घंटा है। रूसी रेलवे की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार, ट्रेन में केवल सीटों वाली गाड़ियाँ हैं।

### न्यूयॉर्क में रहस्यमय ड्रोन से हवाई अड्डे पर परिचालन बाधित

न्यूयॉर्क। अमेरिका के न्यूयार्क में अज्ञात ड्रोनों के कारण स्टीवर्ट हवाईअड्डे पर परिचालन बाधित हो गया है और रहस्यमय ड्रोनों की वजह से स्थिति लोग दहशत में हैं। गवर्नर कैथी होचुल ने कहा कि कई सप्ताह से ऐसी घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने एक बयान में कहा, ह्लकल रात हवाई क्षेत्र में ड्रोन गतिविधि के कारण स्टीवर्ट एयरफील्ड के रनवे को लगभग एक घंटे के लिए बंद कर दिया गया था। अब बात बहुत आगे बढ़ गयी है।ह्व उन्होंने घटना के बीच संघीय सहायता की भी मांग की। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने पहले कहा था कि उसे कई हफ्तों से राज्य में ड्रोन समूहों के बारे में जनता से जानकारी मिल रही थी। स्थानीय अधिकारी मांग कर रहे हैं कि संघीय एजेंसियां इस बात पर गौर करें कि क्या हो रहा है, क्योंकि यह राज्य सैन्य और बुनियादी सुविधाओं और यहां तक कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति-चुनाव डोनाल्ड ट्रम्प का घर है और ड्रोन कथित तौर पर निगरानी रखते ही गायब हो जाते हैं।

### फैशन टाइकून इसाक एंडिक की मौत, गहरी खाई में गिर गए थे

बार्सिलोना। स्पेन की दिग्गज फैशन कंपनी मैंगो के संस्थापक इसाक एंडिक की दुर्घटना में मौत हो गई। कंपनी की तरफ शनिवार को इसकी घोषणा की। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने मैंगो संस्थापक के निधन पर शोक व्यक्त किया।71 वर्षीय एंडिक, बार्सिलोना के पास कोलबैटो गुफा इलाके में पैदल यात्रा के दौरान फिसल कर गहरी खाई में गिर गए। मैंगो के सीईओ टोनी रुइज ने एक बयान में कहा- एंडिक के निधन से बहुत बड़ा शून्य पैदा हो गया है। उन्होंने अपना जीवन मैंगो को समर्पित कर दिया। फोर्ब्स में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में काम करने वाले एंडिक की कुल संपत्ति 4.5 बिलियन डॉलर थी। उन्होंने 1984 में स्पेन के बार्सिलोना में मैंगो ब्रांड की स्थापना की। मैंगो यूरोप के टॉप फैशन ग्रुप में से एक है। मैंगो इसाक एंडिक इस्तांबुल में जन्मे थे और उन्होंने फैशन साम्राज्य मैंगो की स्थापना की थी।

### थाईलैंड में वार्षिक उत्सव में बम विस्फोट, तीन की मौत, 39 लोग घायल

बैंकॉक। थाईलैंड में एक वार्षिक उत्सव में हुए बम विस्फोट में तीन की मौत हो गई। 39 लोग घायल हो गए। पीएम पैतोंगटार्न शिनवात्रा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इस विस्फोट में मृतकों और घायलों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पैतोंगटार्न ने पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को घटना की जांच करने, अपराधियों को पकड़ने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने का आदेश दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों को आगामी सभी त्योहारों पर सुरक्षा उपाय बढ़ाने का निर्देश दिया गया है।

### राष्ट्रपति की हालत में सुधार, जल्द मिल सकती है अस्पताल से छुट्टी

साओ पाउलो। ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला डा सिल्वा दिमाग के ऑपरेशन के बाद अब ठीक स्थित में है। यह जानकारी एक मेडिकल बुलेटिन में दी गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, 79 वर्षीय राष्ट्रपति डा सिल्वा साओ पाउलो के सिरियो-लिबानेस अस्पताल में सामान्य रूप से खाना खा रहे हैं और चल-फिर रहे हैं। उनके खून के कुछ टेस्ट किए जाएंगे। लेकिन, कोई और टेस्ट अब बाकी नहीं है। डॉक्टरों के अनुसार, राष्ट्रपति की हालत में सुधार हो रहा है और उम्मीद है कि उन्हें अगले सप्ताह काम पर लौटने के लिए जल्द छुट्टी दे दी जाएगी। शुक्रवार को राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें वे अस्पताल के हॉल में टहलते, डॉक्टर से बात करते और अपनी पत्नी रोसेंजेला डा सिल्वा से बातचीत करते नजर आ रहे हैं।

# सीरिया में जो हो रहा है उसमें हम हस्तक्षेप नहीं करेंगे : इजरायली सैन्य प्रमुख

प्रात : किरण/ एजेंसी

यरूशलेम। इजरायल के सैन्य प्रमुख हरजी हलेवी ने कहा है कि उनका देश सीरिया में हस्तक्षेप नहीं करेगा। लेकिन, उनका ध्यान इजरायल के कब्जे वाले गोलान हाइट्स में आतंकवादी तत्वों को अपनी जड़ें जमाने से रोकने पर रहेगा। वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ स्थिति का आकलन करने के लिए गोलान हाइट्स का दौरा करने वाली हलेवी को शनिवार को एक वीडियो में कमांडरों से बात करते हुए देखा गया। उन्होंने कहा कि इजरायल पिछले लगभग एक हफ्ते से गोलान हाइट्स और माउंट हर्मन में सीमा की रक्षा के लिए मौजूद है। उन्होंने कहा, यहां एक शत्रुतापूर्ण देश था जिसकी सेना हार चुकी है। खतरा है कि आतंकवादी तत्व यहां आ सकते हैं, और हम उन्हें यहां बसने से रोकने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

हलेवी ने दोहराया कि इजरायल सीरिया में जो हो रहा है उसमें दखल नहीं दे रहा है और उसका सीरिया को नियंत्रित करने का कोई इरादा नहीं है। यह टिप्पणी बशर अल-असद की सरकार के पतन के बाद इजरायल-सीरिया के रिश्तों को लेकर



हयात तहरीर अल-शाम समूह के नेता अहमद अल-शरा के बयान के बाद की गई। अल-शरा ने कहा कि उनका इजरायल के साथ संघर्ष में शामिल होने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि इजरायल के पास सीरिया में अपने हमले और दखल देने का अब कोई कारण नहीं है। यह टिप्पणियां इजरायल द्वारा संयुक्त राष्ट्र-निगरानी वाले बफर जोन पर कब्जा करने के बाद आई हैं। ये 1974 से ही सैन्य रहित क्षेत्र के रूप में चिन्हित है। इजरायली सेना ने सीरियाई सेना की एक चौकी पर कब्जा कर लिया है और माउंट हर्मन के शिखर पर सैनिकों को तैनात कर दिया है, जो क्षेत्र का सबसे ऊंचा स्थान है। इजरायली अधिकारियों के मुताबिक, इजरायली हवाई हमले सीरिया भर में सेना की संपत्तियों को निशाना बना रहे हैं। इजरायल की सैन्य कार्रवाइयों की क्षेत्रीय देशों ने आलोचना की है और सीरिया की संप्रभुता का सम्मान करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की है। इजरायल ने कहा है कि उसका सीरिया में कदम बफर जोन तक ही सीमित है और यह कोई स्थायी कब्जा नहीं है, लेकिन इजरायली मीडिया ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि सेना लंबे समय तक बफर जोन में रह सकती है। 1967 के मध्य पूर्व युद्ध के बाद इजरायल पहले ही गोलान हाइट्स पर कब्जा कर चुका है, जिसे अधिकांश अंतर्राष्ट्रीय समुदाय सीरिया का इलाका मानता है और इजरायल द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया क्षेत्र मानता है।

# अमेरिकी रिपब्लिकन 'डेलाइट सेविंग टाइम' को रद्द करने के लिए दबाव डालेंगे : ट्रम्प

**ट्रम्प ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, रिपब्लिकन पार्टी डेलाइट सेविंग टाइम को खत्म करने के लिए अपने सर्वोत्तम प्रयासों का उपयोग करेगी, जिसका एक छोटा, लेकिन मजबूत निर्वाचन क्षेत्र है। ऐसा नहीं होना चाहिए! डेलाइट सेविंग टाइम असुविधाजनक है, और हमारे राष्ट्र के लिए बहुत महंगा है।**

प्रात : किरण/ एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिकी रिपब्लिकन पार्टी डेलाइट सेविंग टाइम (डीएसटी) को खत्म करने की कोशिश करेगी, जो बहुत महंगा है। श्री ट्रम्प ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, रिपब्लिकन पार्टी डेलाइट सेविंग टाइम को खत्म करने के लिए अपने सर्वोत्तम प्रयासों का उपयोग करेगी, जिसका एक छोटा, लेकिन मजबूत निर्वाचन क्षेत्र है। ऐसा नहीं होना चाहिए! डेलाइट सेविंग टाइम असुविधाजनक है, और हमारे राष्ट्र के लिए बहुत महंगा है।



उल्लेखनीय है कि श्री ट्रम्प पांच नवंबर को हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल की थी। इससे पहले वह 2017-2021 तक राष्ट्रपति रहे थे। इस जीत के साथ ही श्री ट्रम्प 19वीं सदी के बाद से चार साल के अंतराल के बाद दोबार राष्ट्रपति बनने वाले पहले अमेरिकी राजनेता बन गए। अब राज्यों के निर्वाचक मंडल को 17 दिसंबर को मतदाताओं की इच्छा के अनुसार उम्मीदवारों के लिए मतदान करना होगा, और नयी कांग्रेस 06 जनवरी को मतदान के परिणामों को मंजूरी देगी। शपथ ग्रहण 20 जनवरी को होगा।उल्लेखनीय है कि अमेरिका के अधिकांश भाग में डीएसटी का पालन किया जाता है, जिसमें दिन बड़ा होने पर घड़ी की सुई एक घंटा आगे कर दी जाती है, ताकि दिन के प्रकाश का अधिक इस्तेमाल किया जा सके। यहां पर 1966 के यूनिफॉर्म टाइम एक्ट ने डेलाइट सेविंग टाइम का पालन करने वाले राज्यों के लिए नियमों का एक समान सेट स्थापित किया।

डेलाइट सेविंग टाइम को अपनाने के पीछे मकसद है कि दिन के उजाले का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाया जा सके। इससे कृत्रिम प्रकाश की जरूरत कम होती है और ईंधन की बचत होती है। डेलाइट सेविंग टाइम मार्च के दूसरे रविवार को शुरू होता है और नवंबर के पहले रविवार को समाप्त होता है, जिसमें स्थानीय समयानुसार 2:00 बजे समय परिवर्तन होता है और घड़ी की सुई एक घंटा आगे बढ़ा दी जाती है। इसका मुख्य उद्देश्य ऊर्जा संरक्षण करना है।

## तूफान के कारण बर्फ से ढके आयोवा और पूर्वी नेब्रास्का; सैन फ्रांसिस्को के लिए चेतावनी जारी

प्रात : किरण/ एजेंसी

ओमाहा,एजेंसी। अमेरिका के आयोवा एवं पूर्वी नेब्रास्का में बर्फीले तूफान के कारण सड़कों पर बर्फ जम गई और कई वाहनों के फिसलने की घटनाओं के कारण इंटरस्टेट 80 राजमार्ग को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा।क्षेत्र में आयोजित होने वाले कई कार्यक्रम शुक्रवार शाम को बर्फीले तूफान की दस्तक के बाद रद्द करने पड़े।

पूर्वी नेब्रास्का में सड़कों पर जमी बर्फ के कारण हुई एक दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई। वाशिंगटन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने बताया कि 57 वर्षीय महिला हाईवे-30 पर अपने वाहन पर से नियंत्रण खो बैठी और सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। ट्रक के चालक को मामूली चोटें आई हैं। अन्य स्थानों पर 96 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलने के कारण



सैन फ्रांसिस्को में तूफान की पहली बार चेतावनी जारी की गई। मौसम विभाग के अनुसार, सैन फ्रांसिस्को में तेज हवाओं के कारण कार और सड़कों पर कुछ पेड़ गिर गए। सैन फ्रांसिस्को में 2005 के बाद से कोई तूफान नहीं आया है। कैलिफोर्निया के मोंटेरे में मौसम विभाग के कार्यालय में मौसम विज्ञानी रोजर गैस ने कहा, यह सैन फ्रांसिस्को में संभावित तूफान की पहली चेतावनी है। मेरा मानना है कि 2005 में चेतावनी के लिए रडार पर कोई स्पष्ट संकेत नहीं था।

## लोगों को गायब किए जाने के पीछे अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना का हाथ: बांग्लादेश आयोग

प्रात : किरण/ एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार द्वारा गठित जांच आयोग ने अपनी अनंतिम रिपोर्ट में कहा है कि उसे लोगों को कथित रूप से गायब किए जाने की घटनाओं में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की संलिप्तता का पता चला है। लोगों के लापता होने की घटनाओं की जांच के लिए गठित आयोग ने अनुमान लगाया है कि ऐसे मामलों की संख्या 3,500 से अधिक है। कार्यवाहक प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस के मुख्य सलाहकार (सीए) के कार्यालय की प्रेस शाखा ने शनिवार रात एक बयान में कहा, ह्लह्लआयोग को इस बात के सबूत मिले हैं कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के निर्देश पर लोगों को गायब किया गया। इसमें कहा गया है कि अपदस्थ प्रधानमंत्री के रक्षा सलाहकार मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) तारिक अहमद सिद्दीकी, राष्ट्रीय दूरसंचार निगरानी केंद्र के पूर्व महानिदेशक और बर्खास्त मेजर जनरल जियाउल अहसन, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मोनिरुल इस्लाम एवं मोहम्मद हारुन-ओर-रशीद और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इन घटनाओं में शामिल पाए गए। सेना और पुलिस के ये सभी पूर्व अधिकारी फरार हैं। ऐसा माना जा रहा है कि वे छात्रों के नेतृत्व वाले विद्रोह के



बाद पांच अगस्त को हसीना की अवामी लीग सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद देश से बाहर चले गए थे। लोगों को गायब किए जाने की घटनाओं की जांच करने वाले पांच सदस्यीय आयोग ने शनिवार देर रात मुख्य सलाहकार को उनके आधिकारिक आवास यमुना पर सत्य का खुलासा शीर्षक से अपनी अंतरिम रिपोर्ट सौंपी जिसके बाद यह बयान जारी किया गया। बयान के अनुसार, आयोग के अध्यक्ष एवं उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश मैनुल इस्लाम चौधरी ने यूनुस को बताया कि जांच के दौरान उन्हें एक व्यवस्थित तरीके की जानकारी मिली जिसके कारण इन घटनाओं का पता नहीं चल सका। चौधरी ने कहा, लोगों को गायब करने या न्यायेतर हत्या करने वाले व्यक्तियों को भी पीड़ितों की जानकारी नहीं होती थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि पुलिस की विशिष्ट अपराध-विरोधी रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसी ने लोगों को जबरन ले जाने, उन्हें प्रताड़ित करने और हिरासत में रखने की घटनाओं को अंजाम देने के लिए एक-दूसरे के साथ मिलकर काम किया। आरएबी में सेना, नौसेना, वायु सेना और पुलिस के लोग शामिल होते हैं।आयोग ने आतंकवाद रोधी अधिनियम, 2009 को खत्म करने या उसमें व्यापक संशोधन करने के साथ-साथ आरएबी को खत्म करने का प्रस्ताव भी रखा। मानवाधिकार कार्यकर्ता और आयोग के सदस्य सज्जाद हुसैन ने कहा कि उन्होंने इस तरह की घटनाओं के कारण लोगों के लापता होने की 1,676 शिकायतें दर्ज की हैं और अब तक उनमें से 758 मामलों की जांच की है। इनमें से 200 लोग या 27 प्रतिशत पीड़ित कभी वापस नहीं लौटे और जो वापस लौटे, उनमें से अधिकतर को रिकॉर्ड में गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के तौर पर दिखाया गया है। आयोग में अध्यक्ष के अलावा न्यायमूर्ति फरीद अहमद शिबली, मानवाधिकार कार्यकर्ता नूर खान, निजी बीआरएसी विश्वविद्यालय की शिक्षिका नबीला इदरीस और मानवाधिकार कार्यकर्ता सज्जाद हुसैन भी आयोग में शामिल हैं। इससे पहले, आयोग ने एक संवाददाता सम्मेलन में घोषणा की कि उसे ढाका और उसके बाहरी इलाकों में आठ गुप्त हिरासत केंद्र मिले हैं। आयोग के अध्यक्ष ने शनिवार को यूनुस को बताया कि वह मार्च में एक और अंतरिम रिपोर्ट पेश करेंगे तथा सभी आरोपों की जांच पूरी करने के लिए उन्हें कम से कम एक और वर्ष की आवश्यकता होगी। टीवी चैनलों और सोशल मीडिया पर उन पीड़ितों के साक्षात्कार प्रसारित किए गए जिन्हें कथित रूप से गायब किया गया था। इन पीड़ितों में हसीना के शासन का सक्रिय रूप से विरोध करने वाले विपक्ष के कार्यकर्ता और पूर्व सैन्य अधिकारी शामिल हैं।

## यूनान में नौका डूबने से पांच शरणार्थियों की मौत, कई लापता

प्रात : किरण/ एजेंसी

एथेंस। ग्रीस में क्रेते द्वीप के दक्षिण में शरणार्थियों को ले जा रही नौका डूबने से पांच लोगों की मौत हो गई वहीं कई लोग लापता हैं।तट रक्षक बल ने बताया कि चार खोज एवं बचाव अभियानों में 200 से अधिक लोगों को बचाया गया। तट रक्षक बल के अनुसार चार अभियान शुक्रवार देर रात शुरू हुए जिसमें से एक अब भी जारी है।

क्रेते के दक्षिण में गावडोस द्वीप के पास नौका डूबने की अलग-अलग घटनाओं के बारे में सूचना मिलने के बाद तीन अभियान शुरू किए गए जिनमें से एक अब भी जारी है और चौथा अभियान दक्षिणी पेलोपोनिज क्षेत्र में शुरू किया गया। तट रक्षक बल ने बताया कि तलाश अभियान में 39 लोगों को बचा लिया गया है और



उन्हें क्रेते ले जाया गया। इस दौरान जलक्षेत्र से पांच शव बरामद किए गए। सुरक्षित बचाए गए लोगों ने बताया कि उनकी नौका में बड़ी संख्या में लोग सवार थे। तट रक्षक बल ने बताया कि कुल नौ जहाज शनिवार को भी बचाव कार्य में लगे हुए हैं साथ ही दो हेलीकॉप्टर की भी बचाव कार्य में मदद ली जा रही है। गावडोस के तट पर अन्य दो अभियानों में क्रमशः 47 और 89 लोगों को बचाया गया। ये अभियान पूरे हो चुके हैं। वहीं पेलोपोनिज से 28 शरणार्थियों को बचाया गया।

## वेस्ट बैंक पर सुरक्षा बलों के साथ झड़प में मारा गया फिलिस्तीनी आतंकवादी

रामल्लाह,एजेंसी। उत्तरी पश्चिमी तट के जेनिन शरणार्थी शिविर में फिलिस्तीनी सुरक्षा बलों और सशस्त्र फिलिस्तीनी गुटों के बीच झड़प हुई। एक चिकित्सा सूत्र ने बताया कि इस झड़प में एक आतंकवादी मारा गया और कई अन्य घायल हो गए। नाम न छापने की शर्त पर सूत्र ने बताया है,फिलिस्तीनी सुरक्षा बलों ने शनिवार को शरणार्थी शिविर की घेराबंदी कर ली, जिसके बाद इस्लामिक जिहाद आंदोलन के जेनिन ब्रिगेडह्व और अन्य फिलिस्तीनी गुटों से जुड़े आतंकवादियों ने 5 दिसंबर को फिलिस्तीनी प्राधिकरण के दो वाहनों को जब्त कर लिया। शिविर में आतंकवादियों और फिलिस्तीनी सुरक्षा बलों के बीच संघर्ष के दौरान, सुरक्षा बलों की गोलियों से एक आतंकवादी मारा गया, जबकि कई अन्य घायल हो गए। कहा जा रहा है कि फिलिस्तीनी सुरक्षा बलों के पांच सदस्य भी घायल हुए हैं। फिलिस्तीनी सुरक्षा बलों के प्रवक्ता अनवर रजब ने एक बयान में पुष्टि की है कि बलों ने सार्वजनिक सुरक्षा बनाए रखने के लिए जेनिन में अभियान शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत जेनिन शिविर को बचाना है। क्योंकि यहां पर जिस तरह से हिंसा हुई है उससे नागरिकों का दैनिक जीवन बाधित हुआ है और उन्हें स्वतंत्र और सुरक्षित रूप से सार्वजनिक सेवाएं प्राप्त करने के उनके अधिकार से वंचित किया है। फिलिस्तीनी उग्रवादी समूह हमास, जो एक वर्ष से अधिक समय से गाजा में इजरायली सेना से लड़ रहा है, उसने जेनिन ऑपरेशन के लिए फिलिस्तीनी प्राधिकरण (पीए) की निंदा की और उसके सहयोगी समूह इस्लामिक जिहाद ने एक दिन के विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया। चिकित्सा सूत्र ने बताया कि शनिवार को जेनिन के इब्न सिना अस्पताल में एक शव लाया गया था।

## यूक्रेन ने रूस पर लगाया, पावर ग्रिड को निशाना बनाने का आरोप

मास्को, एजेंसी। रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष के बीच रूसी सेना ने कीव पर बड़ा हवाई हमला किया। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री हरमन हालुशचेंको ने यूक्रेनी पावर ग्रिड को निशाना बनाने का आरोप लगाकर कहा कि दुश्मन अपना आतंक जारी रखे हुए है। यूक्रेनी वायु सेना ने बताया है कि रूस ने यूक्रेन के पश्चिमी क्षेत्रों के खिलाफ हवा से प्रक्षेपित बैलिस्टिक किंजल मिसाइलों का इस्तेमाल किया है, उन्होंने कहा कि यूक्रेन में कई स्ट्राइक ड्रोन लांच किए गए, जिसके बाद देश के हवाई क्षेत्र में क्रूज मिसाइलों के झुंड आए। क्रेमलिन का लक्ष्य सर्दी शुरू होते ही देश की बिजली उत्पादन क्षमता को खत्म करना है। फरवरी 2022 में अपना आक्रमण शुरू करने के बाद से, रूस ने यूक्रेन की बिजली प्रणाली पर लगातार हमला किया है।

**सवाल** व्यापक जासूसी क्षमताओं वाली सरकार, जो दूर-दराज के स्थानों पर अधिकारियों और व्यापारियों के बीच होने वाली बातचीत को भी जानने का दावा करती है...

# अमेरिकी आकाश में 'रहस्यमयी' ड्रोन ! क्यों उठ रहे बाइडेन प्रशासन पर सवाल

**पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में एक महीने से भी ज्यादा समय से ड्रोन का आतंक मचा हुआ है। आसमान में उड़ते इन ड्रोन का न सिर्फ जासूसी कर सकता है, बल्कि आतंकवादी गतिविधियों के लिए भी इसका इस्तेमाल हो सकता है। व्यापक जासूसी क्षमताओं वाली सरकार, जो दूर-दराज के स्थानों पर अधिकारियों और व्यापारियों के बीच होने वाली बातचीत को भी जानने का दावा करती है।**

नई दिल्ली, एजेंसी

न्यूयॉर्क। अमेरिकी में रहस्यमयी ड्रोन का मुद्दा गमार्ता जा रहा है। इस मामले में राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन के नजरिए से कई जनप्रतिनिधी न सिर्फ नाखुश हैं बल्कि गंभीर सवाल भी खड़े कर रहे हैं। वे इस मुद्दे पर कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के प्रवक्ता ने शनिवार रात को रिपोर्ट की पुष्टि की कि न्यू जर्सी में दो सैन्य प्रतिष्ठानों के ऊपर ड्रोन देखे गए। हालांकि उन्होंने कहा, हमें नहीं पता कि यह गतिविधि क्या है। हमें नहीं जानते कि यह आपराधिक है या नहीं। लेकिन मैं आपको बता दूं कि यह गैरजिम्मेदाराना है। पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में एक महीने से भी ज्यादा समय से ड्रोन का आतंक मचा हुआ है। आसमान में उड़ते इन ड्रोन का न सिर्फ जासूसी कर सकता है, बल्कि आतंकवादी गतिविधियों के लिए भी इसका इस्तेमाल हो सकता है। व्यापक जासूसी क्षमताओं वाली सरकार, जो दूर-दराज के स्थानों पर अधिकारियों और व्यापारियों के बीच होने वाली बातचीत को भी जानने का दावा करती है, वह अपनी राजधानी से 325 किलोमीटर दूर के क्षेत्र में ड्रोन के रहस्य को नहीं सुलझा पा रही है। नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया, पूरे देश में रहस्यमयी ड्रोन देखे गए। क्या यह वास्तव में हमारी सरकार की जानकारी के बिना हो सकता है। मुझे ऐसा नहीं लगता! जनता को बताइए, और अभी। नहीं तो उन्हें मार गिराइए!!! डेमोक्रेट न्यू जर्सी के गवर्नर फिल मर्फी ने बाइडेन को लिखा कि उनके राज्य के निवासियों को इन मानवरहित



विमान प्रणाली के देखे जाने के बारे में अधिक ठोस जानकारी मिलनी चाहिए। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और अन्य अधिकारियों के पहले के बयानों को दोहराते हुए, ज्वाइंट चीफ के प्रवक्ता ने जोर देकर कहा कि उनके पास कोई खुफिया जानकारी या अवलोकन नहीं है जो ड्रोन को किसी विदेशी लिंक से जोड़ता हो या यह दिखाता हो कि ह्यउनका दुर्भावनापूर्ण इरादा था। हालांकि प्रवक्ता ने अन्य अधिकारियों की तरह स्पष्ट रूप से स्वीकार किया, हमें नहीं पता।

हम ऑपरेटरों या प्वाइंट ऑफ ऑरिजन का पता लगाने या उनकी पहचान करने में सक्षम नहीं हैं। संघीय सरकार की निष्क्रियता से निराश न्यूयॉर्क की डेमोक्रेटिक गवर्नर कैथी होचुल ने कहा, यह बहुत आगे बढ़ गया है। दरअसल वर्तमान कानूनों के तहत, केवल संघीय सरकार ही ड्रोन के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। होचुल और कई अन्य लोग राज्य और स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए ऐसे ही अधिकारों की मांग कर रहे हैं। न्यू जर्सी से प्रतिनिधि सभा के रिपब्लिकन सदस्य क्रिस स्मिथ, जिन्होंने ड्रोन देखे जाने की कई घटनाओं की जानकारी दी है, ने घोषणा की कि वे इसके लिए कानून पेश करेंगे। होचुल ने खुलासा किया कि शुक्रवार रात को एक ड्रोन ने लगभग एक घंटे के लिए स्टीवर्ट एयरपोर्ट के रनवे को भी ब्लॉक कर दिया, जिस बेस पर विशाल सी-17 ग्लोबमास्टर सैन्य विमान स्थित हैं। उनकी पार्टी और रिपब्लिकन के सदस्यों ने ड्रोन के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।कनेक्टिकट के डेमोक्रेट सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने कहा, यदि जरूरी हो तो उन्हें मार गिराया जाना चाहिए, क्योंकि वे संवेदनशील क्षेत्रों के ऊपर उड़ रहे हैं। ड्रोन की बढ़ती संख्या ने एक चीनी जासूसी गुब्बारे की याद दिला दी, जो पिछले साल अमेरिका में संवेदनशील जगहों के ऊपर एक सप्ताह तक घूमता रहा तब कहीं जाकर बाइडेन प्रशासन ने कार्रवाई की। सदन के एक अन्य रिपब्लिकन सदस्य जेफ वान ड्रू ने दावा किया कि ड्रोन न्यू जर्सी तट से दूर एक ईरानी मदर शिप से आ रहे थे। लेकिन डिप्टी पेंटागन प्रवक्ता सबरीना सिंह ने कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका के तट पर कोई ईरानी जहाज नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि ड्रोन के पीछे कोई विदेशी शक्ति था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129